राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़

11 लोगों ने मेरा बोरिया बिस्तर...

इमरान ने अमेरिकी राजनयिक... 12

वर्ष : 10 | अंक : 10 | पटना, बुधवार, 25 मई, 2022 | वैशाख शुक्ल, दशमी, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 35.0°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

मौसम विभाग के अनुसार गर्मी से मिलेगी राहत, आंधी-तुफान व छिटपुट बौछारों के आसार

पोल

पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ कार्रवाई उचित है?

हां	60%
नहीं	30%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	52,825
चांदी	61,600
संसेक्स	54,052
निफ्टी	16,125

संक्षिप्त खबर

नवगछिया व वैशाली को गोल्ड कप बॉल बैडमिंटन का खिताब

पटना। बिहार राज्य बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में सहुरिया, सहरसा में सम्पन्न हुयी चौथी बिहार राज्य गोल्ड कप बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग के फाइनल मुकाबले में नवगछिया ने पुलिस एकेडमी पटना को 35-30, 35-28 से जबकि महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में गत विजेता वैशाली ने बेगूसराय को 35-29,35-10 से हराकर विजेता बन अपनी बादशाहत कायम रखी। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में बेगूसराय व पटना को तथा महिला वर्ग में दरभंगा व पूर्वी चम्पारण को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। पुरूष वर्ग में प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार अविनाश कुमार (नवगछिया) व महिला वर्ग में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रिया सिंह (वैशाली) को मिला।

सुशील मोदी ने शिवानंद तिवारी पर कसा तंज

पटना। पूर्व उपमुख्यमंत्री सम्प्रति राज्य सभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी जी ने कम से कम यह स्वीकार तो किया कि ललन सिंह जी के साथ मिलकर लालू जी के नौकरी के बदले जमीन घोटाले का उन्होंने ही पदार्फाश किया था और तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से मिलकर सीबीआई जांच की मांग की थी। उन्होंने पहले यह भी स्वीकार किया था कि उनकी पीआईएल पर ही पटना हाईकोर्ट ने चारा घोटाले की सीबीआई जांच का आदेश दिया था, जिसके पांच मामलों में लालू जी को सजा हो चुकी है।

सीएम के सामने हाथीदह गंगा घाट से गंगाजल को अपलिफ्ट कर मोतनाजे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में कराया गया फ्लो

नवादा, राजगीर, गया व बोधगया में सालों भर मिलेगा गंगा का जल : नीतीश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी गंगाजल आपूर्ति योजना का नवादा जिले के नारदीगंज प्रखंड के डोहड़ा पंचायत स्थित मोतनाजे ग्राम में तथा नालंदा जिले में राजगीर रिजरवायर का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने नवादा के मोतनाजे में नवनिर्मित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, डिटेंशन टैंक पंप हाउस, क्लोरीन हाउस, फिल्टर बेड, यूटिलिटी बिल्डिंग, कैरली फ्लोक्कुलेटर, केमिकल हाउस, स्लैग बेल, वाश वाटर टैंक एवं नालंदा के राजगीर रिजरवायर और इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, आईटी सिटी पार्ट-1 एवं राजगीर फिल्म सिटी का स्थलीय निरीक्षण किया मुख्यमंत्री की उपस्थिति में मोकामा के हाथीदह गंगा घाट से गंगाजल को अपलिफ्ट कर मोतनाजे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में ट्रायल के तौर पर फ्लो कराया गया।

मुख्यमंत्री सहित सभी उपस्थित लोगों ने गंगाजल आपूर्ति योजना के सफल ट्रायल पर ताली बजाकर प्रसन्नता जाहिर की। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मोतनाजे से ही गंगाजल की आपूर्ति राजगीर, नवादा, गया और बोधगया में जानी है, यह कॉमन प्लेस है। नवादा शहर के पास गंगाजल को स्टोर कर प्यूरीफाई करने के बाद लोगों के घरों तक शुद्ध पेयजल नवादा, राजगीर गया एवं बोधगया के लोगों को सालो भर आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए बरसात के चार महीने तक गंगा नदी से वाटर अपलिफ्ट कर वर्ष के शेष आठ महीने जलापूर्ति हेतु पर्याप्त मात्रा में पानी को स्टोर किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय हेतु 70 एकड़ जमीन अधिग्रहित की गयी है, उसमें से 10 एकड़ भूमि गंगाजल आपूर्ति योजना हेतु इस्तेमाल की जाएगी। राजगीर रिजरवायर का निरीक्षण करने के क्रम में मुख्यमंत्री ने प्रोटेक्शन के लिहाज से रिजरवायर के चारों तरफ तार का घेरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग गड़बड़ मानसिकता के होते हैं, इसलिए इस खास क्षेत्र में लोगों के आवागमन पर पूर्णतः पाबंदी रखी जाय। संग्रहित जल की सतत निगरानी हेतु यहां स्थायी रूप से पुलिस चौकी का प्रबंध करें॥ मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गंगाजल स्टोरेज का एरिया जो नवादा में पड़ता है, उसकी जिम्मेवारी नवादा को सौंपें और जो नालंदा में पड़ता है उसकी जिम्मेवारी नालंदा को सौपें। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधायक कौशल किशोर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी मनीष कुमार वर्मा, सचिव जल संसाधन संजय कुमार अग्रवाल, सचिव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग जितेंद श्रीवास्तव, जिलाधिकारी नालंदा शशांक शुभंकर, जिलाधिकारी नवादा उदिता सिंह, पुलिस अधीक्षक नालंदा अशोक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक नवादा गौरव मंगला सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

निरीक्षण

- गंगाजल आपूर्ति योजना के सफल ट्रायल पर मुख्यमंत्री ने जाहिर की प्रसन्नता
- ड्रीम प्रोजेक्ट गंगाजल आपूर्ति योजना का मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण

जून-जुलाई से ही पानी आपूर्ति का काम होगा शुरू

पटना। गंगा जल आपूर्ति योजनाओं के निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि सब लोगों तक गंगाजल पहुंचे इसके लिए हम लगातार इस प्रोजेक्ट की जानकारी ले रहे हैं। जब हमलोगों को काम करने का मौका मिला तो सबसे पहले हमने नवादा और गया की स्थिति की जानकारी ली। हमारी इच्छा शुरू से थी कि गंगाजल गया, बोधगया, नवादा और राजगीर पहुंचे। वर्ष 2019 में हमने जल जीवन हरियाली योजना की शुरूआत की थी। उसी समय हमने तय किया था कि गंगाजल यहां तक पहुंचाएंगे। इसके लिए पूरे एलायनमेंट को समझा, सड़क मार्ग से जो पाइपलाईन जा रही है, उसे भी देखा और बोधगया की भी जानकारी ली कि वहां कितना काम हुआ है। अधिकारियों ने बताया है कि वहां भी काम लगभग पूरा हो गया है, पाइपलाईन पहुंचने वाली है असल काम बरसात के महीने में होगा। इस काम के लिए चार महीने तय किए गए हैं। मोकामा से गंगाजल नवादा के बाद अन्य तीन जगहों पर जाएगा। वहां पानी को प्यूरीफाई किया जाएगा। उसके बाद लोगों को वितरित किया जाएगा। एक-एक चीज पहले से तय है। हम चाह रहे हैं कि इसी साल लोगों को गंगा का पानी मिल जाए। जिस एजेंसी को पानी डिस्ट्रीब्यूट करना है, उसकी भी जानकारी हमने ली है। गया में यह काम नगर विकास के जिम्मे है और नवादा में पीएचईडी इस काम को करेगा। लोगों को पानी की आपूर्ति में कोई कठिनाई न हो इसलिए हम यहां आए हैं। जून-जुलाई में पानी आपूर्ति का काम शुरू होगा। लोगों के सहयोग से ही यह काम संभव हो पाया है। सबने सहयोग किया, जमीन दी, उन सभी लोगों का मैं अभिनंदन करता हूं।

गंभीर अपराधों में वांछितों की गिरफ्तारी करें सुनिश्चित : डीजीपी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पुलिस महानिदेशक संजीव कुमार सिंघल की अध्यक्षता में अन्तर प्रभागीय समन्वय समिति की बैठक बिहार पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को हुयी। बैठक में विशेष सशस्त्र पुलिस के महानिदेशक एके अम्बेदकर, अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) जितेन्द्र सिंह गंगवार सहित पुलिस मुख्यालय के विभिन्न प्रभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। जबकि सभी क्षेत्र व जिलों के वरीय पुलिस पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंन्सिंग से जुड़े हुए थे। पुलिस महानिदेशक ने राज्य में अनुसंधानकताओं की संख्या में कमी हो जाने के कारण लम्बित काण्डों के दबाव को समाप्त करने तथा काण्डों के निष्पादन में आ रही कठिनाईयों को दूर करने के लिए तात्कालिक व्यवस्था के रूप में सेवा निवृत्त सअनि तथा पुअनि कोटि के पदाधिकारियों को संविदा पर नियोजित किये जाने के कार्य में तीव्रता लाये जाने का निर्देश दिया। पुलिस महानिदेशक ने इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम हेतु पीटीसी उतीर्ण सिपाहियों को प्रतिनियुक्त किये के निदेश पर जिलों द्वारा की गई कार्रवाई एवं गंभीर अपराधों में वांछितों की गिरफ्तारी हेतु गठित वज्र के कार्यों की समीक्षा करते हुए इसके प्रतिफल में वृद्धि का निदेश दिया। साथ ही जिन जिलों में गिरफ्तारी कम हुई है, उन पर असन्तोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि जिन थानों में लगातार दो दिनों तक गिरफ्तारी शून्य रहती है, उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाय। पुलिस महानिदेशक ने चिन्हित थानों की समीक्षा हेतु नामित वरीय पदाधिकारियों से कहा कि गिरफ्तारी कार्यो का नियमित अनुश्रवण किया जाय। प्राथमिकी अंकित होने पर काण्ड की सत्यता परखते हुए अभियुक्तों की अविलम्ब गिरफ्तारी से आम जनता का विश्वास पुलिस पर बढ़ता है। अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) जितेन्द्र सिंह गंगवार ने गिरफ्तारी हेतु निदेशों का अनुपालन किये जाने को पुलिस अधीक्षकों से कहा।

बैठक

- लगातार दो दिनों तक गिरफ्तारी शून्य रहने पर थाने को देना होगा स्पष्टीकरण
- राज्य औषधि नियंत्रक द्वारा दिया गया प्रेजेन्टेशन
- बिहार पुलिस मुख्यालय द्वारा सभी जिलों के पदाधिकारियों को दिए गए निर्देश

राज्यसभा चुनाव : नामांकन शुरू उम्मीदवारों पर सस्पेंस बरकरार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार में राज्यसभा की 5 सीटों पर 10 जून को चुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। लेकिन अभी तक उम्मीदवारों को लेकर सस्पेंस बरकरार है। भाजपा, राजद व जदयू में उम्मीदवारों के चयन को लेकर मंथन जारी है।

बुधवार को तस्वीर स्पष्ट होने की संभावना है। बता दें कि नामांकन 31 मई तक दाखिल किए जा सकेंगे। एक जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 3 जून तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। जरूरत पड़ने पर 10 जून को सुबह 9 से शाम 4 बजे तक मतदान होगा और शाम 5 बजे से मतगणना होगी। हालांकि माना जा रहा है कि सभी 5 सीटों के लिए निर्विरोध चयन कर लिया जाएगा। दरअसल, जुलाई में बिहार से पांच सीटें खाली हो रही हैं। उनमें से एक केंद्रीय मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता आरसीपी सिंह की सीट है। उनके अलावा भाजपा के गोपाल नारायण सिंह और सतीश चंद्र दूबे भी कार्यकाल पूरा करने वालों में होंगे। राजद सांसद मीसा भारती की सीट भी है, जो सात जुलाई को खाली हो रही हैं। इसके अतिरिक्त एक सीट शरद यादव की है, जो जदयू कोटे से राज्यसभा पहुंचे थे।

संख्याबल के हिसाब से बिहार में पांच सीटों के लिए हो रहे चुनाव में मुख्य विपक्षी पार्टी राजद को एक सीट का फायदा हो सकता है जबकि भाजपा अपनी दोनों सीटे बचा पाने में सफल रहेगी। जदयू को एक सीट का नुकसान उठाना पड़ सकता है। संख्याबल में देखे तो विधानसभा में भाजपा के सबसे अधिक 77 विधायक हैं जबकि राजद 76 विधायकों के साथ राज्य में दूसरे नंबर की पार्टी है।

जदयू के पास 45 विधायक हैं जबकि हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के पास 4 विधायक हैं। इन सीटों पर 10 जून को चुनाव होना है। इधर, चुनाव की घोषणा के बाद से ही गहमागहमी प्रारंभ हो गई। नए प्रत्याशी जहां जोड़ तोड़ की रणनीति बना रहे हैं, वहीं, कार्यकाल पूरा कर चुके सांसदों के समर्थको को उम्मीद है कि पार्टी उन्हे निराश नहीं करेगी।

जांच एक दर्जन से अधिक मामलों की करनी होगी जांच

बुधवार व गुरूवार को पंचायतों में जायेंगे पदाधिकारी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जिला स्तरीय पदाधिकारी बुधवार और गुरूवार को स्वयं क्षेत्र में जाकर योजनाओं की जांच पड़ताल करेंगे। इस संदर्भ में उन्हें एक दिन पूर्व मंगलवार और बुधवार के शाम में मुख्यालय से जिलों में जिलाधिकारियों को सूचना जायेगी कि उन्हें किन पंचायतों का निरीक्षण करने जाना है। किस पंचायत में कौन पदाधिकारी जायेंगे इसका चयन भी राज्य स्तर से ही होगा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदेशानुसार राज्य के पदाधिकारियों को क्षेत्र में जाकर योजनाओं का निरीक्षण करना है। सात अप्रैल को मुख्य सचिव ने इस संबंध में आदेश भी निर्गत किया था कि बुधवार और गुरूवार को प्रदेश के सभी जिलों में पदस्थापित जिला स्तरीय पदाधिकारी स्वयं क्षेत्र में जाकर योजनाओं की हकीकत जानेंगे। जांच अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि उन्हें अपने निर्धारित पंचायतों के जांच स्थल के साइट पर सुबह दस बजे तक पहुंच जाना है क्योंकि स्कूल व आंगनवाड़ी केंद्र आदि सुबह में संचालित हो रहे हैं। सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि निरीक्षण और रिपोर्ट की डेटा इंट्री भी सुनिश्चित करें। सरकार की ओर से यह भी कहा है कि पिछले निरीक्षण में बीडीओ और सीओ के कार्य में गंभीरता नहीं थी, अतः जिलाधिकारी स्वयं इसकी निगरानी करें। निरीक्षण रिपोर्ट भी ऑनलाइन दर्ज करने का निर्देश सरकार ने दिया है। यही नहीं सरकार ने पंचायतों में निरीक्षण के बिंदू भी तय किये हैं' हर घर नल का जल योजना की स्थिति, उसके रखरखाव, टेल एंड के घरों में जलापूर्ति, पानी के रिसाव या बबार्दी तथा निकासी की व्यवस्था के संदर्भ में ग्रामीणों से फीडबैक लेना है। हर घर तक पक्की नाली गली योजना की स्थिति, रखरखाव, सड़कों की स्थिति आदि देखना है। पंचायत में स्थित प्राथमिक, माध्यमिक व हाई स्कूल में छात्रों एवं शिक्षकों की उपस्थिति, भवन की स्थिति, लड़कों लड़कियों के शौचालय, पेयजल, बिजली, वर्दी, पुस्तकें, मुख्यमंत्री किशोरी स्वास्थ्य योजना, साइकिल, पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष, प्रयोगशाला आदि की व्यवस्था एवं मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण करना है। इस क्रम में अधिकारी कक्षा में कम से कम 20 मिनट बैठकर शिक्षण के गुणवत्ता का आकलन करना है। एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक छात्रावास के भवन, बिजली कनेक्शन, पानी आपूर्ति, बिस्तर, शौचालय, रसोई, कंप्यूटर कक्ष, पुस्तकालय आदि सुविधाओं का निरीक्षण करना है। पदाधिकारी पंचायत में स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण करने के दौरान चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ, आशा वर्कर, दवाइयां, उपकरण, बिस्तर, शौचालय, भवन की स्थिति, बिजली और जलापूर्ति को देखेंगे एवं इनपर ग्रामीणों से प्रतिक्रिया प्राप्त करेंगे। आंगनवाड़ी केन्द्रों में कर्मचारियों और बच्चों की उपस्थिति, भवन, शौचालय, बिजली, गर्भवती, कुपोषित और कम वजन के बच्चों के लिए पूरक पोषण, यूनिफॉर्म, प्री-स्कूल लर्निंग और अन्य सुविधाओं को देखेंगे तथा वृद्धावस्था आदि पेंशन योजनाओं की स्थिति को जानेंगे। पीडीएस की खाद्यान्न पंजी व भंडारण, गुणवत्ता, वितरण और पीओएस सिस्टम को जांचेंगे' भू-राजस्व मामलों में म्यूटेशन, जमाबंदी, लगान रसीद, बंदोबस्त रिकॉर्ड की डाटा एंट्री सहित भू-राजस्व से संबंधित हर प्रकार के शिकायतों की जांच करेंगे। सभी क्रय केंद्रों, , ग्रामीण सड़कों की स्थिति, मनरेगा योजनाएं, ग्रामीण आवास योजना एवं पंचायत सरकार भवन का भी निरीक्षण करेंगे।

जानकारी

- किस पंचायत में कौन पदाधिकारी जायेंगे यह मुख्यालय करेगा तय

संक्षिप्त खबरें

माले नेता सोमन पासवान सहित अन्य माले कार्यकताओं की गिरफ्तारी, सामंती ताकतों एवं पुलिस गठजोड़ का परिणाम :ध्रुब कर्ण

मधुबनी। भाकपा-माले के राज्य कमिटी सदस्य सह जिला सचिव ध्रुब नारायण कर्ण ने सुंदरपुरभिट्ठी के माले कार्यकर्ता सोमन पासवान, मंगल पासवान, बहादुर पासवान व मुखिया पासवान को झूठे आरोप के तहत किये गये गिरफ्तारी की निंदा करते हुए कहा है कि यह ललन पासवान की हत्या करवाने वाले सामंती मुखिया से पुलिस प्रशासन के सांठ गांठ का परिणाम है। माले नेता ने आगे कहा कि जून 2020 में समझौता का उल्लंघन करते हुए सामंती लोगों ने भूमिहीन दलितों पर ताबड़तोड़ फायरिंग करके आधा दर्जन गरीबों को घायल कर दिया था, जिसमें ललन पासवान की मौत हो गई थी। इसी हत्याकांड से बचने के लिए दलितों एवं माले कार्यकताओं पर झूठे मुकदमे किया गया था। भाकपा-माले की ओर से इस झूठे मुकदमों का जांच कराने के आवेदन पुलिस अधीक्षक के पास दिया गया था, जो जांच में भेजा जा चूका है। इसके बावजूद गिरफ्तारी सरासर गलत है। गरीबों के खिलाफ पुलिस प्रशासन के इस दमनात्मक कार्रवाई के खिलाफ पार्टी जिला स्तर पर आंदोलन खड़ा करेगी।

बीईओ बेनीपट्टी द्वारा मीडियाकर्मियों से संबंधित निर्गत पत्र को डीईओ, मधुबनी ने किया निरस्त

मधुबनी। मधुबनी जिले के बेनीपट्टी प्रखंड के शिक्षा पदाधिकारी, बेनीपट्टी गीता कुमारी द्वारा विद्यालयों में मीडियाकर्मियों के फोटोग्रफी और वीडियोग्राफी करने पर रोक लगाने संबंधित जारी किये गये आदेश को जिला शिक्षा पदाधिकारी मधुबनी नसीम अहमद ने निरस्त कर दिया है। साथ ही बिना आधार के संपुष्टि किये इस तरह के आदेश जारी करने को लेकर एक सप्ताह के अंदर जबाव देने के लिए स्पष्टीकरण पूछा गया है। उक्त आशय का पत्र जारी करते हुए डीईओ ने बीईओ द्वारा निकालें गये आदेश को औचित्यहीन करार देते हुए बेनीपट्टी बीईओ को आदेश दिया है.कि सरकार के कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए चौथे स्तंभ के रूप में कार्य करने वाली पत्रकारिता जगत के वैद्य और अधिकृत पत्रकारों को विद्यालयों एवं कार्यालयों में सरकारी योजनाओं या लाभुक आधारित योजनाओं को पब्लिक डोमेन में लाने वाले एजेंसी पर रोक लगाने जाने का औचित्य एवं अभिप्राय एक सप्ताह में स्पष्ट करेंगें। साथ ही डीईओ ने सभी स्थानीय पत्रकारों को भी उक्त पत्र का प्रतिलिपि प्रेषित कर विद्यालयों के प्रधानों के साथ रचनात्मक सहयोग किये जाने की अपेक्षा की है। बता दें कि बेनीपट्टी बीईओ गीता कुमारी द्वारा बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के अपर सचिव सह निदेशक गिरिवर दयाल सिंह के द्वारा पूर्व में निर्गत किये गये कथित आदेश का हवाला देकर मीडियाकर्मियों को विद्यालयों में फोटोग्रफी और वीडियोग्राफी करना अपराध बताया गया था और उक्त आदेश का अनुपालन करने के लिए प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया गया था। पत्र जारी होते ही सोशल मीडिया में तेजी से वायरल होने लगी और तरह तरह के चचाओं का बाजार गर्म हो चला था एवं बीईओ के कार्य प्रणाली पर भी तरह तरह के सवाल उठ रहे थे।

पूरी सहजता के साथ गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं करे प्रदान : अरविंद कुमार वर्मा

- स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए कई निर्देश
- अति कुपोषित बच्चों के लिए विशेष यूनिट बनाने के दिए निर्देश
- टेलीमेडिसिन उपचार प्रदान करने में जिले के अव्वल आने पर संबंधित चिकित्सकों को दी बधाई

सुमित कुमार, प्रात : किरण

जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित सभी कार्यक्रमों/योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों/ अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिनियुक्त चिकित्सक समय से अपने कर्तव्य स्थलों पर पंहुचे। उन्होंने कहा कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को अपने अपने प्रखंड में यह सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियो की अहम भूमिका है। जिलाधिकारी द्वारा सनिक्षा के क्रम में गर्भवती महिलाओं को सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सभी सुविधाओं का लाभ ससमय प्रदान करने पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के दृष्टिकोण से परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए सरकारी अस्पतालों में आने वाली जननियों की काउंसलिंग भी की जाए। उन्होंने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने और गर्भवती महिलाओं को निजी अस्पतालों में प्रसव करवाने को प्रेरित करने वाली आशा कार्यकताओं पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी आशा कार्यकताओं द्वारा प्रसव पूर्व देखभाल के लिए टैग की गई गर्भवती महिलाओं और प्रसव हेतु निजी अस्पतालों में भर्ती की गई महिलाओं की तुलनात्मक रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जननी बाल सुरक्षा योजना का लाभ सभी लाभुकों को ससमय दिए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिया है कि आशा कार्यकताओं और फैसिलिटेटर के लंबित भुगतान को शीघ्र प्रदान किया जाए, साथ ही अपेक्षित प्रयास नहीं करने वाली आशा कार्यकताओं के राशि भुगतान में कटौती की भी बात कही।जिलाधिकारी ने कहा कि उनके द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया जाएगा,उसमें स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण प्राथमिकता में है।उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके निरीक्षण के दौरान सभी चिकित्सक अपने कर्तव्य पर उपस्थित रहेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी मासिक समीक्षा बैठकों में यूनिसेफ एवं डब्लूएचओ की जिला इकाई द्वारा स्वतंत्र सर्वे प्रतिवेदन भी उपस्थापित किया जाए, ताकि, स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में प्रस्तुत दावों की पड़ताल की जा सके। उन्होंने इस कदम को स्वास्थ्य विभाग की बेहतरी के लिए ठोस पहल करार दिया। जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा के क्रम में जिले में अति कुपोषित बच्चों के लिए विशेष यूनिट बनाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने नियमित टीकाकरण, कोविड टीकाकरण, संचारी रोग, गैर संचारी रोग, कुष्ठ निवारण, फाइलेरिया नियंत्रण, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आदि पर जिले की गतिविधियों पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रतिरक्षण कार्यक्रम में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले में टेलीमेडिसिन के द्वारा उपचार प्रदान करने के मामले में जिले के अव्वल आने पर संबंधित चिकित्सकों को बधाई देते हुए इसमें नियमित प्रयास करते रहने को आवश्यक बताया। उन्होंने जिले के सभी प्रखंडों में एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उक्त बैठक में सिविल सर्जन, मधुबनी, सुनील कुमार झा, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, मधुबनी, आर.के. सिंह, जिला स्वास्थ्य प्रबंधक, मधुबनी, दयाशंकर निधि, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, मधुबनी, शैलेंद्र कुमार विश्वकर्मा, यूनिसेफ के जिला समन्वयक, प्रमोद कुमार झा सहित जिले के सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कछरा से उच्चैठ जाने वाले मुख्य सड़क पर महीनों से जलजमाव

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

- लोगों में महामारी फैलने का भी सता रहा डर

मधुबनी जिले के बेनीपट्टी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज बेतौना के कछरा गोट टोले के मुख्य सड़क पर जल जमाव होने से लोग काफी परेशान हैं। काफी दिनों से स्थानीय लोगों में जल जमाव होने नाराजगी है, लोगों को इस बात का काफी दुख है की बनकट्टा से उच्चैठ जाने वाली मुख्य सड़क जहां हल्की सी बारिश होने से महीनों जल जमाव रहता है, और तो और उच्चैथ सिद्ध पीठ जाने वाले दर्शनार्थी भी प्रति दिन इस समस्या को झेल रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई दिन दर्शन करने जा रहे लोग जल जमाव के कारण बारिश के गंदे पानी में गिर गए हैं, और जिस कारण उन्हें दर्शन करने से भी वंचित होना पड़ा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले इस पानी के निकासी के लिए सड़क पर बमपुलिया था, जिसे कुछ लोगों द्वारा जबरन बन्द कर देने के कारण जल जमाव होने लगा है। जबकि पहले ऐसा नहीं होता था। इस सम्बंध में ग्रामीण मो० सादिक हुसैन, हनुमान प्रसाद यादव, मो० अबरारूल हक, मो० साजिद हुसैन, मो० सलाउद्दीन, मो० अली रेजा, मोनिंदर कुमार यादव ने बताया कि अगर जल्दी इसका स्थाई निदान नहीं हुआ, तो महामारी फैलने का भी भय लोगों में बनता जा रहा है।

अधिकांश विद्यालय में खराब पड़ा है चापाकल

मध्यान भोजन कराने में करना पड़ता है कठिनाइयों का सामना

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के बिस्फी प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में लगे चापाकल खराब होने से मध्यान भोजन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वही गर्मी के मौसम में बच्चे एक एक बूंद पानी के लिए दूर-दूर विद्यालय कक्षा छोड़कर जाना पड़ता है। इसको लेकर विद्यालय प्रधान के द्वारा विभाग को कई बार सूचित किया है, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी वही रसोईया को बाहर से पानी लाना पड़ रहा है। प्रखंड क्षेत्र के 198 विद्यालयों में से सौ से अधिक विद्यालय परिसर मे लगे चापाकल खराब पड़ा है, या पानी गंदा निकल रहा है। इसको लेकर सोमवार को विद्यालय में स्थलीय जांच पड़ताल की गई, जिसमें प्राथमिक विद्यालय घौली कन्या, मध्य विद्यालय दूल्हा,मध्य विघालय घाट भटरा, मदरसा बिस्फी हाट, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिसई, प्राथमिक विद्यालय भरनटोल, मध्य विद्यालय रघौली एक भी नहीं है,प्राथमिक मकतव रथौस, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जगवन कटैया, एनपीएस सहनी टोल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुरलियाचक, मध्य विद्यालय चहुटा, मध्य विद्यालय केरवार, एनपीएस पासवान टोल सिमरी, एनपीएस गोबराही टोल, पीएस बलौजा, प्राथमिक विद्यालय कमलाबाड़ी, मध्य विद्यालय यदूपट्टी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोनमा टोल सिमरी, प्राथमिक विद्यालय कोरियानी, पीएस दुवियाही, एनपीएस परसौनी, प्राथमिक विद्यालय परसौनी हिंदी, पीएस नहसा, प्राथमिक विद्यालय औसी काव्या, उत्क्रमित मध्य विद्यालय ससरमा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिस्फी हाट उर्दू, मध्य विद्यालय घेपुरा, प्राथमिक विद्यालय नवटोली परसौनी सहित कई विद्यालय शामिल है। जहाँ कई विद्यालयों के चापाकल में कहीं पानी नहीं, तो कहीं हैड नहीं, तो कहीं पर गंदा पानी निकल रहा है, जिस कारण विद्यालय में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे आश्चर्य बात यह है कि किसी भी विद्यालय में नल-जल योजनाओं की नल से पानी नही मिल रहा है।

जानकारों ने बताया कि खराब चापाकल को पीएचईडी विभाग ने ठीक करने का निर्णय लिया, लेकिन यह कागज पर ही सिमट कर रह गई।

इस बाबत बीआरपी शत्रुघ्न राय ने बताया की इस समस्या को लेकर विभाग को अवगत कई बार कराया गया है, लेकिन समस्या जस-की-तस बनी हुई है।

बेमौसम हल्की बारिश में झील में तब्दील हुई मुख्य सड़क

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

- इस पर जलजमाव लगे स्थान पर जगह-जगह गढ़े बने हुए है।
- दिन में किसी तरह लोग गुजर भी जाते है। लेकिन रात के अंधेरे में पानी मे टूटे सड़क दिखाई नही देने के कारण साइकिल सवार व बाइक चालक घटना दुर्घटनाओं की शिकार होते ही रहते है।

मधुबनी जिले के खजौली-कलुआही मुख्य सड़क के इनरवा गांव के वार्ड संख्या-10 में बूंदा बूंदी बारिश के बाद ही झील में तब्दील हो गयी है। यह नजारा प्रखंड मुख्यालय से एक से डेढ किलोमीटर की दूरी पर है। आलम यह है कि मधुबनी जिला के अति व्यस्त सड़को में से एक पीडब्ल्यूडी खजौली-कलुआही मुख्य सड़क के इनरवा गांव स्थित वार्ड संख्या-10 से गुजरने में काफी परेसानी का सामना करना पड़ता है। जबकी इस सड़क से दिन भर छोटी बड़ी वाहन के साथ इस सड़क से शाशक-प्रशाशक की वाहन की आवाजाही लगा ही रहता है। लेकिन सम्बंधित विभाग के द्वारा जल निकासी की स्थायी तौर किसी भी तरीका से समुचित व्यवस्था नही रहने के कारण स्थानीय लोग सहित इस सड़क से गुजरने बाले राहगीरों को काफी कठिनाई का सामना करना पर रहा है। सबसे अधिक परेसानी उक्त सड़क से गुजरते स्कूली बच्चों को उठाना पर रहा है। इस पर जलजमाव लगे स्थान पर जगह-जगह गढ़े बने हुए है। सड़क पर तकरीबन डेढ़ सौ मीटर में लगे करीब एक फिट जलजमाव रहने के कारण सड़क में बनी गढ़े दिखाई नही देने के कारण अमूमन दिन प्रतिदिन छोटी बड़ी घटना दुर्घटना होना आम बात बनी हुई है।

वही स्थानीय ग्रामीण इंद्रदेव यादव, जयवीर यादव, उदल यादव पूर्व पं. स.स. उषा देवी, पूर्व पं.स.स. राम कुमार ठाकुर, मुरारी चौधरी, प्रदीप कुमार सहित दर्जनों लोग बताते है कि यह सड़क पीडब्ल्यूडी के मुख्य सड़क है। यह सीधे तौर पर कलुआही-बासोपट्टी होते हुए सीमावर्ती क्षेत्र नेपाल से जोड़ती है। यहां सघन बस्ती होने के बाबजूद इस सड़क से यहां जल निकासी का विभागीय तौर पर समुचित रूप से कोई व्यवस्था नही रहने के कारण यंहा हलकी बारिश में भी यहां पर तकरीबन एक फिट भर पानी जमा हो जाता है। इसके कारण यंहा रहने बाले लोगों के अलावे इस सड़क से गुजरने बाले राहगीरों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। वही उन लोगों का कहना माने तो उन लोगों ने बताया कि जल जमाव बाले जगह पर सड़क बुरी तरीका से जर्जर होकर गढ़े में तब्दील हो चुके है। दिन में किसी तरह लोग गुजर भी जाते है। लेकिन रात के अंधेरे में पानी मे टूटे सड़क दिखाई नही देने के कारण साइकिल सवार व बाइक चालक घटना दुर्घटनाओं की शिकार होते ही रहते है। वही ग्रामीणों ने सम्बंधित विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अबिलम्ब यहां जल जमाव से स्थाई रूप से निजात नही मिला, तो हम लोग बाध्य होकर आंदोलन करेंगे।जिसकी जबाबदेही सम्बंधित विभाग के अधिकारियों का होगा।

चंद्रवंशी फैशन का राजद विधायक समीर कुमार महासेठ ने फीता काटकर किया उद्घाटन

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के पंडौल प्रखंड के पंडौल बाजार के मेन रोड मे चंद्रवंशी फैशन रेडीमेड शो-रूम का मधुबनी से राजद विधायक समीर कुमार महासेठ ने फीता काटकर भव्य उद्घाटन किया। इस मौके पर खरीददारी को लेकर रेडीमेड शो-रूम मे ग्राहको की अत्यधिक भीड़ देखी गई। आपको बता दे की यह रेडीमेड शो-रूम प्रसिद्ध प्रतिष्ठान विनोद बस्त्राल्य व आर.के. सिंथेटिक की प्रसिद्ध सहयोगी प्रतिष्ठान है। उद्घाटन के पूर्व चंद्रवंशी फैशन रेडीमेड शो-रूम का पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।

इस मौके पर कई गणमान्य के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही। उद्घाटन के बाद राजद विधायक समीर महासेठ ने कहा की पंडौल बाजार मे इस तरह का अत्याधुनिक रेडीमेड शो-रूम के खुलने से अब यहाँ के उपभोक्ताओ को खरीददारी करने के लिए बड़े शहरो मे नहीं जाना पड़ेगा। हम उम्मीद करते है आने वाले दिनों मे यह रेडीमेड शो-रूम पंडौल बाजार की उन्नति मे अग्रणी भूमिका निभाएगा। वहीं चंद्रबंशी फैशन के प्रोपराइटर ने बताया की ग्राहको की संतुष्टी ही इस प्रतिष्ठान का लक्ष्य है। कम कीमत मे नित्य नई डिजाइन हम ग्राहको को उपलब्ध करा रहे है।

उद्घाटन के मौके पर कई नामी कंपनियों का हमने भरपूर उत्पाद मंगाया है। इस रेडीमेड शो-रूम मे शादी स्पेशल के कपड़े सहित सभी तरह के रेडीमेड कपड़े का रेंज उपलब्ध है। खासकर शेरवानी का बेहतरीन कलेक्शन मेरे प्रतिष्ठान मे हमेशा भरपूर स्टॉक उपलब्ध रहेगा।

बांस-बल्ले के सहारे जल रही बिजली

खतरे की बनी रहती है आशंका

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के बिस्फी विद्युत विभाग के दावे चाहे जो हो लेकिन आज भी इसकी दावे की सच्चाई कुछ और दिखती है, कहीं पोल नहीं, तो कहीं तार नहीं, तो कहीं जरूरत के मुताबिक सप्लाई नहीं, बिजली विभाग सुरक्षित तरीके से विद्युत आपूर्ति की दावा तो करती है। लेकिन उपभोक्ताओं की समस्या बनी रहती है, शिकायत के बाद में समाधान नहीं होता है। बिस्फी प्रखंड क्षेत्र के औसी बभंनगामा दक्षिणी पंचायत के वार्ड संख्या 3,4,5 सहित अधिकांश वार्डों में आज भी बांस के सहारे तार ले जाकर बिजली की आपूर्ति की जा रही है। यह संयोग है कि कोई दुर्घटना नहीं हुई है। लेकिन बारिश और तूफान में कई बार बांस का बना पोल गिर जाने के कारण कई दिनों तक बिजली बाधित रहती है, जिससे उपभोक्ताओं की समस्या काफी बढ़ गई है। वही ट्रांसफार्मर में चेंजर नहीं होने के कारण बार-बार शॉर्ट सर्किट लगने के कारण बिजली बल्ब, पंखा, सहित कई उपकरण सही से नहीं चल पाते हैं, जिससे धेपुरा बाजार के व्यवसायियों को और भी समस्याएं बढ़ गई है। इसको लेकर स्थानीय गोविंद कुमार, दया सहनी, राजेश कुमार, दिलीप साफी, बिंदे साफी, सज्जन कुमार सहित कई बिजली उपभोक्ताओं ने बताया कि पोल गारने, कौभर वायरिंग करने, ट्रांसफार्मर में चेंजर देने सहित कई समस्या को लेकर जिला आपूर्ति विभाग एवं अनुमंडल आपूर्ति विभाग सहित विद्युत प्रशाखा सिमरी को भी आवेदन दे चुके हैं, लेकिन इसके बाद ही कोई समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि मई के अंत तक समाधान नहीं हुई तो 5 जून को दरभंगा-औसी मुख्य सड़क जाम कर बिजली विभाग के विरोध में प्रदर्शन की जाएगी।

क्राईम अलर्ट पुलिस ने सड़क जाम, पॉक्सो एक्ट, मारपीट, हत्या, लूट, शराब तस्करी कांड के आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा...

ऑपरेशन प्रहार के तहत पकड़े गये कुल दस आरोपी, भेजा गया जेल

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी पुलिस अधीक्षक के निर्देश के आलोक में बेनीपट्टी अनुमंडल के सभी थानों की पुलिस टीम ने बेनीपट्टी एसडीपीओ अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में ऑपरेशन प्रहार अभियान चलाते हुए विभिन्न कांडों के 10 फरार आरोपियों, तस्करों और वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने सड़क जाम, पॉक्सो एक्ट, मारपीट, हत्या, लूट, शराब तस्करी कांड के आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

बेनीपट्टी थाना परिसर में प्रेसवार्ता करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि एसपी के निर्देश के आलोक में सोमवार की रात और मंगलवार की अहले सुबह तक ऑपरेशन प्रहार छापेमारी अभियान चलाया गया था। जिसमें बेनीपट्टी थाना पुलिस द्वारा कांड संख्या-255/21 सड़क जाम मामले के आरोपी त्यौथ के राजेश महतो और कांड संख्या-80/22 शराब बरामदगी मामले के आरोपी तिसियाही गांव के रौशन कामत को गिरफ्तार किया है।

वहीं अरेर थाना पुलिस ने कांड संख्या-58/22 शराब कांड के आरोपी कपसिया के अजय साह व गणेश ठाकुर और सुनील पासवान तथा एक वारंटी एकतारा गांव के शेखर यादव को गिरफ्तार किया है। जबकि साहरघाट पुलिस द्वारा शराब कांड के आरोपी ब्रह्मपुर के उजित सहनी को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावे बिस्फी थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी मोथनाजे टोला के मनीष कुमार को गिरफ्तार किया है। जबकि हरलाखी थाना पुलिस और एएलटीएफ टीम द्वारा 10 बोतल शराब के साथ चंदेश्वर सदाय को गिरफ्तार किया गया है।

एसडीपीओ ने बताया कि छापेमारी में बिस्फी थाना क्षेत्र से 684 लीटर और हरलाखी में 10 बोतल शराब और पिकअप वैन भी जब्त किया गया है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश के आलोक में अभियान लगातार चलता रहेगा। प्रेसवार्ता के समय डीएसपी के अलावे बेनीपट्टी के अपर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, अरेर के थानाध्यक्ष राजकिशोर कुमार, बेनीपट्टी के एएसआई शेषनाथ प्रसाद, संजीत कुमार, देवकुमार शर्मा सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व कर्मी भी उपस्थित थे।

दो मासूम बच्चों को बदन से कपड़े उतार कर हाथ बांधकर बेरहमी से पिटाई करने वाले हुए गिरफ्तार

बीते दिन लौकहा थाना क्षेत्र के बासुदेवपुर गांव में आम तोड़ने के जूल्म में दो मासूम बच्चों को बदन से कपड़े उतार कर हाथ बांधकर बेरहमी से पिटाई करने के बाद उनके बदन पर लाल चींटी का खोता डालने वाले सरपंच को पुलिस ने सोमवार की शाम नेपाल से गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी डीएसपी प्रभात कुमार शर्मा ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए दिया है। जानकारी हो कि बीते 20 मई को बासुदेवपुर पंचायत के सरपंच उपेन्द्र यादव ने अपने बगीचे से आम एवं लीची तोड़ने पर दोनों मासूम बच्चों को हाथ बांध कर उसके शरीर से कपड़े उतार कर बेरहमी से पिटाई करने के बाद उनके बदन पर लाल चींटी का खोता डाल दिया था, जिससे उन दिनों मासूम बच्चों का चीखते चिल्लाते हुए वीडियो तेजी के साथ सोशल मिडिया पर वायरल हुआ था। जिसके बाद बच्चे की पिता के द्वारा थाने में सरपंच पर प्राथमिकी दर्ज कर वाया गया। इधर प्राथमिकी दर्ज होने की सूचना मिलते ही सरपंच उपेंद्र यादव ने पुलिस से बचने के लिए नेपाल भाग गया था, जिसके गिरफ्तारी को लेकर डीएसपी प्रभात कुमार शर्मा के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित किया गया। जिसके बाद उठ पुलिस टीम ने सरपंच के गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापामारी कर रहे थे। काफी तलाशी करने के बाद सरपंच को नेपाल के सिरहा जिला से गिरफ्तार किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान डीएसपी प्रभात कुमार शर्मा ने कहा कि इस कांड में शामिल लोग किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल कांड के मुख्य आरोपी सरपंच उपेंद्र यादव गिरफ्तार हो चुके हैं, और इस कांड में शामिल लोगों को गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीएसपी प्रभात कुमार शर्मा, लौकहा थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे।

मैथिली कलाकार के निधन उपरांत मैथिल समाज रहिका ने जताया शोक

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

मैथिल समाज रहिका के द्वारा मैथिली मंचक राजकुमार, विख्यात गीतकार सुप्रसिद्ध गायक, मैथिली भाषा मे प्रथम सिनेमा ममता गाबय गीत के निमार्ता रबीन्द्रनाथ ठाकुर का आकस्मिक निधन पर विद्यापति चौक रहिका के परिसर में साहित्य अकादमी पुरस्कार से पुरस्कृत, वरिष्ठ कवि उदय चन्द्र झा विनोद के अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन संस्था के सचिब प्रो० शीतलाम्बर झा ने किया।

सर्वप्रथम उनके तैल चित्र पर उपस्थित मैथिलजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रदासुमन निवेदित किया।

कार्यक्रम को अध्यक्षता करते हुए उदयचंद्र झा विनोद ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा मिथिला की भूमि धन्य है, जो रबीन्द्रनाथ ठाकुर जैसे महान विभूति को जन्म दिया है। उन्होंने जीवनपर्यंत मिथिला एवं मैथिली भाषा के लिए काम करते रहे। वे सिर्फ गायक ही नही अपितु गीतकार एवं कवि भी थे। उनके कविता में जो शब्द चयन हुआ करता था, जो आम मैथिलजन को सहज ही समझ मे आ जाया करता था। वे सदैब मिथिलावासियों में स्मरणीय रहेंगे।

कार्यक्रम को संस्था के सचिव प्रो० शीतलाम्बर झा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि रबीन्द्रनाथ ठाकुर जी मिथिला के अद्वितीय महामानव थे, जिन्होंने मैथिली संगीत को एक नया आयाम स्थापित किए। उन्होंने मातृभाषा मैथिली में हजारों सहज भाषा मे गीत की रचना की, जो आज भी मिथिला के हर घर मे गुंजमान है। स्नेह से उन्हें अभिनव विद्यापति भी लोग कहते है। मिथिला के लोकगीतों को जो स्वर उन्होंने दी है, वह बिरले ही मिलता है। उनके युगल गान रबीन्द्र महेंद्र के नाम से ही श्रोता आत्ममुग्ध हो जाया करते थे। मैथिल समाज रहिका के सभी समारोह में उनका जलबा श्रोता के सर चढ़कर बोलता था।

संक्षिप्त खबरें

सुबोध कुमार सिंह ने ली लोजपा रा की सदस्यता

पटना। लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजू तिवारी की मौजूदगी में 2005 में पीरपैंती विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी रहे सुबोध कुमार सिंह ने अपने सैकड़ों कार्यकताओं के साथ प्रदेश कार्यालय में लोजपा (रा) की सदस्यता ली। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि सुबोध कुमार सिंह बहुत ही कर्मठ व्यक्ति हैं। वह हमेशा जनता के बीच अपने क्षेत्रों में सेवा के लिए तत्पर रहते हैं इनके आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

छात्र रालोजपा ने किया कमिटी का विस्तार

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी कार्यालय में छात्र रालोजपा के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव सह बिहार प्रदेश प्रभारी विशाल यादव की अध्यक्षता में संगठन की मजबूती एवं कमिटी के विस्तार हेतु एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक के बाद शुभम कुमार को पटना महानगर का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। शुभम कुमार के मनोनयन पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस, प्रदेश अध्यक्ष सांसद प्रिंस राज, अनुसूचित जाति, जनजाति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण राज सहित कई नेताओं ने बधाई दी।

शशिकांत मिश्रा के निधन पर शोक व्यक्त

पटना। पूर्वी चम्पारण जिला कांग्रेस कमिटी के वरीय उपाध्यक्ष शशिकांत मिश्रा के निधन पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डा मदन मोहन झा ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। सुगौली निवासी 72 वर्षीय शशिकांत मिश्रा अपने पीछे दो लड़के एवं दो लड़की सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। अपने शोक संदेश में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मिश्रा जी जिले के एक कद्दावर नेता थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन कांग्रेस पार्टी की मजबूती में समर्पित कर दिया और समाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में कांग्रेस पार्टी को हमेशा मजबूती देने का काम किया। उनके निधन से पूर्वी चम्पारण में कांग्रेस को अपूरणीय क्षति हुई है। सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, सदस्यता प्रभारी ब्रजेश प्रसाद मुनन, कुमार आशीष, जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र शुक्ला ने भी निधन पर शोक व्यक्त किया है।

आप ने जोन और जिला प्रभारियों की सूची जारी की

पटना। बिहार चुनाव प्रभारी बदली के विधायक अजेश यादव के निर्देश पर आम आदमी पार्टी बिहार संगठन को मजबूती देने के लिए संगठन मंत्री राहुल तंवर ने आज कुल नौ जोनल प्रभारी और अड़तीस जिला प्रभारियों के साथ पांच कार्यालय प्रबंधन टीम की घोषणा करते हुए सूची जारी की है। यह जानकारी प्रदेश प्रवक्ता गुलफिसा यूसुफ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रेस मीडिया को दी है। प्रदेश मीडिया सह समन्वयक नवनीत झा ने आम आदमी पार्टी बिहार की ओर से सभी नवनयुक्त पदाधिकारीयों को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी है।

जातीय जनगणना मौजूदा समय की मांग : ललन सिंह

72 घंटे की खबर अफवाह मात्र : लेसी सिंह

पटना, प्रात : किरण संवददाता

- प्रदेश कार्यालय में विजय कुमार चौधरी व लेसी सिंह ने की जनसुनवाई
- राष्ट्रीय अध्यक्ष संगठन की मजबूती पर करते रहे मंत्रणा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के न्याय के साथ विकास को लेकर लगातार जदयू के प्रदेश मुख्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि जो भी जनता समस्याओं से त्रस्त है उनकी समस्याओं का जल्द निष्पादन किया जा सके। इसी क्रम में मंगलवार को जदयू के प्रदेश कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया।

जदयू प्रदेश कार्यालय में इसी बीच जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह प्रदेश कार्यालय पहुँचे' उधर जनसुनवाईयों का दौर चलता रहा एवं इधर ललन सिंह जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ संगठन मजबूती को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को जमीनी व निचले स्तर तक के कार्यकताओं के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पार्टी को और मजबूत बनाने हेतु कुछ दिशा निर्देश भी जारी किया। जातीय जनगणना पर मीडिया के एक सवाल का जवाब देते हुए जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जातीय जनगणना मौजूदा समय की मांग है शिक्षा एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी तथा खाद्य- उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह ने प्रदेश के विभिन्न जगह से आये लोगों की समस्याओं को जनसुनवाई कार्यक्रम में सुना एवं सम्बंधित अधिकारियों को तत्काल ही त्वरित निराकरण के आदेश दिए। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बताया कि पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रेरणा से जनसुनवाई कार्यक्रम का लगातार चल रहा है, जिसमें बिहार सरकार के मंत्री प्रत्येक मंगलवार, बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को शामिल होते हैं और उनके द्वारा आम जनों की समस्याओं को सुनकर उसका त्वरित निष्पादन किया जाता है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में विकास कार्यक्रमों को चलाया जा रहा है जिससे उसका पूरा लाभ समाज के सभी वर्गों को आसानी से प्राप्त हो। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि 72 घंटे की खबर एक अफवाह मात्र है। मंत्री श्रवण सिंह सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक हैं, उन्होंने स्वयं इसका खंडन किया है।

इस बात में कोई सच्चाई नहीं है। कैबिनेट की महीने भर से बैठक नहीं होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार बैठक होती रहती है। वहीं जातीय जनगणना पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जब सारी बातों को, पूरे इतिहास को सामने रख ही दिया है तो हम लोगों को कुछ बोलने की कोई आवश्यकता नहीं है। मुख्यमंत्री सभी दल के साथ बैठक करेंगे उसके बाद ही आगे की प्रक्रिया शुरू की होगी। आज के जनसुनवाई कार्यक्रम के अवसर पर मंत्री द्वय के अलावा विधान पार्षद संजय कुमार सिंह (गाँधी जी), प्रदेश उपाध्यक्ष डा नवीन आर्य चन्द्रवंशी, प्रदेश महासचिव मृत्युंजय कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

राशन कार्ड निरस्तीकरण अभियान को वापस ले सरकार : वाम दल

पटना, प्रात : किरण संवददाता

- बेरोजगारी और पेट्रो पदार्थों की कीमत में लगातार बढ़ोतरी के खिलाफ वाम दल 25 से 31 मई तक चलायेंगे अभियान

देश में लगातार बढ़ती बेरोजगारी और पेट्रो पदार्थों की आसमान छूती कीमतों के खिलाफ वाम दलों के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर बिहार में 25 से 31 मई तक सघन आंदोलनात्मक अभियान चलाएगा और 31 मई को जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन- धरना आदि होगा। वाम दलों के नेताओं माले के पोलित ब्यूरो सदस्य धीरेंद्र झा, वरिष्ठ नेता केडी यादव, सीपीएम के सर्वोदय शर्मा व मनोज चंद्रवंशी, सीपीआई के विजय नारायण मिश्र व रामलला सिंह, फॉरवर्ड ब्लॉक के अमेरिका महतो व आरएसपी के वीरेंद्र ठाकुर ने मंगलवार को पटना में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के जरिए यह जानकारी दी।

वाम नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार जनता की आंखों में धूल झोंकना बंद करे। मई 2014 में पेट्रोल पर केंद्रीय कर 9.48 रु. और डीजल पर 3.56 रुपया था जो 21 मई 2022 को बढ़कर क्रमशः 27.90 व 21.80 रुपया हो गया' तीखे आंदोलन के बाद भी फिलहाल यह क्रमशः 19.90 व 15.80 रु. है, जो 2014 की तुलना में काफी अधिक है। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से परिवहन व माल ढुलाई अत्यंत महंगा हो गया है। विगत एक वर्ष में सब्जियों के दाम में 20%, खाने के तेल में 23% और अनाज के दाम में 8% तक की वृद्धि हुई है। गेहूं की कीमत में 14% की वृद्धि हुई है, जनवितरण प्रणाली से इसके बदले चावल देना तय किया गया है। केंद्र सरकार राशन कार्ड निरस्तीकरण अभियान में लगी हुई है। बिहार में 28.79 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिए गए।

राज्य में बिजली बिल पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गया है। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के खर्च में भी अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई है। महंगाई से त्रस्त जनता को राहत प्रदान करने की बजाए दिल्ली व पटना की सरकार अपने खिलाफ बढ़ते जनअसंतोष को काले कानूनों से दबाने का प्रयास कर रही है। 5 जून को संपूर्ण क्रांति दिवस पर महागठबंधन द्वारा भाजपा-जदयू सरकार की असफलता के खिलाफ आयोजित कार्यक्रम में वाम दल के कार्यकर्ता पूरे जोर-शोर से भाग लेंगे। जाति जनगणना पर भाजपा के रूख से स्पष्ट है कि वह दलितों- पिछडों के अधिकारों व उनके आरक्षण की घोर विरोधी है। वाम दलों ने पेट्रो पदार्थों पर सभी अधिभार/उपकर वापस लेने, पीडीएस में गेहूं आपूर्ति बहाल करने, पीडीएस सिस्टम को मजबूत करने, गैर आयकर भुगतान परिवारों को प्रत्यक्ष 7500 रु. प्रति माह प्रदान करने, शहरी क्षेत्रों में रोजगार गारंटी योजना लागू करने, मनरेगा आवंटन में वृद्धि करने, बेरोजगारी भत्ता कानून बनाने, सभी रिक्त पदों पर भर्ती, बिना वैकल्पिक व्यवस्था के गरीबों को उजाड़ने पर रोक लगाने तथा तमाम उपभोक्ताओं को 200 यूनिट फ्री बिजली देने की मांग की।

सर्वदलीय बैठक को लेकर सहमति नहीं बनना दुर्भाग्यपूर्ण: मुकेश

पटना, प्रात : किरण संवददाता

- कुछ पार्टियां इसे एक बार फिर से रोकना चाहती हैं

विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने मंगलवार को एक बार फिर जाति आधारित जनगणना को लेकर अडंगा डालने वाली पार्टियों की खिंचाई की है। उन्होंने कहा कि आखिर जातीय जनगणना में देरी क्यों हो रही है।

उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि सर्वदलीय बैठक को लेकर सभी पार्टी सहमति क्यों नहीं दे रही? सहनी ने कहा कि केंद्र सरकार के पूरे देश में जातीय जनगणना कराए जाने को नकारने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने भागीरथी प्रयास के बाद राज्य में जातीय जनगणना को लेकर तैयार हैं, ऐसे में सभी पार्टियों के सर्वदलीय बैठक को लेकर सहमति नहीं बनना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विधानमंडल में यह मामला सर्वसम्मति से पास है। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रधानमंत्री से मिल चुका है। ऐसे में जिस पार्टी द्वारा सहमति नहीं दी जा रही उसे बाधा उत्पन्न करना नहीं माना जाए तो क्या माना जाए। वीआईपी के नेता ने कहा कि कल ही मुख्यमंत्री ने बताया है कि सर्वदलीय बैठक को लेकर सभी की सहमति नहीं आई है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बिहार की कुछ पार्टियां इसे एक बार फिर से रोकना चाहती है।

आर.के. सिन्हा को मिला महाकवि काशीनाथ पाण्डेय शिखर सम्मान

पटना, प्रात : किरण संवददाता

- साहित्य में डा शिववंश पाण्डेय, कला में लावण्या कीर्ति सिंह तथा नृत्य में पंखुड़ी श्रीवास्तव हुयीं सम्मानीत

वरिष्ठ पत्रकार, सुप्रसिद्ध समाजसेवी और पूर्व सांसद विद्यावाचस्पति रवींद्र किशोर सिन्हा को समाज-सेवा के क्षेत्र में अत्यंत मूल्यवान कार्यों के लिए महाकवि काशीनाथ पाण्डेय शिखर सम्मान से अलंकृत किया गया है। मंगलवार को कला-कक्ष के तत्त्वावधान में बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित शेखर सम्मान समारोह- 2022 में यह सम्मान उन्हें सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने दिया। साहित्य के क्षेत्र से हिन्दी के मनीषी विद्वान और सम्मेलन के प्रधानमंत्री डा शिववंश पाण्डेय, कला के क्षेत्र से प्रो (डा) लावण्या कीर्ति सिंह काव्या तथा पत्रकारिता के क्षेत्र से सतीश भास्कर (मरणोपरांत) को महाकवि काशीनाथ पाण्डेय शिखर सम्मान दिया गया। इनके अतिरिक्त नृत्य की नवोदित तारिका पंखुड़ी श्रीवास्तव को इस वर्ष से आरंभ हुए शिखरोत्सुक सम्मान से विभूषित किया गया। स्वर्गीय सतीश भास्कर की ओर से उनकी विधवा ममता राज और पुत्री ऐश्वर्या भास्कर ने भरे नयनों से सम्मान स्वीकार किया। अपने सम्मान के लिए कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए डा रवींद्र किशोर सिन्हा ने कहा कि यद्यपि मैं स्वयं को इस योग्य नहीं पाता, किंतु महाकवि काशीनाथ पाण्डेय के नाम से शिखर सम्मान पाकर किसी को भी गौरव की अनुभूति हो सकती है। यह सम्मान पाकर मेरी सारस्वत क्षमता और समाज सेवा के लिए मेरी भावना को और बल मिला है। अतिथियों का स्वागत करते हुए कलाकक्ष के अध्यक्ष और सुप्रसिद्ध आलोचक डा ब्रजेश पाण्डेय ने कहा कि महाकवि काशीनाथ पाण्डेय के व्यक्तित्व में जो विविधताएँ थीं, उनमे अनवरत बदलाव आते रहे। उनके व्यवहार में अनुकरणीय आत्मीयता थी। उनके संपर्क में आने वाले लोग सहज में ही उनके हो जाते थे। इस अवसर पर डा शंकर प्रसाद, डा कल्याणी कुसुम सिंह, भावना शेखर, गुरुप्रकाश नारायण, अरुण शाद्वल, डा अर्चना त्रिपाठी, बच्चा ठाकुर, डा मनोज गोवर्द्धनपुरी तथा ओम् प्रकाश पाण्डेय प्रकाश ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन डा पल्लवी विश्वास ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कलाकक्ष के सचिव अविनय काशीनाथ ने किया।

तेजस्वी यादव ने ब्रिटिश संसद में बढाया बिहार का गौरव : राजद

पटना, प्रात : किरण संवददाता

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने ब्रिटिश पार्लियामेंट में एनआईएसएयू द्वारा आयोजित गोष्ठी में भारतीय मूल के सांसदों, शोधार्थियों, व्यवसायियों, प्रोफेसरों और भारतीय मूल के लोगों को सम्बोधित करते हुए भारत-ब्रिटेन सम्बंधों को और बेहतर बनाने के अलावा प्रजातांत्रिक मूल्यों,न्याय,समता और अभिव्यक्ती की आजादी के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

ब्रिटिश पार्लियामेंट में भारतीय मूल के विधार्थियों के साथ संवाद में तेजस्वी यादव ने कहा कि यूके के छात्र देश और बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए नॉलेज शेयर करें एवं उनसे लगातार संवाद बनाए रखें । उक्त जानकारी देते हुए राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा कि ब्रिटिश पार्लियामेंट के तेजस्वी यादव ने अपने लंदन प्रवास के दौरान विश्व प्रतिष्ठित कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय और ब्रीज इन्डिया के अन्तरराष्ट्रीय मंच से विभिन्न विषयों पर व्यक्त अपने उदगारों द्वारा बिहार को गौरवान्वित किया है।

राजद प्रवक्ता ने कहा कि इतने कम उम्र में एक राजनेता के रूप में तेजस्वी यादव द्वारा अन्तरराष्ट्रीय मंच को संबोधित करना बिहार के लिए हीं नहीं बल्कि देश के लिए गर्व की बात है । इससे अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर बिहार को एक नई पहचान मिली है।

प्रधानमंत्री का बिहार से गहरा लगाव : भाजपा

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी अपने हृदय में बिहार के लिए एक अहम स्थान रखते हैं, बिहार के लोगों से उनका गहरा लगाव है। इसलिए प्रधानमंत्री ने बिहार का गरीबी उन्मूलन की दिशा में काम कर रहे हैं, जनऔषधि केंद्र से लोगों को सस्ती दवाएं , गरीबों को आवास, हर घर को जल, हर घर को शौचालय, उज्जवला योजना गैस, मुफ्त चिकित्सा, मुफ्त अनाज उपलब्ध उपलब्ध करा रहे हैं और विद्यार्थियों के उत्थान के लिए शिक्षा के क्षेत्र में बिहार के उज्ज्वल इतिहास को देखते हुए दरभंगा में एम्स, बोधगया में आईआईएम, पटना के बिहटा में एनइटी बनाया। नालंदा अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय को पुनर्जीवित किया, आर्यभट्ट नॉलेज यूनिवर्सिटी, चाणक्य इंटरनेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, गया में सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार व कई अन्य शिक्षा संस्थानों को मोदी जी ने बिहार को दिया है।

मदरसे बंद करने की मांग पर जदयू ने जताया एतराज

पटना, प्रात : किरण संवददाता

बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दलों के बीच इन कई मसले पर तकरार है। दोनों दलों के नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इसी क्रम में भाजपा विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल बिहार में मदरसों को बंद कराने की मांग कर सियासी गरमाहट पैदा कर दी है। दूसरी तरफ जदयू नेता ने कहा है कि नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री रहते मदरसे सुरक्षित हैं। दरअसल, हाल ही में असम के मुख्यमंत्री ने वहां मदरसा को बंद करने की मांग करते हुए कहा था कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जिससे डाक्टर-इंजीनियर पैदा हों। इसी पर भाजपा के फायरब्रांड विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने असम के मुख्यमंत्री के बयान का समर्थन किया है। साथ ही बिहार में भी मदरसों को बंद करने की मांग कर दी है। बचौल के अनुसार मदरसे आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं, वहां आतंकवाद की पढ़ाई की जाती है। इधर, बिहार विधान परिषद के पूर्व उपसभापति और जेडीयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सलीम परवेज ने कहा है कि बिहार में जब तक नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं, मस्जिद, मदरसे और कब्रिस्तान सुरक्षित हैं। उन्होंने ज्ञानवापी विवाद के बहाने भाजपा को निशाने पर लेत हुए कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद था, है और रहेगा। वहीं, राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा है कि देश संविधान और कानून से चलेगा, न कि बीजेपी नेताओं के बयानों से। कांग्रेस प्रवक्ता राजेश राठौर ने कहा कि कभी मदरसों पर सवाल खड़ा किया जाता है तो कभी कुछ लोग सरस्वती शिशु विद्या मंदिर को हुड़दंगी बता देते हैं। कुछ घटनाएं किसी संस्था के पूरे अस्तित्व को प्रभावित नहीं करतीं, भड़काने या अलगाव पैदा करने वाले ऐसे बयान नहीं देने चाहिए।

जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्षों की सूची जारी

पटना, प्रात :किरण संवाददाता

जनता दल (यू०) अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री संतोष कुमार निराला ने आज नव मनोनीत जिला नगर संगठन के एकावन जिलाध्यक्षों की सूची जारी की है।

निराला द्वारा जारी सूची के अनुसार दरभंगा (नगर) प्रदीप कुमार महतो, पूर्णिया (नगर) रंजित चौधरी, कटिहार (नगर) कुंदन कुमार पासवान, मुजफ्फरपुर (नगर) कृष कुमार पासवान उर्फ राजेश, बेगूसराय (नगर) नाथो रजक, भागलपर (नगर) नन्दकिशोर कुमार हरि, बिहारशरिफ (नगर) सुनिल रविदास, पटना (नगर) रामजी कुमार रवि आरा (नगर) ललन प्रसाद नट, गया (नगर) सतेन्द्र गौतम माँझी बने हैं।

बगहा के जिलाध्यक्ष जय प्रकाश राम, प० चम्पारण राजेश्वर बैठा, पूर्वी चम्पारण अभिषेक प्र० रजक, शिवहर गया राम, सीतामढ़ी चन्द्रिका पासवान, दरभंगा श्यामसुन्दर सदा, सुपौल सूर्यभूषण कु० उर्फ निर्धन पासवान, मधुबनी रामनरेश चौपाल, अररिया भोला ऋषिदेव, किशनगंज बलिराम दास, पूर्णिया सुमंत ऋषिदेव, कटिहार सत्यनारायण ऋषिदेव, मधेपुरा महेन्द्र ऋषिदेव, सहरसा गोविन्द कुमार सदा, मुजफ्फरपुर कृष्णा प्रसाद राम, गोपालगंज योगेन्द्र राम, सीवान संपोष बाँसफोर, सारण शम्भू माँझी (पासवान), वैशाली अनिल कुमार दास, समस्तीपुर राजगीर राम, बेगूसराय उमेश सदा, खगड़िया श्याम सुन्दर सत्यार्थी, नवगछिया प्रेमलाल दास, भागलपूर महेश दास, बाँका अजय भारती, मूंगेर राजदेव प्रसाद, लखिसराय रेणू कुमारी, शेखपूरा बिनोद कुमार चौधरी, नवादा मिश्री रविदास, नालंदा बादल कुमार, बाढ़ रंजीत मल्लिक, पटना सम्मी कपूर, भोजपूर अवधेश राम, बक्सर टुना राम, कैमूर दिनेश राम, रोहतास डोमा राम, अरवल अजय पासवान, जहानाबाद योगश दास, औरंगाबाद सोनेलाल रमण उर्फ मन्टू राम, गया दूर्गा दत्त कुमार एवं जमूई के जिलाध्यक्ष ललन कुमार दास बनाये गए हैं।

साधना के लिए भाव की शुद्धता और समर्पण सर्वाधिक आवश्यक : माँ विजया

पटना। इस्सयोग की साधना से सभी इच्छित फल प्राप्त होते हैं। शुद्ध भावना और समर्पण के साथ नियमित की जाने वाली साधना अवश्य सफल होती है। साधक जिस भाव से साधना करता है, उसी के अनुरूप उसे उपलब्धि प्राप्त होती है। इसलिए प्रत्येक साधक के लिए भाव की शुद्धता सर्वाधिक आवश्यक है। उत्सव का आरंभ ओमकार के सामूहिक उच्चारण और सदगुरु के आह्वान की साधना के साथ हुआ और एक घंटे का अखण्ड संकीर्तन किया गया। इस्सयोगियों के श्रद्धा-उद्गार के पश्चात गुरुमाँ का आशीर्वचन और प्रसाद वितरण हुआ। संस्था के संयुक्त सचिव डा अनिल सुलभ ने बताया कि समारोह में इंग्लैंड से आए वरिष्ठ साधक डा जेठानंद बैकानी, ई उमेश कुमार, सरोज गुटगुटिया, लक्ष्मी प्रसाद साहू, नीना एस गुप्ता, शिवम् झा, अनंत कुमार साहू, श्रीप्रकाश सिंह, ममता जमुआर, राजेश वर्णवाल, किरण प्रसाद, वीरेंद्र राय, किरण झा, गायत्री प्रदीप, प्रभात झा सहित विभिन्न स्थानों से पधारे इस्सयोगी उपस्थित थे।

महाभियान | कृषि मंत्री बोले– खरीफ महाभियान का उद्देश्य किसानों को खरीफ फसलों की तकनीकी जानकारी देना

2025 तक 31 हजार हेक्टेयर में प्राकृतिक कृषि पद्धति से होगी खेती : अमरेन्द्र प्रताप सिंह

पटना, प्रात : किरण संवददाता

- कृषि मंत्री ने किया राज्यस्तरीय खरीफ कर्मशाला का उद्घाटन

राज्य में वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक 31,000 हेक्टेयर क्षेत्र में भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति से खेती की जायेगी। इसके लिए जिलावार भौतिक लक्ष्य का निर्धारण कर दिया गया है। यांत्रिकरण योजना के अंतर्गत इस वर्ष पॉयलट आधार पर ब्रिकेट मेकिंग मशीन को शामिल किया गया है, जिससे फसल अवशेष प्रबंधन करने में मदद मिलेगी।

उक्त बातें कृषि मंत्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने बामेती सभागार में आयोजित राज्यस्तरीय खरीफ कर्मशाला के उद्घाटन के मौके पर कही। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने दलहन की वैज्ञानिक खेती, तेलहन की वैज्ञानिक खेती तथा समेकित कृषि प्रणाली पुस्तिका का विमोचन किया। मंत्री ने कहा खरीफ महाभियान का उद्देश्य किसानों को खरीफ फसलों की तकनीकी जानकारी देना, फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति जागरूक करना, मौसम के अनुकूल कृषि कार्यक्रम के बारे में जानकारी उपलब्ध कराना तथा जैविक खेती को प्रोत्साहन देना है। इसके अतिरिक्त खरीफ मौसम में कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ विशेष दलहन एवं तेलहन बीज वितरण कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार करना है। उन्होंने कहा कि 26 मई को सभी जिला मुख्यालय में जिलास्तरीय खरीफ कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में 27 मई से 10 जून तक सभी प्रखण्ड मुख्यालय में प्रखण्डस्तरीय प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन होगा। प्रखंड स्तर पर प्रथम दिन लाभार्थी किसान को कृषि की उन्नत तकनीकी से संबंधित प्रशिक्षण एवं कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जायेगी और दूसरे दिन कृषि योजनाओं के लिए अनुदान पर उपादान वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा 06 से 31 मई तक अभियान चलाकर मिट्टी नमूनों का संग्रहण कर जांचोपरान्त किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराया जायेगा।

इस कार्यक्रम में कृषि विभाग के विशेष सचिव रवीन्द्रनाथ राय, विशेष सचिव बिजय कुमार, कृषि निदेशक डॉ आदित्य प्रकाश, निदेशक उद्यान नन्द किशोर, निदेशक, अपर निदेशक (शष्य) धनंजयपति त्रिपाठी, भूमि संरक्षण बैंकटेश नारायण सिंह, निदेशक पीपीएम अशोक प्रसाद, निदेशक बसोका सुनील कुमार पंकज सहित मुख्यालय एवं क्षेत्र के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

खरीफ बीज के लिए 25 मई तक होगा ऑनलाईन आवेदन

कृषि मंत्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि 14 मई से खरीफ मौसम में बीज प्राप्ति हेतु किसानों से ऑनलाईन आवेदन लिया जा रहा है, जो 25 मई तक चलेगा तथा 28 मई तक बीज वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के तहत राज्य के 190 गांवों में 22,610 एकड़ में जलवायु अनुकूल कृषि तकनीक का प्रत्यक्षण आयोजित किया जायेगा। जलावायु अनुकूल कृषि संबंधित गाँव में इस खरीफ मौसम में 50,000 किसानों का परिभ्रमण आयोजित किया जायेगा। मंत्री ने बताया कि सभी जिला कृषि पदाधिकारी किसानों को समय तथा निर्धारित मूल्य पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। उर्वरकों की आपूर्ति करने में जीरो टॉलरेंस की नीति का अक्षरशः पालन करेंगे। मुख्यालय स्तर के पदाधिकारियों द्वारा उर्वरक की उपलब्धता एवं आपूर्ति तथा जीरो टॉलरेंस नीति की समीक्षा की जायेगी। मंत्री ने बताया कि भूमि संरक्षण निदेशालय के अंतर्गत भूमि एवं जल संरक्षण से संबंधित विभिन्न आकार के जल संचयन संरचना का निर्माण एवं पौधा रोपण का कार्य किया जायेगा। साथ ही, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, जलछाजन विकास कार्यक्रम अन्तर्गत जल संचयन संरचना का निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि आत्मा योजना के माध्यम से खरीफ मौसम में 2,63,783 किसानों को लाभान्वित किया जायेगा, जिसके अंतर्गत खरीफ मौसम में 53,400 किसानों को प्रशिक्षण, कृषक हितार्थ समूह के 32,040 किसानों को प्रशिक्षण, 16,020 किसानों को किसान पाठशाला के माध्यम से प्रशिक्षण तथा 53,400 किसानों को किसान गोष्ठी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसी प्रकार, कला जत्था नुक्कड़-नाटक के माध्यम से 53,400 किसानों को जागरूक किया जायेगा तथा 35,000 किसानों को परिभ्रमण कराया जायेगा।

दूरबीन विधि से हुआ जननांग कैंसर का दुर्लभ ऑपरेशन

पटना, प्रात : किरण संवददाता

- बिहार राज्य में इस तरह की दूरबीन विधि से सर्जरी बेहद दुर्लभ

पारस एचएमआरआई अस्पताल ने इलाज में एक और मील का पत्थर स्थापित किया है। यहां के डॉक्टरों ने जननांग के कैंसर से पीड़ित पटना के एक 55 वर्षीय व्यक्ति का दुर्लभ दूरबीन विधि से ऑपरेशन किया है। इस विधि से मरीज के जांघ में मौजूद लसिक ग्रंथी को निकाला गया। ऑपरेशन करीबन 2 घंटे तक चला। जिसके बाद अब मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है और सामान्य रूप से दैनिक कार्य कर रहा है।

ऑपरेशन का नेतृत्व करनेवाली सर्जिकल ऑनकोलॉजिस्ट डॉ. आकांक्षा वाजपेयी ने बताया कि, मरीज के लिंग में अल्सर था और उस में से खून का भी रिसाव हो रहा था। यहां तक की घाव में कीड़े (मैगोट्स) लग गए थे। जब मरीज पारस अस्पताल पहुंचा तो यहां उसकी तत्काल बॉयोप्सी जांच कराई गई, जिसमें कैंसर निकला। कैंसर दूसरी स्टेज पर था, इसके तुरंत बाद ही योजना बनाकर मरीज की सर्जरी की गई। इस सर्जरी में लिंग के दो सेंटीमीटर से अधिक संक्रमित व घाव वाले भाग को काटकर निकाला गया, फिर बिना चीरा किए दूरबीन विधि से जांघ में मौजूद लसिक ग्रंथी को निकाला गया। इस विधि को मेडिकल भाषा में वी.ई. आई.एल. बोलते हैं।

ऑपरेशन के सात दिन बाद ही मरीज सामान्य रूप से अपने दैनिक कार्य खुद करने लगा है और बिना किसी सहारे के चल भी रहा है। जननांग में कैंसर कई कारणों से हो सकता है। साफ-सफाई के अभाव एक मुख्य कारण है। सफाई नहीं करने से लिंग के अगले हिस्से में गंदगी जमा हो जाती है। इसके अलावा सहवास के दौरान महिला से पेपिलोमा वायरस पुरुष के जननांग में प्रवेश करने से भी कैंसर होता है। धूम्रपान, त्वचा का संक्रमण, रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होना आदि भी इसके कारण हैं।

संक्षिप्त खबरें

मुखिया संघ ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर पूसा थानाध्यक्ष से की मुलाकात

समस्तीपुर। पूसा थाना क्षेत्र स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में हुए भारी उपद्रव के बाद नए थाना प्रभारी पूसा सीमा कुमारी से मुखिया संघ पूसा ने औपचारिक मुलाकात किया। सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने पंचायत की स्थिति से थाना अध्यक्ष को अवगत कराया। साथ ही शांति व्यवस्था के लिए बात की। थानाध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं होगी। संघ के सचिव राजीव कुमार, संघ के अध्यक्ष संजीव कुमार, मुखिया अनिल कुमार, राजीव कुमार, आशुतोष कुमार चौधरी, ने मुलाकात की।

ऑटो और पिकअप के बीच हुई टक्कर में एक की मौत, आधा दर्जन घायल

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले के बंगरा एनएच थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-28 पर मंगलवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक की मौत हो गई और करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को आनन-फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया है। वहीं खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पायी थी। घायलों में दो बच्चे भी शामिल हैं। जिनका इलाज कराया जा रहा है। घायलों में उजियारपुर थाना क्षेत्र के बलभद्रपुर निवासी लाल बीबी 52 वर्ष उम्र की एक महिला, मुजफ्फरपुर जिले के मण्डयपुर निवासी सुशील शर्मा 35 वर्ष, उनकी पत्नी संगीता कुमारी 26 वर्ष, उनके दो पुत्र कृष कुमार 6 वर्ष और प्रिंस कुमार उम्र 10 महीना एवं फतेहपुरबाला (मुसरीघरारी) की सवोजनी देवी (60) शामिल हैं। बताया जाता है कि बंगरा थाना क्षेत्र के एनएच पर चतुरिया गांव के समीप ऑटो और पिकअप के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर की सूचना मिलने पर बंगरा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए ताजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सभी को समस्तीपुर रेफर कर दिया गया।

करंट लगने से झुलसी महिला, इलाज के दौरान हुई मौत

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मोहनपुर टांरा में करंट लगने से एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला की पहचान रवि शंकर कुमार की पत्नी विनीता देवी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार वह घर में कुछ काम कर रही थी और काम के दौरान बल्ब जलाने के क्रम में करंट के चपेट में आ गई। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। आनन-फानन में परिजनों के द्वारा महिला को सदर अस्पताल समस्तीपुर ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में हाहाकार मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था।

डीएम ने जिले के कई बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया भ्रमण, जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मंगलवार को जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह बाढ़ प्रभावित क्षेत्र रोसड़ा अनुमंडल के सिंघिया, हसनपुर, एवँ बिथान क्षेत्र का भ्रमण किया गया एवं बाढ़ प्रभावित पंचायतों के जनप्रतिनिधियों से विमर्श किया गया। के स्थल भ्रमण के उपरांत सिंघिया, प्रखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र महरा, सोनमणि, बंगरहट्टा, विष्णुपुर डीह, क्योटर, तरसो, नीरपुर, भरतिया, शुब्भदिह, बलहा, निमी, एवँ लीलहौल, हसनपुर प्रखंड के भटवान, सिरसिया, एवं बिथान प्रखंड के सख़्वा, बेलसंडी, नरपा, सलहा बुजुर्ग, एवं सलहा चंदन आदि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का डीएम भ्रमणकर रोसड़ा अनुमंडल कार्यालय में सिंघिया, हसनपुर, एवं बिथान के पदाशिकारियों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की बाढ़ पूर्व तैयारी के संबंध में संयुक्त रुप से बैठक की गई। बैठक में अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन प्रशाखा के प्रभारी पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी रोसड़ा, अनुमंडल पदाधिकारी, रोसड़ा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रोसड़ा संबंधित प्रखंड एवं अंचल के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

बाढ़ पूर्व तैयारी के संयुक्त निरीक्षण के क्रम में चिन्हित कमजोर बिंदुओं की मरम्मत, बाढ़ निरोधक किए जा रहे कार्यों के प्रगति, बाढ़ संघर्षात्मक कार्य हेतु संग्रहित सामग्रियों, नाव नाविक के भुगतान एवं नावों की आवश्यकता और उपलब्धता, पॉलीथिन शीट्स की उपलब्धता सामुदायिक किचन स्थल की पहचान एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सम्पूर्ति पोर्टल के अद्यतनीकरण की स्थिति, पशु आश्रय स्थल, पशु चिकित्सा स्थल की पहचान, मानव या पशु राहत केंद्रों और सामुदायिक किचन अधिष्ठापन में जनप्रतिनिधियों की व्यवस्था, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के आवासन हेतु स्थल का चयन, वैकल्पिक फसल योजना एवं इनपुट सब्सिडी के वितरण की व्यवस्था, बाढ़ क्षेत्र में गर्भवती व धात्री महिलाओं की पहचान, बाढ़ क्षेत्र में महामारी फैलने से रोकने का उपाय, ब्लीचिंग पाउडर, हेलोजिन टेबलेट, क्लोरीन टेबलेट की उपलब्धता की स्थिति एवं छिड़काव की व्यवस्था की समीक्षा, गृह क्षति का त्वरित आकलन एवं भुगतान की समीक्षा, बाढ़ क्षेत्र में बाधित आवागमन एवं पुल पुलिया से गाद निकासी आदि की समीक्षा की गई।

एटक जिला कमिटी व समाजसेवियों की बैठक आयोजित

सफाई मजदूरों को पूर्ण समर्थन देने का निर्णय

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

एटक समस्तीपुर जिला कमिटी तथा समाजसेवियों की बैठक बंगाली टोला स्थित भाकपा जिला कार्यालय में मंगलवार को कमेटी के अध्यक्ष सुधीर कुमार देव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मार्क्सवादी नेता पूर्व विधायक विभूतिपुर कामरेड रामदेव वर्मा के निधन पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। जिला कमिटी के महासचिव रामविलास शर्मा ने कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए एटक के दिसंबर में होने वाले सम्मेलन की चर्चा की। बैठक में समस्तीपुर शहर के सफाई मजदूर की समस्याओं पर भी चर्चा हुई, और इनके आंदोलन पूर्व पूर्ण समर्थन देने का फैसला किया, 28 मई को रोसड़ा में आयोजित मजदूर सम्मेलन में अधिक से अधिक मजदूरों की भागीदारी का आह्वान किया गया। इसके साथ ही 29 मई के रसोईया संघ के गठन पर कार्य नीति बताई गई। बैठक में भाकपा के जिला सचिव सुरेंद्र कुमार सिंह मुन्ना, राज्य सचिव मंडल सदस्य रामचंद्र महतो, स्थानीय विधायक के प्रेस प्रतिनिधि राकेश कुमार ठाकुर, कांग्रेस नेता बच्चा बाबू गिरी, सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष महेश राय, लियाफी के सचिव प्रमोद कुमार पप्पू, शिक्षाविद प्रोफेसर रजनीश कुशवाहा, रामविलास शर्मा, शशी रंजन कुमार बबलू, मो० शहीद, प्रेम कुमार राय, अनिल प्रसाद महतो, विनोद कुमार, रामाश्रय महतो, लक्ष्मण पासवान, शंकर राम, शंकर प्रसाद साह, अर्जुन कुमार, एवं रामप्रवेश प्रसाद उपस्थित थे।

विधायक राजेश कुमार सिंह ने नवनिर्मित सड़क का किया उद्घाटन, शिलान्यास

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के पटोरी प्रखण्ड अंतर्गत निरंजन स्थान धमौन से वैशाली सीमान तक लगभग एक करोड़ की राशि से बनने वाली सड़क का शिलान्यास स्थानीय विधायक राजेश कुमार सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर स्थानीय ग्रामीण और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर धमौन से अमदीपुर जानेवाली सड़क जिसका न स्थानीय विधायक ने चुनाव से पूर्व इस सड़क के निर्माण के लिए यहाँ के लोगों से वादा किये थे। जिसे चुनाव जीतने के तुरंत बाद ग्रामीण कार्य विभाग से निर्माण करवाये भी, उसका भी उद्घाटन किया गया। दोनों सड़क की लागत लगभग पौने दो करोड़ की है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विजय राय, मुखिया सौरव राय, मुखिया मनोज राय, राकेश राय, संजय राय, प्रभात राय, रंजन राय, लल्लू राय, रणवीर राय आदि थे।

दिव्यागजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के बीच निशुल्क ट्राई साइकिल व 13 प्रकार के सहायक उपकरण वितरित

दलसिंहसराय, प्रात : किरण संवाददाता

दलसिंहसराय शहर के आरबी कॉलेज के मैदान में मंगलवार को सामाजिक अधिकारिता शिविर लगाकर एडिप व राष्ट्रीय व्योश्री योजनां अंतर्गत दिव्यागजनों एवं समाज के वरिष्ठ नागरिकों के बीच निशुल्क ट्राई साइकिल, सहित 13 प्रकार के सहायक उपकरण का वितरण किया गया। इस दौरान समस्तीपुर जिले से आये विभिन प्रखंडों के सात सौ चयनित दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों के बीच इसका वितरण किया गया। वहीं कार्यक्रम की शुरूआत विधायक एमएलसी सहित अनुमण्डल केसभी पदाधिकारियों के द्वारा सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ की गयी। इस अवसर पर उजियारपुर विधानसभा के विधायक आलोक कुमार मेहता, विभूतिपुर के विधायक अजय कुमार तथा एमएलसी तरुण कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बुनियाद केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी और जन उपयोगी योजना है।

इसका प्रचार-प्रसार जितना अधिक होगा, उतना ही यहां के दिव्यांगों और बुजुर्गों को लाभ पहुंचेगा। इसके लिए इस योजना से संबंधित जानकारी क्षेत्र के लोगों तक पहुंचाई जाए। इस कार्य में जनप्रतिनिधि भी बिना किसी भेदभाव के मदद करें। इस अवसर पर दलसिंहसराय, उजियारपुर, तथा विद्यापतिनगर, समस्तीपुर प्रखंडों से चयनित कुल सात सौ दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल सहित सहायता उपकरण बांटी गई।

दलसिंहसराय बुनियाद केंद्र के सौजन्य से सभी दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों का रजिस्ट्रेशन करवाया गया। वहीं सामाजिक आधिकारिता शिविर लगाकर इसका वितरण किया गया। मौके पर अनुमंडलाधिकारी प्रियंका कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रफुल्ल चन्द्र प्रकाश, प्रखंड प्रमुख संजीव कुमार, जिलापरिषद सदस्य सुनीता शर्मा, मीडिया प्रभारी राज दीपक, बीजेपी के नगर अध्यक्ष राजेश पासवान, ग्रामीण पूर्वी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र झा, सहित सैकड़ों दिव्यांगजन वरिष्ट नागरिक मौजूद थे।

बिजली चोरी के आरोप में एफआईआर

समस्तीपुर। बिजली चोरी के आरोप में नगर थाना समस्तीपुर में विद्युत आपूर्ति प्रशाखा के कनिय विद्युत अभियंता प्रीतम कुमार बंटी ने उपभोक्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसमें शहर के शहर के गुदरी बाजार वार्ड नंबर 20 निवासी और स्वर्गीय सुरेश गुप्ता के पुत्र टुनटुन प्रसाद गुप्ता को आरोपित किया गया है। एफआईआर दर्ज कराने को लेकर दिए आवेदन में जेई ने कहा कि गुदरी बाजार निवासी टुनटुन प्रसाद गुप्ता के यहां गुप्त सूचना के आधार पर जब टीम छापेमारी को पहुंची तो वहां मीटर को बायपास कर अवैध रूप से बिजली की चोरी की जा रही थी। इस चोरी से नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को बकाया राशि के साथ कुल एक लाख दो हजार 485 रुपए की राजस्व की क्षति हुई है। मौका-ए-वारदात पर विद्युत आपूर्ति प्रशाखा समस्तीपुर शहरी (प्रथम) मोहम्मद वसीम, सुरेश राय, आदेश कुमार, चंद्र किशोर गुप्ता मानव बल एवं राजा कुमार राय, कनीय सारणी पुरुष मौजूद थे। उसके बाद नगर थाना अध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

विधवा ने जानमाल सुरक्षा की लगाई गुहार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा जिले के कुशेश्वरस्थान थाना निवासी और स्वर्गीय कपिलदेव प्रसाद यादव पत्नी मीना देवी के द्वारा रोसड़ा थाना में आवेदन देकर जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई गई है।

अपने दिए आवेदन में उन्होंने कहा है कि रोसड़ा थाना क्षेत्र निवासी सुरेश कुमार सुनील, सविता देवी एवं रामेश्वर राय के विरुद्ध उनके जमीन और घर पर जबरन कब्जा करने को लेकर उन्होंने पूर्व में रोसड़ा थाना में आवेदन दिया था। जिस पर न्यायालय के द्वारा 107 का नोटिस भी जारी किया गया था।

जिसके विरोध में रामेश्वर राय, सुरेश कुमार सुनील, दीपराज ऊर्फ रौशन, सरोज यादव एवं संतोष यादव इन सभी लोगों ने उनके घर पर पहुंचकर आवेदन उठाने को लेकर धमकी दी गई। मीना देवी ने अपने दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि उन लोगों ने आवेदन और नोटिस नहीं वापस लेने पर जान से मारने की धमकी भी दी है। उन्होंने कहा कि वह अपने घर पर अकेली रहती है, उनकी जान को उन लोगों से खतरा है। उन्होंने रोसड़ा थाना अध्यक्ष से उन्हें कानूनी सहायता प्रदान करने एवं दोषियों के ऊपर कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्याय उचित दंड देने की गुहार लगाई है। आपको बता दें कि मीना देवी के अनुसार उनके पति ने अपने जीवन काल में वर्ष 1992 में एक जमीन खरीदी थी। जिस जमीन पर वह लोग खपरैल का मकान बनाकर रह रहे थे। पति की मृत्यु के बाद वह अपने जीविका उपार्जन के लिए बच्चों के साथ कोलकाता चली गई। वापस आने पर उन्होंने देखा कि उनके जमीन और घर पर आरोपितों ने कब्जा किया हुआ है। जिसको लेकर उनके द्वारा पूर्व में आवेदन दिया गया है।

बच्चों की शैक्षणिक कमी को दूर करने लिए चलेगा समर कैंप : डीपीओ रोहित रौशन

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के तिरहुत एकेडमी में जन शिक्षा निदेशालय (साक्षरता), पटना एवं प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में समर कैंप प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन डीपीओ रोहित रौशन ने किया।

उन्होंने जिले में समर कैंप की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि कोविड काल में बच्चों की पढ़ाई बाधित हुई है।

जिसकी भरपाई के लिए बच्चों की शैक्षणिक कमी को दूर करने के लिए जिले के सभी प्रखंडों में केआरपी के देख-रेख में शिक्षा सेवकों द्वारा गांव के कक्षा 4, 5, 6 के 10 बच्चों, जो भाषा पढ़ने में कमजोर हैं, उन्हें समर कैंप के माध्यम से वर्ग सापेक्ष दक्षता दिलानी है। यह समर कैंप एक जून से 30 जुन तक जिले के सभी प्रखंडों में कुल 1519 केंद्रों पर संचालित की जाएगी। समर कैंप में सम्मिलित सभी शिक्षा सेवकों को प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सौजन्य से शिक्षा के बदले शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से डिजिटल कोर्स करवाया जाएगा एवं सभी को समर कैंप में बच्चों के शैक्षणिक योगदान देने के लिए प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

डीपीओ श्री रौशन, एसआरपी मधुरेन्द्र दत्त शर्मा एवं डिविजनल कोर्डिनेटर हेमंत कुमार ने सभी को निर्देशित किया कि इस समर कैंप को सभी शिक्षा सेवक बेहतर ढंग से संचालित कर सफल बनाएं। राज्य, जिला एवं प्रखंड स्तर पर पदाधिकारियों द्वारा इसकी गहन अनुश्रवण तथा अनुसमर्थन की जाएगी।

इस प्रशिक्षण में प्रत्येक प्रखंडों से एक केआरपी एवं चयनित शिक्षा सेवकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में सभी प्रतिभागियों को ऑनलाइन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया गया तथा पोर्टल पर बच्चों का डाटा ऑनलाइन अपडेट करने की जानकारी दी गई। मौके पर लेखापाल राकेश कुमार दुबे, केआरपी देव कुमार, रमेश कुमार, रंजना कुमारी, कमलेश कुमार, प्रमिला कुमारी, शिक्षा सेवक विनोद कुमार, अमर सिंह, राम अकबाल कुमार, मो० शकील आजाद, रामप्रसाद मांझी, नाजिर हुसैन आदि थे।

श्री बालाजी इंडस्ट्रीज फायरिंग मामले में चार अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

पुलिस ने बीते 2 मई को मुसरीघरारी थाना क्षेत्र अंतर्गत हरपुर ऐलौथ इंडस्ट्रियल एरिया स्थित श्री बालाजी इंडस्ट्रीज में दो टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल सवार चार अज्ञात अपराधियों के द्वारा रंगदारी की मांग को लेकर की गई गोलाबारी की घटना में शामिल चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस बाबत मंगलवार को सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सदर डीएसपी मो० एसएस फकरी ने बताया कि श्री बालाजी इंडस्ट्रीज पर हुई गोलीबारी की घटना को लेकर समस्तीपुर घोष लेन स्थित वार्ड 17 निवासी अशोक कुमार गुप्ता के द्वारा चार अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध मुसरीघरारी थाना में लिखित आवेदन आवेदन दिया गया था। जिसके बाद इस घटना के उद्भेदन व इसमें शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए जिला पुलिस अधीक्षक हृदयकांत के निर्देश पर सदर डीएसपी मो० एसएच फकरी के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी के द्वारा माननीय तकनीकी आसूचना एवं सीसीटीवी तथा अनुसंधान के आधार पर इस घटना में संलिप्त अपराध कर्मियों को मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के हरपुर ऐलौथ निवासी गणेश राय के पुत्र अमित कुमार उर्फ छोटे सरकार के घर की घेराबंदी कर की गई छापेमारी में अमित सरकार व उनके अन्य 3 सहयोगियों को एक देशी पिस्टल और गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। गोलीबारी की घटना में प्रयुक्त किए गए दोनों अपाचे मोटरसाइकिल को भी पुलिस के द्वारा बरामद किया गया। पुलिस के द्वारा विस्तृत पूछताछ में अमित कुमार उर्फ छोटे सरकार ने घटना में अपनी व अपने सहयोगी की संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए गए अन्य अपराध कर्मियों की पहचान उजियारपुर थाना क्षेत्र के चंदौली निवासी नागेंद्र पाठक के पुत्र चमन पाठक, मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के सुआपाकर निवासी महेश्वर राय के पुत्र प्रभात कुमार उर्फ मोनू एवं बेगूसराय जिले के बखरी थाना क्षेत्र के सोनगा निवासी प्रमोद राय के पुत्र कौशल राय के रूप में की गई है। आपको बता दें कि बीते 2 मई की शाम करीब 7:20 बजे दो बाइक पर सवार चार बदमाशों के द्वारा उनकी फैक्ट्री के गेट पर आ कर गाली-गलौज करते हुए रंगदारी की मांग को लेकर तीन चक्र फायरिंग की गई थी। वहीं फैक्टरी का गेट बंद रहने के कारण किसी तरह के जानमाल की क्षति नहीं हुई थी। घटना के समय फैक्ट्री के मालिक अशोक कुमार गुप्ता किसी काम से बाजार गए हुए थे, जबकि उनका भांजा अमित कुमार गुप्ता फैक्टरी पर ही मौजूद था। वहीं इस घटना का सारा दृश्य सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। छापेमारी टीम में मुसरीघरारी थानाध्यक्ष पुअनि पंकज कुमार एवं मुसरीघरारी थाना के पुअनि मुकेश कुमार, सअनि ललित कुमार सिंह, सअनि गणेश प्रसाद सुमन, सअनि लाल मोहन राम एवं अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

असफल विश्वविद्यालय संचालन के जिम्मेवार पूसा केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति को बर्खास्त करो : आइसा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

आइसा जिला कमेटी के बैनर तले डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के छात्र का सड़क दुर्घटना में दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद छात्र का समुचित इलाज नहीं होने एवं परिजन को सूचना नहीं देने, अस्पताल में जीवन रक्षक दवाएं व इमरजेंसी की व्यवस्था नहीं होने तथा छात्र-छात्राओं के घर लौटने की वैकल्पिक व्यवस्था किए बिना अचानक हॉस्टल खाली कराने, शैक्षणिक गतिविधि अगले आदेश स्थगित करने, सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल छात्र अखिल साहू के इलाज में सहयोग कर रहे अन्य छात्रों पर विश्वविद्यालय एवं अंचलाधिकारी द्वारा एफआईआर दर्ज कराने के विरुद्ध आइसा के कार्यकताओं ने मंगलवार को शहर के पटेल गोलंबर से प्रतिरोध मार्च निकालकर ओवरब्रिज चौराहा स्थित कपूर्री स्मारक स्थल पहुंच सभा की गई।

सभा की अध्यक्षता आइसा जिलाध्यक्ष लोकेश राज तथा आइसा कार्यालय सह सचिव दीपक यादव ने सभा का संचालन ने किया। आइसा जिला सचिव सुनील कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि घायल छात्र का प्राथमिक उपचार तक सही से नहीं होने एवं देर से रेफर करने, केंद्रीय विश्वविद्यालय के हॉस्पिटल की माली हालात खराब होने के कारण छात्र का मौत हुआ है। इसके खिलाफ छात्र विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष विरोध दर्ज कर रहे थे।

मांग

- डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय बवाल के जिम्मेवार कुलपति व स्थानीय प्रशासन के खिलाफ प्रतिरोध मार्च

विरोध दर्ज कर रहे छात्रों की मांग पर केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय व जिला प्रशासन के सकारात्मक पहल नहीं करने और बिना मजिस्ट्रेट नियुक्त किए दर्जनो राउंड गोलियां एवं लाठी चलाने का परिणाम विश्वविद्यालय बवाल कांड है। बाद में अंचलाधिकारी को कागज पर मजिस्ट्रेट नियुक्त कर दी गई।

आइसा मांग करती है कि डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय कांड के जिम्मेवार कुलपति व अन्य पदाधिकारी के संदेहात्मक जिम्मेवारी की जांच कर सरकार और जिला प्रशासन कार्यवाही करें तथा कैंपस में लोकतांत्रिक माहौल बहाल कर स्वास्थ व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए पुनः कैंपस में शैक्षणिक गतिविधि बहाल करने तथा कोस्टल बंद करने का फैसला वापस ले विश्वविद्यालय। इस विश्वविद्यालय कांड की निष्पक्ष जांच कर दोषी कुलपति व अन्य पदाधिकारी पर कार्रवाई और हॉस्पिटल की व्यवस्था को दुरुस्त करें सरकार और जिलाप्रशास अन्यथा चरणबद्ध आंदोलन होगा।

कार्यक्रम में आइसा जिला सह सचिव द्रख्शा जबी, जिला उपाध्यक्ष मनीषा कुमारी, जानबी कुमारी, नूतन कुमारी, सोनू कुशवंशी, अभिषेक कुमार, मनीष कुमार, धीरज कुमार, मो० अफरीदी, ऐपवा जिला अध्यक्ष बंदना सिंह, आइसा जिला प्रभारी सह भाकपा माले नेता सुरेन्द्र प्रसाद आदि मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

अज्ञात अपराधियों ने मारी गोली युवक घायल

मझौलिया । बीती देर संध्या जब चिरंजीत कुमार दास खाना खा कर टहल रहे थे । इसी क्रम में बताया जाता है कि बाइक पर सवार तीन अज्ञात व्यक्ति आय और उससे मोबाइल छीनने लगे नहीं देने पर उनके दाएं हाथ में गोली उतार दी । गोली की आवाज सुनते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंच । इसकी सूचना मझौलिया थाना को दी । सूचना पाकर मझौलिया थाना घटनास्थल पर पहुंच । घायल चिरंजीत कुमार दास को इलाज हेतु बेतिया गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भेजा दिया । बताया जाता है कि परिजनों ने बेहतर इलाज हेतु मोतिहारी स्थित रहमानिया हॉस्पिटल ले गए । परिजनों का कहना है कि अभी तक उसके हाथ से गोली नही निकली है। वहीं पुलिस इस मामले में एक को अपने गिरफ्त में लेकर पूछताछ कर रही है ।बराहाल घायल चिरंजीत कुमार दास के पिता निरंजन दास के द्वारा थाना में आवेदन नही देने के कारण प्राथमिकी दर्ज नही हुई है। इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष अशोक कुमार साह ने बताया कि परिजनों से आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर दिया जाएगा । मामले में जल्द ही अपराधियो को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डाल दी जाएगी।

नव विवाहिता की हत्या

बगहा । बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना क्षेत्र स्थित पहाड़ी मझौवा गाँव मे मंगलवार की सुबह एक विवाहित महिला की हत्या होने की मामला प्रकाश में आया है । इस संदर्भ में स्थानीय पुलिस ने बांकेपट्टी मझौवा गाँव पहुँच कर शव को अपनी कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेजा है । चौतरवा थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने घटना स्थल से शव बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेजा गया है । उन्होंने बताया कि मृत विवाहित महिला की पहचान उक्त गांव के शमीम मियां की पत्नी मिशरुन नेशा के रुप में की गई है। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना का खुलासा हो पायेगी। उन्होंने बताया कि पुलिस घटना की जांच पडताल मे जूट गई है । तथा घटना कैसे घटी है अभी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है । स्थानीय लोगों ने बताया कि एक वर्ष पूर्व मिशरुन नेशा की शादी शमीम मियां से हुई थी । तथा तीन महीने का एक पुत्र है । लोगों ने बताया कि सुबह मे मृतका अपने मैके मोतिटोला बातचीत भी की थी। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतका के परिजनों के तरफ से आवेदन अभी प्राप्त नहीं है।

सांसद सुशील ने किया साथ उत्तर कोयल नहर का दौरा व निरीक्षण

निरिक्षण के दौरान हजारो की संख्या मे समर्थक मौजूद रहे

औरंगाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह हजारो समर्थकों के साथ उत्तर कोयल नहर का दौरा एवं निरीक्षण किए इस निरीक्षण कार्यक्रम का शुरूआत नबीनगर 103 आर/डी,सिमरसोत,राणाडीह, भजनिया होते हुए झारखण्ड़ के मोहम्मदगंज बराज तक किया गया।

इस मौके पर सांसद ने कहा कि उत्तर कोयल नहर मेन कैनाल में लाइनिंग का काम होना है उसका निरीक्षण करने के लिए आए है 26 मई को दिल्ली में भारत सरकार के द्वारा मेरे अनुरोध पर जल संसाधन मंत्रालय के द्वारा चल रहे काम का समीक्षा होनी है यह बैठक मेरे अनुरोध पर रखी गई है आज मैं ग्राउंड रियलटी को देखने आया था कि जमीन पर क्या काम हुआ है मैं इस जगह पर आकर बहुत दुःखी और आश्रयचकित हुआ मुझे जो जानकारी दी जा रही थी वह गलत थी मात्र लगभग 2 किलोमीटर में काम हुआ है जबकि इस कार्य को लगभग 32 किलोमीटर की लम्बाई तक इस कार्य को होना है। झारखण्ड़ के हिस्से में 0 से लेकर 103 आर/डी तक कोई कार्य नही हुआ है और अभी भी कंही पर ना

निरीक्षण

- लगभग 177 करोड़ रुपए का बजट मिला है जिससे32 किलोमीटर में कार्य होना है

कोई मजदूर लगे हुए है और ना कंही मशीन लगा हुआ है।

31 अक्टूबर 2021 के बाद से कैनाल हैंडओवर हो जाता है सिविल वर्ष कार्य के लिए उस समय से कार्य करने वाली एजेंसी आई ही नही कार्य करने के लिए मैं आज इसलिए काम को देखने के लिए आया था कि जो 26 मई को बैठक दिल्ली में होनी है उस बैठक में जमीनी सच्चाई को मंत्री के समक्ष इस निरीक्षण के दौरान जो देखा हुँ उन सभी बातों को प्रमुखता से रखुँगा और बचे हुए काम में तेजी लाने के लिए भरपूर प्रयास करुँगा और जिनलोगों ने अपने जिम्मेवारी का निर्वहन नही किया है वह पदाधिकारी हो या कार्य करने वाली एजेंसी उनके ऊपर जो भी दंडात्मक कारवाई हो उसके लिए मैं कोशिश करुँगा।

इस कार्य के लिए 177 करोड़ रुपए का है जिससे लगभग 32 किलोमीटर में कार्य होना है। मेरा पहला और मुख्य उदेश्य है कि काम पूरा हो मेरा मकसद है कि जो कैनाल में लाइनिंग का काम होना है वह जल्द से जल्द पूरा हो मंडल डैम में जो फाटक लगाना है वह कार्य जल्द से जल्द पूरा हो और बिहार के हिस्से में अभी जो बिहार सरकार ने स्वीकृति दी है वह कंक्रीट लाइनिंग करने के लिए उसका जल्द से जल्द टेंडर हो वहाँ कार्य में गुणवत्ता हो अच्छा से हो और वँहा यह काम न हो जो मोहम्मदगंज बराज 0 से लेकर 103 आर/डी तक हुआ है झारखण्ड़ में हो रहे काम मे गुणवत्ता अच्छा नही है।

जगह जगह बड़े बड़े छेद हो गए है टाइल्स भी टूटा हुआ है। इस यात्रा में भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह सिंह,सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह,समाजवादी नेता रामलखन सिंह,हुसैनाबाद भाजपा नेता बिनोद सिंह,हुसैनाबाद के जिला परिषद सदस्य आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह,मंडल अध्यक्ष उदय सिंह,विनय सिंह,बलराम सिंह,आकाश सिंह,अमरीश सिंह,प्रफुल्ल सिंह,रवि सिंह,राजकुमार सिंह,देव पूर्व उप प्रमुख मनीष राज पाठक,सुबोध सिंह,नबीनगर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुकेश सिंह,विजय सिंह,अरुण सिंह,बिनोद सिंह,नलिनी रंजन,मितेन्द्र सिंह,सुधीर सिंह,दिलीप सिंह,पंकज सिंह,दीपक सिंह,रोहित सिंह,शामिल हुए।

मुजफ्फरपुर : नुक्कर नाटकों के माध्यम से चलाया जा रहा जागरुकता अभियान

मुजफ्फरपुर, प्रात : किरण संवाददाता

सीफार, केयर तथा जिला प्रशासन के सहयोग से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जिले मे पुनः जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। अति प्रभावित गावों मे यह टीम घूम घूम अपने नाटकों के माध्रयम से ' एक गाँव -घर की कथा कहते है आपसे.सब कुछ है वहाँ पर भी,हमारे से आपसे.' कुछ यही कहते जमुरा डुंगडूगी बजाते हुए आता है। अपनी मन की व्यथा सुनाता है, वह कहता है कि अपनी बेवकुफी से उसे भी बहुत दुख हुआ था, जब समय रहते वह अपने बेटे की जान चमकी से नहीं बचा सका। इस कारण उसे अब खेला दिखाने में मजा नहीं आता।

कुछ ऐसे ही हृदय स्पर्शी दृश्यों के साथ संदेश देती नुक्क्ड़ नाटक की प्रस्तुति समाहरणालय परिसर में हुई। प्रस्तुति के बाद जिलाधिकारी प्रणव कुमार ने हरी झंडी दिखाकर नुक्कड़ नाटक की टीम को रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार ने कहा कि एईएस, चमकी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के मद्देनजर जनवरी-फरवरी माह से ही लगातार विभिन्न माध्यमों से पंचायत ,गांव और टोले स्तर पर सघन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके सकारात्मक परिणाम दिखाई देने लगे है। उन्होंने कहा कि जागरूकता अभियान के साथ समानांतर रूप से

अभियान

- चमकी , बुखार पर लोगों को समझाया, ओझा के चककर में न फंसे, जाएं सरकारी अस्पताल

माकूल चिकित्सिय व्यवस्था की उपलब्धता के कारण हम बहुत हद तक चमकी पर नियंत्रण करने में कामयाब रहे है। सेंटर फॉर एडवोकसी एंड रिसर्च (सीफार), केयर इंडिया तथा जिला प्रशासन, मुजफ्फरपुर की तरफ से आयोजित यह नुक्कड़ नाटक जिले के छह अति प्रभावित प्रखंडो में 52 जगहों पर लोगों को चमकी के संदेश देगी।

इस नुक्कड़ नाटक का आयोजन ऐसे जगहों पर किया जा रहा है जहां विगत दो वर्षों में एईएस के सबसे ज्यादा केस आए हैं। वहीं इसके लिए जिन जगहों पर नुक्कड़ का आयोजन होना है वहां पहले से ही ग्राम वासियों के बीच आमंत्रण पत्र बांटे जाएगें। नाटक में अरविंद, नेहा फातिमा, प्रिस आनंद, शिमी, सुशांत, चंदन और गंगा ने प्रस्तुति दिया।

मौके पर डीपीआरओ कमल सिंह, डीएमओ सतीश कुमार, सिफार के राज्य प्रबन्धक रणविजय कुमार, केयर डिटीएल सौरभ तिवारी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे। जोगीरा की डुगडुगी और भावना प्रधान बातों से शुरू हुई नुक्कड़ नाटक एक बच्चे रमुआ पर केंद्रित हो जाती है। जिसे सुबह में अचानक ही तेज बुखार और मुंह से झाग आ जाता है। इसे देखकर उसकी मां वैद्य तो पिता ओझा-गुणी की बात करने लगता है। इतना देखकर जमुरे कहता है कि उसे अब जाना ही पड़ेगा, बीच-बचाव करना ही पड़ेगा। वह आता है और कहता है क्यों अपने लाल को वह इन चक्करों में पड़कर मारना चाहती है। वह उसे तुरंत ही 102 पर कॉल करके एम्बुलेंस से सरकारी अस्पताल ले जाने के लिए कहता है,ताकि उसकी जान बच सके।

डीएम ने वज्रपात जागरूक रथ को हरी झंडी दिखा किया रवाना

औरंगाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

जिलधिकारी सौरभ जोरवाल ने सभी स्मार्टफोन धारको से इंद्रबज्र एप डाउनलोड करने की अपील की है। जोरवाल ने यहां समाहरणालय परिसर से सोमवार को आम अवाम को वज्रपात के खतरों से बचाव के प्रति जागरूक करने को लेकर आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा निकाले गये दो जागरुकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कहा कि सभी स्मार्टफोन धारक अपने-अपने सेलफोन में इंद्रबज्र मोबाइल एप्प डाउनलोड कर ले।

यह एप्प वज्रपात होने के 40 से 45 मिनट पूर्व एलार्म के माध्यम से आपको सतर्क कर देगा जिससे आप सुरक्षित स्थान पर चले जा सकते है। विपादनका सुर लोगो से अपील है कि इसकी जानकारी आप अपने पास पड़ोस के लोगो को भी दे ताकि वे भी वज्रपात

- बोले डीएम, मोबाइल में डाउनलोड करे इंद्रबज्र एप, 45 मिनट पहले मिल जाएगी वज्रपात की सूचना

से अपना बचाव कर सके। उन्होने कहा कि वज्रपात जागरूकता रथ जिले के हर प्रखंड में जाकर लोगो को यह जानकारी देगा कि वज्रपात से कैसे बचा जा सकता है ताकि विकट परस्थिति में भी लोग वज्रपात से अपना बचाव कर सके। जागरूकता टीम जिले के हर गांव में जाकर लोगो को जागरूक करेगा ताकि बज्रपात से होने वाली दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सके।

सड़क दुर्घटना में मृत पंकज मिश्रा के परिजन से मिले पूर्व मंत्री, बंधाया ढ़ाढ़स

मुजफ्फरपुर,प्रात : किरण संवाददाता

भूमिहार ब्राह्मण समाजिक फ्रंट के नेताओं ने आज स्थानीय दिघड़ा निवासी स्वर्गीय पंकज मिश्रा के परिजन से मिले। नेताओं ने परिजनों को ढाढस बंधाया एवं स्वर्गीय मिश्रा के असामयिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की। मौके पर नेताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व भूमिहार ब्राह्मण समाजिक फ्रंट के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश शर्मा एवं कार्यकारी अध्यक्ष अजीत कुमार ने कहा कि आए दिन लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। बड़े पैमाने पर लोग मर रहे हैं लेकिन दुर्घटना नियंत्रण के लिए प्रशासनिक स्तर पर कोई कारगर पहल नहीं हो पा रहा है ,जो बेहद दुखद है। उन्होंने कहा कि काजी इंडा चौक से कांटी चिन्मस्तिका

मंदिर , भगवानपुर चौक से मड़वन एवं झपहा सीआरपी कैंप से कोरलहिया तक का सड़क एक्सीडेंटल जोन बन गया। जहां आए दिन प्छोटी बड़ी दुर्घटनाएं हो रही है। मौके पर फ्रंट के नेताओं ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से दूरभाष पर बात कर उन्हें लगातार हो रहे दुर्घटना की जानकारी दी। मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लगातार दुर्घटना होने वाले सड़के व स्थान को चिन्हित कर तुरंत सूची भेजने का आग्रह फ्रंट के नेताओं से किया। साथ ही उन्होंने त्वरित कार्रवाई

- मौके पर नेताओं ने दूरभाष पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को दी हालात की जानकारी

का भी आश्वासन दिया है। फ्रंट की ओर से तक्षण एक्सीडेंटल जोन वाले सड़कों की सूची तैयार कर सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र मेल भेज दिया गया है। विदित हो कि स्वर्गीय पंकज मिश्रा (32 वर्ष)की मृत्यु 22 मई को दीघड़ा पुल पर सड़क दुर्घटना में हो गई थी। फिर उसी स्थल पर आज पुनः: सड़क दुर्घटना हुई है , जिसमे 2 लोगों की मौत हुई है। इस अवसर पर पीड़ित परिवार से मिलने वालों में पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा ,पूर्व मंत्री अजीत कुमार ,भूमिहार ब्राह्मण समाजिक फ्रंट के महासचिव धर्मवीर शुक्ला, कोषाध्यक्ष पीएन सिंह आजाद, फ्रंट के नेता राजेश कुमार ,शांतनु सत्यम तिवारी आदि प्रमुख लोग थे।

गया: इस्कॉन मंदिर में 30 को समर कैंप का आयोजन

गया, प्रात : किरण संवाददाता

गाँधी मैदान स्थित इस्कॉन मंदिर में 5 से 13 साल के बच्चों के लिए 30 मई से 5 जून तक 7 दिन का समर कैंप का आयोजन किआ जा रहा है। जानकारी देते हुए मंदिर प्रवन्धक श्री जगदीश श्याम दास जी ने कहा की बच्चों को संस्कार देना इस कैंप का मूल लक्ष है।

चाणक्य पंडित का एक उपदेश को उद्दरण करते हुए उन्होंने कहा की बच्चों को अगर उपहार न दिए जाये तो बच्चे कुछ समय के लिए रोयेंगे लेकिन अगर संस्कार न दिए जाये तो जिंदगी भर के लिए रोयेंगे। आज कल पिता माता समय आभाव के कारन बच्चों के ऊपर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। मोबाइल , सोशल मीडिया और टीवी तथा बॉलीवुड मूवी का बच्चों के ऊपर बहत बड़ा बुरा प्रभाव डाला है। बच्चों को संस्कार नहीं दिए जा रहा है इसी कारन ब्र्धाश्रम का संख्या में बहत बढौतरी हो रहा है। कई संतान अपने माता पिता का भी हत्या कर रहे हैं। इसी कारन इस्कॉन प्रवंधन ने बच्चों के लिए यह समर कैंप का आयोजन कर रहा है। सुबह ६ बजे से 11 बजे तक इस कैंप में बच्चों को कीर्तन , जाप , नैतिक शिक्षा , संस्कृत स्लोका स्मरण और उच्चारण, म्यूजिक ट्रेनिंग , पेंटिंग और आर्ट अदि शिखाया जायेगा। गेम और नृत्य का भी प्रावधान है। सभी बच्चों को ब्रेकफास्ट और लंच भी दिए जायेगा। होमवर्क के लिए भी टिप्स उपलब्ध किआ जायेगा। समर कैंप आयोजन में प्रमुख वालंटियर के रूप में सर्वदमन, शांतनु , जैकी , विपिन आदि सम्मिलित है। मंदिर प्रवंधन का अपील है की इस कैंप में ज्यादा से ज्यादा बचें भाग लें और संस्कारी बने।

गया : दो मिनट का मौन रख दी श्रद्धांजलि

गया, प्रात : किरण संवाददाता

पीडब्ल्यू आई ऑफिस गया मे दिवंगत अरुण कुमार दीक्षित पूर्व वरीय प्रशाखा अभियंता/ रेल पथ/ गया के आकस्मिक निधन कार्य करवाने के दौरान दिनांक 23 मई 2022 को डीडीयू जंक्शन पर ट्रेन की चपेट में आने से हो गया। एक शोक सभा का आयोजन पीडब्ल्यू आई ऑफिस गया में तथा शोक सभा का आयोजन ईसीआरकेयू गया शाखा मे संध्या 18:00 बजे से किया गया।

दिवंगत कुमार काफी मिलनसार, मृदुभाषी, रेलवे कार्य के जानकार व्यक्ति होने के कारण कर्मचारियों के बीच काफी लोकप्रिय थे, की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन हाजीपुर के कार्यकारी अध्यक्ष सह पीएनएम प्रभारी डीडीयू सह कार्यकारिणी सदस्य एआईआरएफ नई दिल्ली कां मिथिलेश कुमार, गया

शाखा अध्यक्ष मधुर लाल मंडल, गया शाखा सचिव मुकेश सिंह, सहायक सचिव राजन कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव रामप्रवेश प्रसाद ,कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, उपाध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद ,अजीत कुमार श्रीवास्तव, संगठन मंत्री राजीव रंजन कुमार ,संतोष कुमार, संजीत कुमार ,बीके चौधरी, अजय कुमार सिंह, नीरज कुमार शाखा पार्षद विनोद कुमार, पंकज कुमार सिंह, अमृत कुमार सिन्हा, मुन्नी कुमारी ,नर्मदा शांडिल्य, अमरदीप कुमार, बबलू कुमार के अलावा बहुत सारे रेल कर्मचारी भी उपस्थित थे।

विभिन्न मामलों में शामिल एक महिला सहित 7 आरोपी गिरफ्तार

मझौलिया, प्रात : किरण संवाददाता

मंगलवार के दिन मझौलिया पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न ठिकानों से पांच शराब पीने व बेचने के जुर्म व एक मारपीट के आरोप में डौरी एक्ट के मामले में एक महिला को मझौलिया पुलिस ने गिरफ्तार का महिला थाना को सुपुर्द किया। यह जानकारी यह जानकारी थाना अध्यक्ष अशोक कुमार साह ने दी।

उन्होंने बताया कि इन लोगों के विरुद्ध थाना कांड संख्या 374/22 दिनांक 24/5/22 धारा 37,30(a)(d) के प्राथमिकी अभियुक्त शकील मियां पिता स्व .गुलजार मियां साकिन जौकटिया वार्ड नं 1, फिरोज आलम पिता वजीर आलम साकिन झुमका थाना सिकटा ,कनिल कुमार भारती पिता अवधेश भारती मझौलिया, विशाल कुमार ठाकुर पिता दर्शन ठाकुर साकिन गुरचूरवा तथा थाना कांड संख्या 141/22 धारा 30(a) के नामजाद अभियुक्त

- सभी आरोपितों को मेडिकल जांचों उपरांत न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया गया

ललन धांगड़ पिता स्व महेंद्र धांगड़ साकिन धोकराहा धांगड़ टोली वहीं मारपीट व 307 के आरोप में थाना कांड संख्या 678/21 धारा 448, 323, 324, 307, 379, 504, 506, 34 भा.द.वी. के नामजद अभियुक्त ललन पासवान पिता रामअवतार पासवान साकिन नौतन खुर्द वार्ड नंबर 3 । महिला थाना कांड संख्या 7/20 के धारा 498के नामजाद आरोपित हनीफ मिया मिरटोला वार्ड 14 महदीपुर पंचायत के पत्नी को मझौलिया पुलिस ने गिरफ्तार कर महिला थाना बेतिया को सुपुर्द कर दिया। इन सभी आरोपितों को मेडिकल जांचों उपरांत न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया गया । इस पुलिसिया कार्रवाई से शराब पियक्कड़ों एवं कारोबारियों में हड़कंप सा मच गया है।

सत्याग्रह सेवा संस्था का स्वच्छता जागरूकता अभियान शुरू

नरकटियागंज, प्रात : किरण संवाददाता

प्रखंड के धूम नगर पंचायत अंतर्गत शेरवा मोटरिया गांव में दलित बस्ती में साफ सफाई जागरूकता अभियान के माध्यम से बच्चों को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए अभिप्रेरित किया गया। सेवा और सहयोग के साथ समाज, प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण, मानव के सर्वांगीण विकास व पशु पक्षियों पर विशेष रूप से कार्य करने में अपनी पहचान बनाने वाला सत्याग्रह सेवा संस्था के अध्यक्ष आशुतोष कुमार बरनवाल ने कहा कि संस्था धीरे धीरे सभी क्षेत्रों में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ योगदान देगा। हमारा उद्देश्य सिर्फ समानता और विकास के साथ मानव, जीव जन्तु व पर्यावरण का संरक्षण करना है। जिसके लिए हम हर मुमकिन प्रयास संस्था के द्वारा करेंगे। बच्चों को अपना उज्जवल भविष्य बनाने के लिए सत्याग्रह सेवा संस्था के कार्यकताओं द्वारा साफ सफाई के

- अभिवाहक बच्चों के भविष्य के लिए भेजे विधालय : संजय कुमार

साथ बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय जाने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही बच्चों के बीच टॉफी एवं बिस्कुट का वितरण किया गया और प्रतिदिन विद्यालय जाने के लिए बच्चों को प्रेरित किया गया। वहीं अभिवाहकों को भी बच्चों की शिक्षा की उपयोगिता को लेकर चचाएं कर उनमें जागरूक होने की प्रेरणा दी गई ताकि सभी अभिवाहक प्रतिदिन अपने छोटे बच्चे बच्चियों को विद्यालय भेजने का काम करें। बच्चें शिक्षित होकर ही अपने परिवार, समाज और देश का नाम रौशन कर सेवा कर सकते हैं। वहीं सचिव रेहान नैयर ने बताया कि संस्था बच्चों के लिए प्रमुखता के साथ कार्य करेगा और उन्हें शिक्षित व उज्जवल भविष्य के लिए सदैव प्रयास जारी रखेगा। साथ ही असहायों के लिए संस्था सदैव प्रयासरत होकर उनके आवश्यकताओं के साथ खड़ा रहेगा।

सडक दुर्घटना मे दो की दर्दनाक मौत

मुजफ्फरपुर । जिले के सकरा थाना क्षेत्र के रूपनपट्टी चौक के पास एनएच 28 पर सोमवार रात करीब 11 बजे बाइक सवार जीजा व साला को ट्रक ने रौंद दिया। दर्दनाक हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। घटना के बाद एनएच 28 पर अफरातफरी मच गई। कुछ देर के लिए यातायात भी ठप हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को सड़क से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतकों की पहचान मुरौल प्रखंड के मीरापुर मोहनपुर गांव के दिनेश शर्मा के पुत्र मुन्ना (34) व उसका साला तुर्की ओपी के चैनपुर निवासी रघुनाथ ठाकुर के पुत्र मंजय ठाकुर (32) के रूप में हुई है। मंजय ठाकुर अपने छोटे भाई की शादी में जीजा मुन्ना ठाकुर के साथ समस्तीपुर जिला के चकपहार गांव बाइक से जा रहा था। इसी दौरान रुपनपट्टी चौके के पास ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया। बारात में जा रही गाड़ी पीछे से जब वहां पहुंची तो दोनों की पहचान हुई। सकरा पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शून्य निवेश नवाचार के माध्यम से सरकारी विद्यालय के शिक्षक कर रहें अभिनव शिक्षण तकनीक का प्रयोग

औरंगाबाद, प्रात ; किरण संवाददाता

सदर प्रखंड औरंगाबाद के उर्दू मध्य विद्यालय बहुआरा के शिक्षकों द्वारा शून्य निवेश नवाचार के माध्यम से बच्चों को उनकी अधिगम प्रतिफल प्राप्ति हेतु कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। वरीय शिक्षक राजकुमार प्रसाद गुप्ता द्वारा बिना खर्च के बनाए गए टीएलएम के माध्यम से बच्चों को सिखाया जा रहा है। इससे बच्चे दिलचस्पी ले कर कक्षा में सिख रहे हैं। बताया गया कि छात्र केंद्रित शिक्षण प्रणाली को सफल बनाने के लिए शैक्षिक गतिविधियों में छात्र छात्राओं की सहभागिता आवश्यक होती है, इसलिए अब पुस्तकबद्ध शिक्षा से आगे बढ़कर विद्यालयों में आनुभविक शिक्षण प्रणाली पर जोर दिया जा रहा

है। समय एवं परिस्थितियों के अनुरूप शिक्षक अब नई नई विधियों का समावेश छात्रों के साथ उनके दैनिक जीवन में घटने वाली गतिविधियों के साथ कर रहे हैं, जिससे छात्रों के लिए शिक्षा रोचक, प्रासंगिक और ज्ञानवर्धक बन सके। इसके प्रभाव से विद्यालय में छात्रों के कक्षा के अनुरूप अधिगम स्तर में सुधार होता है तथा बच्चों के लिए स्वयं सिखने का माहौल भी आसानी से तैयार हो जाता है। विभिन्न विषयों को अलग अलग माध्यमों से रुचिकर और सरल बनाने की सोच और नीति अभिनव शिक्षण तकनीक नवाचार की नींव होती है। इस तकनीक का फायदा यह है की इससे विद्यालय में आनुभविक, प्रासंगिक तथा रुचिकर शिक्षा का विकास होता है, पठन पाठन प्रक्रिया में छात्रों और शिक्षकों में सहभागिता होती है, छात्रों की स्मरण शक्ति और आत्म विश्वास में सुधार होता है, शिक्षकों के प्रोत्साहन स्तर में वृद्धि , छात्रों की नामांकन एवं उपस्थिति की दर तथा उनके ठहराव में सुधार होता है। अभिनव शिक्षण तकनीक में शून्य निवेश नवाचार एक अहम भूमिका निभाती है। शिक्षक बिना खर्च या कम लागत के टीएलएम निर्माण कर नवाचार के माध्यम से एक ही पाठ को पढ़ाने की अनेक सरल और रोचक गतिविधियां करा रहे हैं। इससे शिक्षा में गुणात्मक सुधार संभव हो रहे हैं। वर्तमान समय में बिहार शिक्षा परियोजना पटना द्वारा बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान से जुड़ी दक्षताओं को प्राप्त करने के लिए कई प्रकार के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन दक्षताओं में सामाजिक - भावनात्मक कौशल , साक्षरता, संख्या ज्ञान और यहां तक कि बाल कल्याण भी शामिल है। निपुण भारत का बिहारी रूप निपुण बिहार के तहत पढ़े बिहार बढ़े बिहार कार्यक्रम अंतर्गत माइक्रो इंप्रूवमेंट प्रोजेक्ट का दीक्षा पोर्टल ऐप द्वारा ऑनलाइन प्रोजेक्ट विद्यालय के प्रधानाध्यापकों द्वारा पूरा किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विद्यालय के बच्चों के लिए कई प्रकार की गतिविधिया शिक्षकों की सहायता से आयोजित की जा रही है।

मां के गर्भ से डकैत पैदा नहीं हुई थी कुसुमा नाईन : राजेंद्र ठाकुर

बगहा। जननायक कर्पूरी ठाकुर सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह शिक्षक सेना पश्चिम विभाग के महासचिव राजेंद्र प्रसाद ठाकुर ने कहा है कि उत्तर प्रदेश जालौन जिले के टिकरी गांव में 1964 में पैदा हुई कुसुमा नाईन डकैत नहीं थी। अपने परिवार में अपने माता-पिता के साथ कुसुमा नाईन खुश थी और विधालय में जाना शुरू ही की थी कि कुसुमा नाईन का पडोसी माधव मल्लाह जो डकैतों की मुखबिरी करता था। उसकी बुरी नियत कुसुमा पर पडी । वे उत्तर प्रदेश एवं बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र में नाई समाज के लोगों को जागरूक करते हुए यूपी सरकार से कुसुमा नाईन के तरफ से न्याय की गुहार लगा रहे थे! कहा कि बहला फुसला कर कुसुमा को लेकर फरार हो गया था। पिता के द्वारा थाने में शिकायत करने पर कुसुमा नाईन घर आ गई। कुसुमा नाईन के पिता समाज में इज्जत बनी रहे इसलिए कुसुमा नाईन की शादी केदार नाई से कर दिए ।

स्वयंसेवकों एवं बचाव दल कार्यकर्ताओं का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

मुजफ्फरपुर, प्रात : किरण संवाददाता

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मुजफ्फरपुर के तत्वाधान में बाढ़ पूर्व तैयारी एवं डूबने ,नाव दुर्घटना की रोकथाम हेतु जारी जन- जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत कटरा एवं औराई में एसडीआरएफ टीम द्वारा गोताखोरों, नाविकों, युवा स्वयंसेवकों, राहत बचाव दल कार्यकताओं, स्थानीय कर्मियों व जनप्रतिनिधियों का संवेदीकरण एवं क्षमता वर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

उक्त प्रशिक्षण में सभी संबंधित को बाढ़ पूर्व तैयारी, डूबने से बचाव, नाव दुर्घटना की रोकथाम की विधियों के बारे में जानकारी दी गई। माकड्रिल के माध्यम से प्राथमिक उपचार एवं खोज-

बचाव, सर्पदंश बचाव, सीपीआर की विधियों, डूबते को बचाना, राफ्ट बनाने की विधियो, पारिवारिक सुरक्षा किट आदि के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

एसडीआरएफ टीम द्वारा बाढ़ से पहले बाढ़ के दौरान तथा बाढ़ के पश्चात की जाने वाली सावधानियां के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।, जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर के निदेर्शानुसार, जिला आपदा प्रबंधन प्रशाखा, मुजफ्फरपुर के तत्वाधान में अंचल मीनापुर मे नावों के निबंधन हेतु विशेष शिविर लगाया गया जिसमें श्री रंजीत कुमार, मोटरयान निरीक्षक मुजफ्फरपुर द्वारा नाव का सर्वेक्षण तथा मापी की गई तथा मानक अनुसार नाव निबंधन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। सभी नाव मालिकों को मानक अनुसार नावों पर डूबने से बचाव की सामग्री तथा नावों पर सुरक्षात्मक दृष्टि से अतिरिक्त रूप से गोताखोर रखने को कहा गया।

इस अवसर पर नावों पर भार क्षमता का अंकन तथा निबंधन संख्या का अंकन तथा नाव मालिकों के साथ एकरारनामा करने की कार्रवाई भी अंचल कर्मियों द्वारा की गई। इस अवसर पर अंचलाधिकारी मीनापुर भी उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

राहतकारी फैसला

ऐसे वक्त में जब वैश्विक संकट के बीच देश की जनता कमरतोड़ महंगाई से जूझ रही है, केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाकर जनता को राहत देने का फैसला वक्त की मांग ही थी। इतना ही नहीं उज्ज्वला योजना के जरिये कमजोर वर्ग के नौ करोड़ लाभार्थियों को साल में बारह सिलेंडरों पर प्रति सिलेंडर दो सौ रुपये की छूट देने की भी घोषणा की है। निस्संदेह पिछले आठ साल की सबसे अधिक खुदरा व नौ साल की सर्वधिक थोक मुद्रास्फीति झेल रही जनता को इससे कुछ न कुछ राहत अवश्य मिलेगी। इससे जहां मालभाड़ा कम होगा, वहीं खाद्य महंगाई में कुछ कमी की भी उम्मीद जगी है। दरअसल, देश के केंद्रीय बैंक ने भी संकेत दे दिये थे कि पेट्रो उत्पादों की कीमत में कमी के बिना महज मौद्रिक उपायों से महंगाई पर काबू पाना मुश्किल होगा। उल्लेखनीय है कि बीते साल नवंबर में भी केंद्र सरकार ने पेट्रोल व डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाया था। उसके बाद भाजपा व एनडीए शासित राज्यों ने भी पेट्रो उत्पादों पर से वैट घटाया था। लेकिन विपक्ष शासित राज्यों ने इसका अनुकरण नहीं किया। इस बार केंद्र सरकार द्वारा की गई कटौती के बाद राजस्थान, ओडिशा व केरल ने अपने राज्यों के लोगों को राहत देने का प्रयास किया है। विश्वास है कि अन्य राज्य भी महंगाई से हलकान जनता का बोझ कम करने का प्रयास करेंगे। निस्संदेह, सरकारी खजाने पर सवा लाख करोड़ रुपये से अधिक का बोझ पड़ेगा, लेकिन वक्त की मांग थी रिकॉर्ड तोड़ महंगाई से जनता को राहत दी जाये।

वैसे केंद्र सरकार के प्रत्यक्ष व परोक्ष करों में जो वृद्धि हुई है, उससे सरकार के घाटे में कमी हो सकेगी। मौजूदा वैश्विक संकट में महंगाई का ताप कम करना हर सरकार का नैतिक दायित्व होना चाहिए क्योंकि दो साल के कोरोना संकट की वजह से देश के अस्सी करोड़ से अधिक लोगों की आय का संकुचन हुआ है। ऐसे में जख्मों पर मरहम जरूरी था। यह अच्छी बात है कि केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दामों में कटौती व उज्ज्वला योजना के जरिये कमजोर वर्ग की मदद के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों के उद्यमों को राहत देने का प्रयास किया है। सरकार ने प्लास्टिक उत्पादों, लोहे व स्टील पर कस्टम ड्यूटी कम करने की पहल भी की है। साथ ही वायदा किया है कि निर्माण उद्योग के लिये प्रचुर मात्रा में सीमेंट की उपलब्धता कराई जायेगी। दरअसल, देश के तमाम सेक्टर उत्पाद लागत में वृद्धि व आपूर्ति शृंखला में बाधा उत्पन्न होने से संकट के दौर से गुजर रहे हैं। सरकार के इस कदम से इन क्षेत्रों के उद्यमों को राहत मिलेगी। महंगाई के इस दौर में कोरोना संकट से उबरती अर्थव्यवस्था एक बार फिर पटरी से उतरती दिख रही है। ऐसे में आय का संकुचन होने से बाजार में मांग कम हो सकती है जिससे आखिरकार अर्थव्यवस्था की गति धीमी हो सकती है। निस्संदेह, इस संकट के मूल में जहां कोरोना संकट के जख्म हैं, वहीं इस तपिश वाली आग में घी डालने का काम रूस-यूक्रेन युद्ध ने किया है। जिसके चलते पूरी दुनिया में खाद्य आपूर्ति शृंखला बाधित हुई है। जाहिर है इस संकट से सारी दुनिया जूझ रही है और कई पड़ोसी देश दिवालिया होने के कगार पर पहुंच गये हैं, लेकिन अपना घर संभालने की जिम्मेदारी तो सरकार की ही बनती है। तमाम मौद्रिक उपायों के साथ ही सरकार को महंगाई कम करने के लिये अतिरिक्त उपाय करने होंगे। लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को भी संबल देना ही होगा। ऐसे में विश्वास किया जाना चाहिए कि केंद्र सरकार के हालिया कदम से लोगों की मुश्किलों में कुछ कमी आयेगी। निस्संदेह, इस संकट में भारतीय कृषि क्षेत्र हमारी ताकत बना है। सरकार ने समय रहते गेहूं के निर्यात पर रोक लगाकर घरेलू बाजार में आम आदमी की प्राथमिक जरूरत आटे की कालाबाजारी पर रोक लगाने की सार्थक पहल की है। महंगाई कम करने के लिये केंद्र व राज्यों के साझे प्रयास जरूरी हैं। संकट के दौर में कम से कम राजनीति तो नहीं होनी चाहिए।

प्रेरक प्रसंग

निहारने की गुरुभक्ति

बात उस समय की है जब स्वामी विवेकानंद, स्वामी विवेकानंद नहीं बल्कि नरेंद्र दत्त थे और अपने गुरु के लिए नरेन थे। नरेन अपने गुरुदेव से मिलने रोजाना उनके पास दक्षिणेश्वर आया करते थे। एक बार गुरुदेव रामकृष्ण ने नरेन से बात करना और उनकी ओर देखना भी बंद कर दिया। स्वामी विवेकानंद (नरेन) थोड़ी देर बैठे रहे, फिर गुरुदेव रामकृष्ण परमहंस को प्रणाम करके चले गए। जब अगले दिन आये तब फिर वही घटना घटी, फिर ऐसा कई दिनों तक चलता रहा। आखिर में रामकृष्ण परम हंस ने अपनी चुप्पी तोड़ी और स्वामी विवेकानंद से पूछा। जब मैं तुझसे बात ही नहीं करता था, तो तू क्या करने यहां आता रहा। उत्तर में स्वामी विवेकानंद बोले, 'महाराज आपको जो करना है आप जानें, मैं कोई आपसे बात करने ही थोड़ी आता हूं... मैं तो बस आपको देखने के लिए आता हूं।' स्वामी विवेकानंद गुरु को देख-देख कर पूर्णता की ओर बढ़ गये। जीवन में जिसने गुरु को निहारने की कला सीख ली वह हमेशा आगे बढ़ता ही जाता है और अपार आनंद प्राप्त करता है।

काव्यांजलि

खिलखिलाया टुकड़ा सूरज का

खिड़की से झांकता....
सूरज का एक टुकड़ा
मेरे मुखड़े पर आकर चमक उठा!
अनायास!
उसकी रोशनी से,
चकाचौंध मेरी आंखें!
मुस्कुरा कर पूछ बैठी?
बहुत दिनों बाद.....?
मुझ से मिलने आए।
खिलखिलाया टुकड़ा सूरज का...!
और बोला!
मिलने तो मैं रोज आता हूं,
परंतु! चुपचाप तुझे देख कर,
वापस लौट जाता हूं।
मैंने पूछा क्यूं?
टुकड़ा हंस कर बोल पड़ा,
अब दो - दो मोहब्बत किस काम की?
मैं तुझे देखता हूं.....
ये मेरी इबादत !
और तू उसको मुझ में देखती है!
ये तेरी मोहब्बत।
ईर्ष्यापूर्ण है! तेरा,मुझ में उसे देखना,
तो एक रास्ता निकाल....
या तो मैं सही...,
या तू सही...,
मैंने कहा! सुन रे प्यारे!
क्यूं नाराज होता है?
मंदिर में तो ईश्वर ही होता है!
तेरे में भी सर्वस्व समाया,
फिर तू क्या, वो क्या?
हर तरफ तू ही तू,
नजर आया!
ये सुन!
टुकड़ा मुस्कुराया.....
और फिर,
मेरे अंदर एक लौ बन,
समाहित हो गया।

-अमृता अग्रवाल

क्वाड शिखर सम्मेलन से आगे की चुनौतियां

बाइडेन प्रशासन के रवैये से लगता है, ध्यान इस ओर है कि विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष श्रीलंका के गंभीर आर्थिक संकट का विश्लेषण कर उसकी जरूरतों को पूरा करें। हालांकि बाइडेन ने यूएई के सुल्तान शेख जायद से अपने मतभेद कम करने की दिशा में उनके पिता के शोक समारोह में भाग लेने के लिए उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस और विदेश मंत्री ब्लिंकन को भेजा किंतु सऊदी अरब के युवराज सलमान पर उनकी विगत कड़ी टिप्पणी से इस्लामिक जगत के सबसे ताकतवर नेता की नाराजगी अभी भी कायम है।

जी. पार्थसारथी
लेखक पूर्व वरिष्ठ राजनयिक हैं

पिछले महीने, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के एक बयान पर भारत की भौंहें तन गईं, जब उन्होंने यूक्रेन में रूसी सैन्य दखलअंदाजी पर भारत को अपनी नीतियों में 'कुछ अस्थिर' बताया। उनका उक्त कथन एक माह से भी कम समय पहले, 3 मार्च को हुए क्वाड वर्चुअल शिखर सम्मेलन के बाद आया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा ऑस्ट्रेलियन प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरीसन, जापानी प्रधानमंत्री फ्यूमियो किशिदा और राष्ट्रपति बाइडेन ने भाग लिया था। सार्वजनिक रूप से बताया गया कि वार्ता में यूक्रेन के हालिया घटनाक्रम का असर मानवीय पहलुओं पर होने समेत अन्य विचार-विमर्श किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देकर कहा कि दोनों पक्षों को अंतर्राष्ट्रीय कानून और राष्ट्रों की सार्वभौमिकता का आदर करते हुए पुनः वार्ता और राजनयिक उपायों पर लौट जाना चाहिए। अगली क्वाड वार्ता 24 मई को टोक्यो में होने जा रही है।

जहां राष्ट्रपति बाइडेन की टिप्पणी से भारत में कइयों को हैरानी हुई थी, तथ्य यह भी है कि उन्होंने प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और राष्ट्रपति जॉर्ज बुश जूनियर के बीच हुए भारत-अमेरिका परमाणु संधि करार का समर्थन किया था, जिससे भारत पर लगे वैश्विक आणविक प्रतिबंध खत्म हो पाए थे। वाशिंगटन डीसी में क्वाड सम्मेलन को लेकर हुई वार्ता में भारत की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर तो अमेरिकी पक्ष में विदेश मंत्री ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने भाग लिया था और बृहद मुद्दों पर बात हुई। इसमें कोविड वैक्सीन उत्पादन बढ़ाने से लेकर पर्यावरण और आर्थिक विकास इत्यादि विषय थे। सबसे अहम, दक्षिण चीन सागर समेत सब जगह, कानून-आधारित व्यवस्था को बनी चुनौतियां का हल अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करके निकालने पर जोर एकदम स्पष्ट था। चीन ने खुलेआम अंतर्राष्ट्रीय सागरीय कानून की धज्जियां उड़ाते हुए तमाम पड़ोसी मुल्कों की समुद्री सीमाओं का अतिक्रमण कर रखा है। जहां आसियान संगठन के कुछेक सदस्य, जैसे कि इंडोनेशिया, चीन के समुद्री सीमा संबंधी दावों को चुनौती दे रहे हैं वहीं बाकियों ने चीन की आक्रामक प्रतिक्रिया के डर से ऐसा न करना चुना है। यही रवैया हाल ही में राष्ट्रपति बाइडेन द्वारा वाशिंगटन में आसियान संगठन के राष्ट्राध्यक्षों के लिए आयोजित शिखर सम्मेलन में स्पष्ट रूप से देखने को मिला। समय-समय पर भारत को लेकर आए राष्ट्रपति बाइडेन के विचार सर्वविदित हैं। यह साफ है कि बाइडेन चीन का सामना करने वाले ताइवान को अमेरिकी समर्थन देने सहित अन्य उपायों पर कृत-संकल्प हैं। तथापि उन्होंने श्रीलंका की मदद के लिए कोई बयान जारी नहीं किया है, जिसे इस वक्त आर्थिक सहायता की बेतरह जरूरत है।

बाइडेन प्रशासन के रवैये से लगता है, ध्यान इस ओर है कि विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष श्रीलंका के गंभीर आर्थिक संकट का विश्लेषण कर उसकी जरूरतों को पूरा करें। हालांकि बाइडेन ने यूएई के सुल्तान शेख जायद से अपने मतभेद कम करने की दिशा में उनके पिता के शोक समारोह में भाग लेने के लिए उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस और विदेश मंत्री ब्लिंकन को भेजा किंतु सऊदी अरब के युवराज सलमान पर उनकी विगत कड़ी टिप्पणी से इस्लामिक जगत के सबसे ताकतवर नेता की नाराजगी अभी भी कायम है। यह सब बताता है कि हमारा वास्ता ऐसे अमेरिकी राष्ट्रपति से है जो तुर्श और यहां तक कि अधीर स्वभाव वाले हैं। हालांकि बाइडेन के पास चीन से बरतने को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और विदेश एवं रक्षा के रूप में बहुत अनुभवी और काबिल निजी सलाहकार हैं। इसके अलावा, कर्ट कैम्पबेल, जो कि व्हाइट हाउस में हिंद-प्रशांत महासागरीय मामलों के समन्वयक हैं, इस क्षेत्र में चीन से बनी चुनौतियों पर उनका नजरिया एकदम स्पष्ट और यथार्थवादी बताया जाता है।

यूं तो राष्ट्रपति बाइडेन की पसंदगी और नापसंदगियां खुले रूप में सर्वविदित हैं किंतु पाकिस्तानी फौजी जनरलों, खासकर चार सितारा, के प्रति विशेष लगाव एक छिपा पहलू है। हालांकि मौजूदा सेनाध्यक्ष जनरल बाजवा की बाइडेन से मुलाकात आधिकारिक यात्रा के जरिए आज तक नहीं हुई है, लेकिन जुलाई, 2019 में प्रधानमंत्री इमरान खान की वाशिंगटन यात्रा में राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप से मिले थे। अपने पूर्ववर्ती से उलट राष्ट्रपति बाइडेन को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान सख्त नापसंद है। इमरान खान की मास्को यात्रा के दौरान रूसी फौज की यूक्रेन पर चढ़ाई से इसमें और इजाफा होता गया। इमरान खान को लेकर बाइडेन की नाराजगी इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी राजदूत के जरिए बाकायदा पाकिस्तान को बता दी गई। लेकिन जो बात कम मालूम है कि असल वजह है बाइडेन का पाकिस्तानी सेना के लिए विशेष लगाव। इसके लिए दो घटनाएं जानना रोचक होगा। राजनयिक प्रोटोकॉल में किसी देश के उप-राष्ट्रपति का रुतबा वहां के प्रधानमंत्री से ऊपर होता है। फिर भी, 13 जनवरी, 2011 के दिन राष्ट्रपति बाइडेन, जो पाकिस्तान के दौरे पर थे, अपने मेजबान तत्कालीन प्रधानमंत्री युसूफ रजा गिलानी के इस्लामाबाद स्थित आधिकारिक आवास से सड़क मार्ग के जरिए 3 घंटे का सफर कर रावलपिंडी स्थित पाक सेना मुख्यालय में तत्कालीन सेनाध्यक्ष अशफाक परवेज कयानी से भेंट करने पहुंचे।

बाइडेन-कयानी की इस मुलाकात के बमुश्किल 4 महीने बाद 2 मई, 2011 को अमेरिकी नौसेना के स्पेशल वारफेयर डेवलपमेंट ग्रुप के कमांडोज ने एबटाबाद के छावनी इलाके से सटी रिहायशी बस्ती के एक घर पर धावा बोल विश्व के सबसे वांछित आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना के प्रति बाइडेन का स्नेह आगे भी कायम रहा। आगे उन्होंने, 15 नवम्बर, 2015 को व्हाइट हाउस के रूजवेल्ट कक्ष में अगले सेनाध्यक्ष राहिल शरीफ का अभूतपूर्व स्वागत किया। व्हाइट हाउस से जारी विज्ञप्ति में बाइडेन ने कहा आतंकरोधी, आर्थिक और क्षेत्रीय सुरक्षा पर हमारी साझा चिंताओं के निवारण के लिए अमेरिका पाकिस्तान के साथ सुदृढ़ साझेदारी बनाने में पुनः इच्छा व्यक्त करता है। इसके बरक्स, हालांकि बाइडेन ने इमरान खान के प्रति अपनी नापसंदगी गुप्त नहीं रखी और अब अमेरिका शाहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली किंतु कुछ डांवांडोल संयुक्त सरकार के साथ दोस्ताना रिश्ते बनाने में व्यस्त है।

इन जटिलताओं और विरोधाभासी अमेरिकी नीतियों के बावजूद, अमेरिका-भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों को विस्तार देने और क्वाड संगठन में सहयोग सुदृढ़ करने पर स्पष्ट सहमति है। इसका पता टोक्यो क्वाड शिखर सम्मेलन को अहमियत देने से चलता है। हिंद-प्रशांत महासागरीय क्षेत्र में चीन की इलाकाई महत्वाकांक्षा और सामरिक उद्देश्यों से कारगर संतुलन बैठाने में क्वाड की भूमिका को मान्यता मिली है। आसियान संगठन के सदस्य जैसे कि जापान, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, इंडोनेशिया और फिलीपींस के साथ मिलकर सुरक्षा सहयोग पर विस्तृत योजना पर काम करने की जरूरत क्वाड को है। चूंकि शेष आसियान सदस्य चीन के साथ अपने रिश्ते कायम रखने के इच्छुक हैं, इसलिए उसके विरुद्ध जाएंगे, यह मुश्किल है। इसके अलावा, न केवल क्वाड संगठन के सदस्यों के बीच और ज्यादा आर्थिक सहयोग बढ़ाने की जरूरत है बल्कि इसको विस्तार देते हुए हिंद-प्रशांत महासागरीय क्षेत्र तक ले जाएं।

कैसे काशी विश्वनाथ मंदिर हो गया ज्ञानवापी मस्जिद

काशी के इतिहासकार विमल मिश्र ने अपनी गहन शोध के बाद लिखी किताब ह्यनमामि काशी (काशी विश्वकोश)ह्न में दावा किया है कि 1194 ईसवी में कुतुबुद्दीन ऐबक ने विश्वेश्वर सहित काशी के तमाम मंदिर ध्वस्त कर दिए थे। संभवतः दिल्ली की सुल्तान रजिया ने इस स्थान पर जो मस्जिद बनवाई, आज रजिया की मस्जिद के नाम से जानी जाती है। आपको दिल्ली-6 में तुर्कमान गेट से कुछ ही दूर पर मिलेगी रज़िया सुल्तान की कब्र।

आर.के. सिन्हा
लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं

काशी में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में मस्जिद के वजूखाने में शिवलिंग मिलने के दावे हो रहे है। इसकी सच्चाई का भी पता चल ही जाएगा पर इस तथ्य से कौन इंकार कर सकता है कि काशी में मुस्लिम शासकों ने सैकड़ों मंदिरों को तोड़ा। ज्ञानवापी मस्जिद तो काशी विश्वनाथ मंदिर के स्थान पर निर्मित है, जिसका निर्माण औरंगजेब ने कराया था। औरंगजेब ने 9 अप्रैल, 1669 को इस मंदिर सहित बनारस के तमाम मंदिर तोड़ने का आदेश जारी किया था। इस आदेश की कॉपी एशियाटिक लाइब्रेरी, कोलकाता में सुरक्षित है। मस्जिद का मूल नाम है 'अंजुमन इंतहाजामिया जामा मस्जिद'।

मोहम्मद गोरी के सिपहसालार कुतुबुद्दीन ऐबक से लेकर औरंगजेब तक काशी के मंदिरों को ध्वस्त करने से बाज नहीं आए। अविमुक्तेश्वर को काशी में शिव द्वारा स्थापित आदिलिंग माना गया है। उनमें एक का स्थान ज्ञानवापी मस्जिद के पीछे तीन मुस्लिम कब्रों की बीच बताया जाता है, जिनके दर्शन वर्ष में सिर्फ एक बार-शिवरात्रि पर किए जा सकते हैं। शिव के त्रिशूल-जिसपर काशी बसी बताई जाती है-के सबसे ऊंचे बीच वाले फल का यह हिस्सा चौक है, जिसपर यह मंदिर मौजूद था। इस जगह पहुंचकर नीचे झांकिए-यह जगह दो मंजिल से कम गहरी नहीं है। यही है 1194 ईसवी में तोड़े जाने से पहले का विश्वेश्वर मंदिर। रजिया मस्जिद जिसे तोड़कर संभवतः उसी की सामग्री से बना।

काशी के इतिहासकार विमल मिश्र ने अपनी गहन शोध के बाद लिखी किताब 'नमामि काशी (काशी विश्वकोश)' में दावा किया है कि 1194 ईसवी में कुतुबुद्दीन ऐबक ने विश्वेश्वर सहित काशी के तमाम मंदिर ध्वस्त कर दिए थे। संभवतः दिल्ली की सुल्तान रजिया ने इस स्थान पर जो मस्जिद बनवाई, आज रजिया की मस्जिद के नाम से जानी जाती है। आपको दिल्ली-6 में तुर्कमान गेट से कुछ ही दूर पर मिलेगी रज़िया सुल्तान की कब्र। उसने 1236- 1240 के बीच दिल्ली पर राज किया था। वो दिल्ली सल्तनत में गुलाम वंश के प्रमुख शासक इल्तुमिश की पुत्री थी। इस बीच, 14वीं सदी में शर्की सुल्तानों की फौजों ने भी पहली बार विश्वनाथ मंदिर तुड़वा दिया था। विश्वनाथ मंदिर 2 सितंबर, 1669 को काशी के बाकी मंदिरों के साथ औरंगजेब के हाथों एक बार फिर ध्वस्त हुआ। क्रुद्ध काशीवासी 10 दिनों तक मुगल सेना से लोहा लेते रहे थे। औरंगजेब के सेनापति तोप ले आए और मंदिर को ढहा दिया। औरंगजेब ने इस जगह ज्ञानवापी मस्जिद बनवाई, जिसके पश्चिम की दीवारों में आज भी प्राचीन मंदिर के विगत वैभव के चिह्न देखे जा सकते हैं।

इस बीच, 18वीं सदी के दौरान काशी को अपने नियंत्रण में लेने के इच्छुक मराठा शासक महादजी सिंधिया, रीवा व मेवाड़ के राजाओं और पेशवाओं के दीवान फणनवीस, आदि ने बहुतेरी कोशिशें कीं कि ज्ञानवापी मस्जिद की जगह वाजिब मुआवजा मुसलमानों को देकर वे वहां विश्वनाथ मंदिर दोबारा बनवा दें, पर खुद काशी के पंचद्रविड़ ब्राह्मण भी 1742 ईसवी में मराठा सरदार मल्हारराव के ज्ञानवापी मस्जिद तोड़ कर उस जगह विश्वेश्वर मंदिर बनवाने के प्रस्ताव के पक्ष में खड़े नहीं हुए। विमल मिश्र ने यह भी दावा किया है अपनी किताब नमामि काशी (काशी विश्वकोश) में। इसके साथ ही, आए दिन के अत्याचारों से भयभीत काशी की जनता ने भी मंदिर के निर्माण में खुलकर साथ देने से इनकार कर दिया। इस तरह मंदिर का निर्माण जब 120 वर्ष तक आगे नहीं बढ़ पाया, तब यह बीड़ा उठाया इंदौर की महारानी अहिल्याबाई होलकर ने। पर मंदिर निर्माण के लिए भूमि खरीद लेने और अवध के नवाब से मंदिर निर्माण की अनुमति प्राप्त कर लेने के बावजूद इस कार्य में व्यवधान आते रहे। बहरहाल, काशी विश्वनाथ धाम के दौरान पुराने मकानों के ध्वस्तीकरण अभियान में तोड़े गए कई मकानों के भीतर मंदिर छिपे मिले। जहां इस बात को मानने के ठोस प्रमाण हैं कि मुस्लिम आक्रांताओं की नजरों से बचाने के लिए धर्मप्राण नागरिकों ने इन मंदिरों को अपनी चहारदीवारी में घेरा होगा। यहां इस तथ्य का उल्लेख करना समीचिन होगा कि 1022 ईसवी में महमूद गजनवी के भांजे सैयद सालार मसूद गाजी और उनके सिपहसालार मलिक अफजल अल्वी के नेतृत्व में पहला मुस्लिम काफिला बनारस आया था। यहां मुस्लिम बसाहट का सिलसिला बस, यहीं से शुरू माना जाता है।

गाजी के इस काफिले में बहुत से ऐसे सिपाही थे, जो तत्कालीन हिंदू शासकों से पराजित होकर परिवारों के साथ यहीं बस गए। इनमें कुछ काशीराज के यहां काम करने लगे। कई मुस्लिम अधिकारियों ने आगे चलकर बनारस के शासकों, सूबेदारों, फौजदारों या दूसरे प्रमुख पदों की जिम्मेदारी संभाली। बनारस के खास इलाके आज तक उनकी याद दिलाते हैं। गाजी का काफिला पहले जिस मोहल्ले में पहुंचा, उसे 'सालारपुरा' और अल्वी के नाम पर 'अलईपुरा' या 'अल्वीपुरा' के नाम से जाना जाता है। अलईपुर के भीतर के तमाम मोहल्ले खुद भी किसी न किसी मुस्लिम शासक के नाम पर ही बने हैं। बनारस में इस्लाम सभ्यता की शुरूआत से जुड़ा तीसरा मोहल्ला है मदनपुरा। पिछले कुछ समय पहले कुतुब मीनार भी खबरों में था। मशहूर पुरातत्वविद केके मुहम्मद कहते हैं कि कुतुब मीनार कैंपस में बनी कुव्वत उल इस्लाम मस्जिद 27 मंदिरों को तोड़कर बनी थी। यह सच है। इसे दिल्ली की पहली मस्जिद माना जाता है। बेशक, कुतुब मीनार परिसर में हिन्दू मंदिरों के चिह्न मिलते हैं और इन्हें छुपाने की या ढकने की कोई कोशिश भी नहीं की गई है। परिसर में ही कुव्वतुल इस्लाम मस्जिद के बीचो-बीच चंद्रगुप्त का लौह स्तंभ खड़ा है जिस पर प्रसिद्ध महरौली प्रशस्ति गुप्त कालीन ब्राह्मी लिपि में उत्कीर्ण है। मस्जिद के खंभों पर अनेक देवी देवता यक्ष यक्षिणियाँ उत्कीर्ण हैं। एक बात तो सबको समझ ही लेना चाहिए कि सेक्युलर बिग्रेड कितने ही पिलपिले दावे करे कि औरंगजेब बहुत दयालु था पर सच्चाई यह है कि उसने और कई अन्य मुस्लिम शासकों ने काशी और देश के विभिन्न भागों में मंदिरों को क्रूरतापूर्वक निशाना बनाया।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में निर्णायक आर्थिक साझेदारी

अरविंद जयतिलक

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका समेत 13 देशों ने 'हिंद-प्रशांत आर्थिक समूह' (आईपीईएफ) व्यापारिक समझौते को आकार देकर इस क्षेत्र में चीन की बढ़ती दादागीरी और धौंसबाजी पर निर्णायक लगाम लगाने की कवायद तेज कर दी है। इस आर्थिक ढांचे से जुड़ने वाले देशों में अमेरिका के अलावा आस्टेजलिया, ब्रुनेई, भारत, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलिपीन, सिंगापुर, थाइलैंड और वियतनाम शामिल हैं। इस आर्थिक समूह में शामिल सदस्य देशों का उद्देश्य आपसी समन्वय को धार देते हुए अर्थव्यवस्था को मजबूत और प्रतिस्पर्द्धी बनाना है। समूह के संयुक्त घोषणापत्र में स्पष्ट कहा गया है कि यह समूह कोरोना महामारी और यूक्रेन पर रुस के हमले से उत्पन मौजूदा कई समस्याओं जैसे सप्लाई चेन में बाधा, महंगाई में वृद्धि, डिजिटल धोखाधड़ी से निपटने में आपसी सहयोग की दिशा सुनिश्चित करेगा।

दो राय नहीं की सदस्य देशों के बीच सप्लाई चेन मजबूत होती है तो चीन पर से विश्व की निर्भरता कम होगी और उसका दबदबा कम होगा। अमेरिका ने आर्थिक समूह में शामिल सदस्य देशों को भरोसा दिया है कि वह अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा जिससे कि इस क्षेत्र में विकास और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त हो। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी खुले, मुक्त एवं समावेशी हिंद-प्रशांत की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए आर्थिक समूह की रुपरेखा को वैश्विक आर्थिक ग्रोथ का इंजन बनाने की बात कही। उन्होंने भारत की महत्ता को रेखांकित करते हुए यह भी कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र के कारोबार प्रवाह में भारत सदियों से एक प्रमुख केंद्र रहा है। मौजूदा दौर में भी भारत इस क्षेत्र को समावेशी और समान अवसर वाला क्षेत्र बनाने के लिए दृढ़संकल्पित है। उन्होंने एक टिकाऊ सप्लाई चेन की स्थापना के लिए 3 टी यानी ट्रस्ट (भरोसा), ट्रांसपैरेंसी (पारदर्शिता), और टाइमलीनेस (सामयिकता) का मंत्र भी दिया।

उल्लेखनीय है कि जापान की राजधानी टोक्यो में आयोजित 'हिंद-प्रशांत आर्थिक समूह' इस मायने में ज्यादा महत्वपूर्ण है कि इसमें क्वाड देशों के अलावा चीन की हमलावर नीति से भयभीत-परेशान वे सभी देश हैं जो इस क्षेत्र में शक्ति-संतुलन के हिमायती हैं। गौर करें तो चीन पहले से ही क्वाड समूह से भयभीत है। उसे लग रहा है कि क्वाड में शामिल देश उसके खिलाफ साजिश रच रहे हैं। संभवतः उसके दिमाग में यह भी चल रहा है कि क्वाड देश समुद्र में उसके आसपास अपने वर्चस्व को बढ़ाकर उसे निशाना बना सकते हैं। वह क्वाड को एक उभरता हुआ 'एशियाई नाटो' के तौर पर देख रहा है। वह जानता है कि क्वाड की मजबूती से इस क्षेत्र में उसकी मनमानी पर नियंत्रण लगेगा और समुद्र के जरिए दुनिया पर राज करने की उसकी मनोकामना पूरी नहीं होगी।

जबकि यह सच्चाई है कि क्वाड का उद्देश्य प्रशांत महासागर, अमेरिका और आस्टेजलिया में विस्तृत नेटवर्क के जरिए जापान और भारत के साथ मिलकर इस क्षेत्र में एक ऐसा वातावरण निर्मित करना है जिससे एक स्वतंत्र, खुली और समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त हो। चूंकि क्वाड के अलावा हिंद-प्रशांत आर्थिक समूह भी आकार ले लिया है ऐसे में चीन को लगने लगा है कि इस क्षेत्र में उसकी काली करतूतों और उसके जहाजों पर कड़ी नजर रखना कठिन नहीं होगा। किसी से छिपा नहीं है कि दुनिया भर के प्राकृतिक संसाधनों पर गिद्ध दृष्टि लगाए बैठे चीन इस क्षेत्र में चोरी-छिपे मछलियों का बड़े पैमाने पर शिकार करता है।

इस क्षेत्र में नब्बे फीसदी से अधिक मछलियों के शिकार के लिए एकमात्र बीजिंग ही जिम्मेदार है। उसके जहाज जबरन विशेष आर्थिक जोन की सीमा में प्रवेश कर जाते हैं और पर्यावरण के साथ-साथ बड़े पैमाने पर आर्थिक नुकसान को अंजाम देते हैं। चीन की इस हरकत से सभी देश परेशान है। दूसरी ओर वह इस इलाके में सुरक्षा बेड़ा खड़ा कर अन्य देशों की संप्रभुता और सुरक्षा को भी चुनौती परोस रहा है। ऐसे में उस पर नकेल कसना बेहद जरुरी हो गया है। अच्छी बात है कि ह्यहिंद-प्रशांत आर्थिक समूह के सदस्य देशों के बीच सहमति बन गयी है कि वह सैटेलाइट सिस्टम का इस्तेमाल कर चीन की हरकतों पर लगाम कसने को तैयार हैं। ऐसे में चीन की बेचैनी और छअपटाहट बढ़ना लाजिमी है। उसने इस समझौते को लेकर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा है कि इससे इलाके में शांति को चोट पहुंचेगी। चूंकि 13 सदस्यीय हिंद-प्रशांत आर्थिक समूहह्न के अलावा क्वाड देशों की बैठक में भी हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर अहम निर्णय लिए जाने है इससे भी चीन की बेचैनी का सतह पर उभरना लाजिमी है। लेकिन एक बात स्पष्ट है कि अब हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की दादागीरी नहीं चलने वाली है। चीन के खिलाफ यह पहल इसलिए भी आवश्यक है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र वैश्विक अर्थव्यवस्था की मुख्य धुरी है। मौजूदा समय में यह क्षेत्र भू-राजनीतिक व सामरिक रुप से वैश्विक शक्तियों के मध्य रण का क्षेत्र बना हुआ है।

संक्षिप्त खबरें

माँ के साथ सो रहे 3 साल के बच्चे की हुई चोरी

दानापुर। खगौल के प्लेटफार्म नंबर 3 पर मां के साथ सो रहे लगभग 3 साल के बच्चे को चोरों ने बड़े चतुराई के साथ चुरा लिया। घटना सोमवार देर रात की है। इस घटना के बाद पीड़ित मां मच्छरहट्टा गली डुमराव निवासी हरेंद्र साव की पत्नी पूनम कुमारी का रो रो कर बुरा हाल है। अपने बच्चे की तलाश में बच्चे की मां दानापुर जीआरपी थाने के नजदीक चक्कर लगा रही थी। जानकारी के मुताबिक मासूम बच्चे की पीड़ित माँ डुमराव से सब्जियां लाकर खगौल के बाजारों में बेचा करती है। इस संबंध में पीड़ित मां पूनम कुमारी ने बताया कि सोमवार को सब्जी बेचने के बाद अपने घर डुमराव जाने के लिए ट्रेन पकड़ने दानापुर रेलवे स्टेशन पहुंची थी। रात 9 बजे के बाद कोई ट्रेन नहीं मिलने के कारण प्लेटफार्म नंबर 3 पर ही आपने 3 साल के मासूम बच्चे सोनू के साथ सो गईं। रात 2 बजे के आसपास जब नींद टूटा तो देखा कि बच्चा उसके नजदीक नहीं है।पीड़ित माँ जब घबराते हुए आसपास के लोगों से अपने के बच्चे के बारे में पूछी तो कुछ लोगों ने बताया कि एक लंबे कद का व्यक्ति उस बच्चे को कही ले गया है। वहीं इस घटना के बाद दानापुर रेलवे स्टेशन जीआरपी थाना प्रभारी रणधीर कुमार सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को देखते हुए आगे की कार्रवाई में जुटी थी। इधर पीड़ित के परिजनों ने बच्चे व मां के तस्वीर जीआरपी थाना एवं सोशल मीडिया में डाल दिया। सोशल मीडिया में बच्चे की तस्वीर वायरल होती किसी ने पीड़ित के परिजनों को बताया कि वह बच्चा कुम्हार टोली स्थित पीर बाबा की मजार के पास देखा गया। सूचना मिलते ही उस मजार के पास बच्चे की माता पिता एवं परिजन पहुंच कर देखा कि वह बच्चा मजार के पास खेल रहा है। गुम हुए बच्चे की माता-पिता बच्चों को गोद में उठाकर अपने साथ ले गए एवं इसकी सूचना दानापुर जीआरपी को दे दी।

रेलवे गुमटी पर बने फुटओवर ब्रिज हटना चाहिए: रंजीत यादव

फतुहा। गुमटी पर बने फुटओवर ब्रिज को लेकर रंजीत यादव जिलाध्यक्ष लोजपा (रामविलास) ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि रेल गुमटी फुटओवर ब्रिज को जल्द हटाया जाए। इस फुटओवर ब्रिज से प्रखण्ड के ग्रामीण और नगर परिषद के लोगों को सहुलियत के बजाय भारी मुसिबतों का सामना करना पर रहा है। ट्रेन पकड़ने के लिए स्टेशन जाने का रास्ता संकीर्ण है और खास करके बुजुर्गों को स्टेशन जाने में और भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। दूसरी ओर पूरे बाजार के सैकड़ों दुकानदार और उनके पूरे परिवार भुखमरी के कागार पर है और कहा कि पूरे फतुहा स्टेशन रोड का बाजर बर्बाद हो गया है। इसलिए इस ओभर ब्रिज को गुमटी के साईड से बनाया जाय नहीं तो फतुहा की आम जनता आंदोलन के मूड में हैं।

अज्ञात वाहन की चपेट में आये युवक की हुई मौत

बाढ़। अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला थाना क्षेत्र के राजपुरा गांव के समीप सोमवार की देर रात हुए एक सड़क हादसे में जख्मी युवक की इलाज के क्रम में मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की देर रात राजपुरा निवासी 25 वर्षीय मंटू कुमार किसी अज्ञात वाहन की चपेट में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर आ गया। इस क्रम में वह बुरी तरह से जख्मी हो गया था। जिसे स्थानीय ग्रामीणों एवं पुलिस की मदद से बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल इलाज हेतु ले जाया गया। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।

स्कूल कमेटी के चेयरमैन व सचिव के नाम घोषित होते विरोध

- तख्तश्री कमेटी के महासचिव ने 21 कर्मियों का किया तबादला, सचिव ने लगाई रोक
- हित गुट में फिर शुरू हुआ गुटबाजी व विरोध

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों के बीच आपस में मनमुटाव हो गया है। इसके पीछे दो कारण हैं। पहला महासचिव इंद्रजीत सिंह के द्वारा 21 कर्मियों का एक स्थान से दूसरी जगह स्थानांतरित करने का आदेश जारी किया गया था। इस आदेश पर सचिव हरबंश सिंह खनूजा ने 22 मई को आदेश जारी कर अगले आदेश तक उस पर रोक लगा दिया है। वहीं दूसरी ओर कमेटी के द्वारा स्कूल कमेटी के चेयरमैन और सचिव का नाम जारी होने के साथ ही विरोध होना शुरू हो गया है। यह विरोध भी कमेटी के अध्यक्ष अवतार सिंह हित गुट के लोगों खासकर सदस्य गुरुबिंदर सिंह एवं अन्य ने ही करना शुरू किया है। विपक्ष चुपचाप तमाशा देख रहा है।

दरअसल तख्तश्री हरमंदिर जी प्रबंधक कमेटी की बैठक अगस्त, 2021 में कमेटी के प्रधान अवतार सिंह हित की अध्यक्षता में हुई थी। उसी बैठक में कमेटी के पूर्व महासचिव रहे चरणजीत सिंह को मुख्य प्रशासक, पूर्व सचिव सह सदस्य राजा सिंह को स्कूल कमेटी का चेयरमैन और सुमित सिंह कलसी को आवास व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया था। हालांकि इसके बाद राजा सिंह को अध्यक्ष या महासचिव के द्वारा स्कूल कमेटी के चेयरमैन बनाए जाने का कोई पत्र निर्गत नहीं किया गया। इस कारण से राजा सिंह ने विरोध का झंडा थाम लिया और हित गुट का साथ छोड़ कर विपक्ष के खेमे डॉ गुरमीत सिंह, महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन और महेंद्र सिंह छाबड़ा के साथ जा मिले। इस बीच कमेटी के अध्यक्ष अवतार सिंह हित और महासचिव इंद्रजीत सिंह के द्वारा

कमेटी के द्वारा चलाए जा रहे स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था को सुधार करते हुए अपग्रेड करने के लिए समिति का गठन किया गया। इसमें तत्कालीन महासचिव सह सदस्य चरणजीत सिंह को स्कूल कमेटी का चेयरमैन बनाया गया। इसके अलावा सचिव के रूप में चितकोहरा के जगजीवन सिंह, गुरशरण सिंह, मेजर चावला, कुलबिंदर सिंह और प्रो हरसिमरन सिंह को शामिल किया गया है।

इस संबंध में कमेटी के द्वारा प्रेस रिलीज मीडिया प्रभारी सुदीप सिंह के द्वारा जारी किया गया। खबर छपने के साथ ही कमेटी के सदस्यों के द्वारा विरोध शुरू हो गया है। कमेटी के सदस्य गुरुबिंदर सिंह ने कहा कि दिल्ली में बैठे कुछ लोग पदाधिकारियों और सदस्यों से बिना राय-मशविरा किए विभिन्न कमेटियों या समितियों का गठन कर ले रहे हैं। कोई भी काम विचार-विमर्श और सवार्नुमति से किया जाना चाहिए था। आखिर क्या कारण है कि राजा सिंह को स्कूल कमेटी का चेयरमैन बनाने का निर्णय लिया गया और बाद में कमेटी की बैठक में निर्णय हुए बिना चरणजीत सिंह को चेयरमैन बना दिया गया। जिन लोगों को सचिव बनाया गया है, उस संबंध में भी पदाधिकारियों और सदस्यों से कोई मशविरा नहीं किया गया। अगर खुद की मनमर्जी ही करनी है, तो उन सबों का साथ अध्यक्ष और महासचिव को छोड़ देना चाहिए। ऐसे में तत्कालीन महासचिव एमपी ढिल्लन और सचिव एमएस छाबड़ा (अब दिवंगत) के कार्यकलाप पर उंगली उठाना बेकार था। वहीं दूसरी तरफ महासचिव इंद्रजीत सिंह के द्वारा 17 मई को 21 कर्मचारियों और सेवादारों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर तबादला किया गया। इसके बाद 22 मई को कमेटी के सचिव हरबंश सिंह खनूजा ने पत्रांक तपस/36/ई/ 2022 जारी कर कहा कि सभी कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि जिन लोगों की ड्यूटी स्थानांतरित करने हेतु 17 मई को महासचिव इंद्रजीत सिंह के द्वारा कार्यालय आदेश जारी किया गया है, उस पर अगले आदेश तक रोक लगाई जाती है।

स्थानांतरण के जद में आने वाले सभी कर्मचारी अगले आदेश तक पूर्व की तरह ही अपने-अपने निर्धारित स्थान एवं समय पर अपनी ड्यूटी करेंगे। इस संबंध में जब सचिव हरबंश सिंह से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के तबादला को लेकर किसी तरह का कोई विमर्श उनके, अन्य पदधारियों और सदस्यों से नहीं किया गया। महासचिव इंद्रजीत सिंह बिहार से बाहर जाने के पहले कनीय उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह, अधीक्षक दलजीत सिंह और पपिन्द्र सिंह के साथ मिलकर 21 कर्मचारियों के तबादले का आदेश जारी किया था। इस पर उन्होंने अध्यक्ष अवतार सिंह हित से बात कर आपत्ति जताई। इसके बाद उन्होंने अगले आदेश तक इस आदेश को लागू करने पर रोक लगाते हुए पत्र भी जारी किया है।

स्थानांतरण की जद में आने वाले लिपिक गुरजीत सिंह, दमनजीत सिंह, अवधेश सिंह, गुरु कृपाल सिंह, कुणाल सिंह, सेवादार रोहित सिंह, भोला सिंह, रघुवीर सिंह, मिथिलेश सिंह, बलबीर सिंह, अमरदीप सिंह, साधु सिंह लक्ष्मण सिंह, त्रिलोक सिंह, भगत सिंह, लेबर सेवादार मनजीत सिंह, जसपाल सिंह राही, भाई जसपाल सिंह, सेवादार मुकुल आनंद, हरजीत कौर, प्रीति कौर और रानी देवी शामिल हैं। अब एक बार फिर तख्तश्री कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों के द्वारा विरोध का स्वर मुखर हो गया है।

तख्तश्री पटना साहिब में दो कथावाचक बहाली के विरोध

पटना सिटी। तख्तश्री हरिमंदिरजी पटना साहिब में प्राप्त जानकारी के अनुसार तख्त साहिब में दो नए कथावाचक भर्ती किए जा रहे हैं। हालांकि पूर्व से चार कथाकार (जत्थेदार जी 5 सहित) पहले से मौजूद हैं। विचार करने वाली बात यह है कि शाम का वर्णन स्वयं जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह के द्वारा किया जाता है और सुबह के एक घंटे की कथा कर्तव्य के लिए पहले से ही चार कथाकार हैं। कथावाचक के एक घंटे के कथन के बाद, कर्तव्य 94 घंटे के बाद शुरू होता है। तत्कालीन महासचिव सह सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन ने कहा कि मान लीजिए एक सिंह एक महीने में 10 घंटे की ड्यूटी (सेवा कार्य) भी नहीं करता है, जिसके कारण उसका अभ्यास भी कम हो रहा है। तख्तश्री पटना साहिब के अलावा कहीं भी पंथ में चार-पांच कथावाचक नहीं हैं। इस कारण से पहले भी अनेक बार प्रबंधक कमेटी सवालों के घेरे में आ चुकी है। इससे गुरु के क्षेत्र में लगभग 80 हजार प्रति माह (आवास, वेतन, लंगर, बिजली और अन्य भत्ते सहित) का अनावश्यक बोझ पड़ेगा। इससे भविष्य में अनेक विवाद पैदा होंगे। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि चार कथाकार तख्त साहिब जी के प्राचीन शिष्टाचार की रक्षा कर रहे हैं और तख्त साहिब जी के शिष्टाचार को बनाए रखते हुए आपसी सम्मान बनाए हुए हैं। इसलिए इस सुझाव को स्वीकार करते हुए सभी पहलुओं पर विचार करते हुए इस भर्ती को तत्काल रोक दिया जाए और अपनी ही पार्टी से लोगों को लाने की यह नई परंपरा शुरू की जाए।दास आपके बहुत आभारी रहेंगे।

साईं बाबा के वार्षिकोत्सव पर निकला शोभायात्रा

- भजन-कीर्तन के साथ महिला व युवाओं की टीम झूमता जयकारा करता चला

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री साईं बाबा का त्रिदिवसीय 10वां वार्षिकोत्सव समारोह पर साईं बाबा का विशाल शोभायात्रा निकाला गया। साईं बाबा मंदिर, लोदीकटरा से ऊंट, घोड़ा, ढोल-ताशा, बैंड बाजा, भजन गायकों की टोली एवं रथ पर विराजमान साईं बाबा का दरबार बड़े सुशोभित एवं अनुशासित तरीके से निकाली गई।

शोभायात्रा मंदिर परिसर से होते हुए चौकशिकारपुर, दीरापर, चौक, मच्छरहट्टा, खजेकलां, गुरहट्टा, पश्चिम दरवाजा, नवाब बहादुर,रोड, नून का चौराहा, रानीपुर से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में पहुंची। इस दौरान जगह-जगह नागरिकों ने साईं बाबा का आरती एवं पुष्प की वर्षा कर सम्मान प्रकट किया। श्रद्धालुओं को पेयजल, फल, बिस्कुट आदि से शोभायात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया गया। इस शोभायात्रा में लगभग दो हजार की संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे शामिल थे। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से मदन कुमार, ओंकार आनंद, अनुज कुमार सिन्हा, लक्ष्मण ठाकुर, उमाशंकर प्रसाद मुन्ना, विनोद यादव ,धर्मेंद्र प्रसाद मुन्ना, शंकर जयसवाल, मनोहर जी, हरिकांत झा, उमाशंकर पटवा, अजय कुमार ठाकुर, गोपाल यादव, प्रभात कुमार सिन्हा, सुदर्शन मिश्रा, रोशन कुमार, संतोष विद्रोही, पोली कुमार, सोनी कुमार, अनिल कुमार, राजकुमार पटवा, गुड्डू कुमार, ओम प्रकाश निषाद, बबलू मालाकार, दीपक कुमार, रंजीत कुमार, वीरेंद्र जायसवाल, चंदा देवी, कुमकुम देवी, रिंकी देवी, गुड़िया जायसवाल, नेहा रानी, रंजना देवी, मानिभा देवी, पुतुल देवी, गुड़िया देवी, शकुंतला देवी, सरोज देवी, विभा देवी, वीणा देवी, अनिता देवी, आरती देवी, सुजाता रानी आदि शामिल थीं।

नंदकिशोर ने किया 70 लाख की विविध योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन

- बिरुआचक मल्लाह टोली में 15.56 लाख की लागत से बनेगा सामुदायिक भवन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव ने मंगलवार को पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड 61 में लगभग 70 लाख रुपये की विविध योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने साहू कालोनी गली में 23.86 लाख रुपये की लागत से निर्मित पीसीसी सड़क व नाला तथा 05.09 लाख की लागत से बनी इसी प्रकार की एक अन्य योजना का विधिवत उद्घाटन किया। वहीं बिरुआचक मल्लाह टोली में

15.56 लाख की लागत से प्रस्तावित सामुदायिक भवन और 24.31 लाख रुपये की लागत से पीसीसी सड़क व नाला निर्माण की योजना का शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए विधायक नंदकिशोर यादव ने कहा कि पटना साहिब के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है। एनडीए के शासनकाल में इस क्षेत्र का चहुमुखी विकास हुआ है। सभा की अध्यक्षता वार्ड पार्षद उषा देवी ने, जबकि मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा के मंत्री और पूर्व उपमहापौर रूप नारायण मेहता थे। इस अवसर पर महानगर भाजपा के महामंत्री विनय केसरी, सुरेश सिंह पटेल, अविनाश पटेल, पवन मेहता, मंडल अध्यक्ष अखिलेश मेहता, उमेश केवट, गोविंद साहनी, महावीर केवट, बिहारी केवट, मधुसूदन साव, टुनटुन साव, चंद्रमौली साव, अखिलेश यादव, प्रमोद यादव, पवन साहनी, टिंकू साहनी, मुकेश सहनी, राजदेव सहनी, पंकज मेहता आदि उपस्थित थे।

राजद सदस्यता अभियान हेतु कार्यक्रम आयोजित

बाढ़, प्रात : किरण, संवाददाता

राजद सदस्यता अभियान (2022-25) को जन जन तक पहुंचाने के लिए बाढ़ जिला संगठन द्वारा आहूत कार्यक्रम में बाढ़ विधानसभा की राजद नेत्री सह प्रदेश उपाध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) नमिता नीरज सिंह ने अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ शिरकत किया। राजद नेत्री नमिता नीरज सिंह ने कहा की राजद ए टू जेड की पार्टी है और हमें सभी वर्ग, धर्म, जाति, समुदाय के लोगों को राजद से जोड़ना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महेश सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बागी कुमार वर्मा, विधायक कुर्था, आजाद गांधी, पूर्व विधान पार्षद, उर्मिला ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) सहित राजद के सैंकड़ों कार्यकर्ता ने शिरकत किया।

रेलवे यार्ड में ट्रक से दबकर मजदूर की मौत

फतुहा। मंलवार की सुबह रेलवे यार्ड में ट्रक से दबकर एक मजदूर की मौत हो गयी।मृतक मजदूर की पहचान फतुहा थाना क्षेत्र के बुद्धुचक गांव निवासी जनक सिंह के पुत्र विमलेश यादव (35वर्ष) के रूप में हुआ है। मिली जानकारी अनुसार माल लोडिंग के समय ट्रक चालक जब गाड़ी को आगे -पीछे कर रहा था इसी दौरान मजदूर ट्रक के चपेट में आ गया। हालांकी मजदूरों ने उसे फौरन फतुहा सीएचसी पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद मजदूरों ने हंगामा शुरू कर दिया जिसके बाद सूचना मिलते ही फतुहा थाना के एसआई ललित विजय, जद-यू के प्रखंड अध्यक्ष सह मोमिंदपुर पंचायत के मुखिया रंधीर यादव पहुचें और लोगों को समझाबुझाकर मांमला शांत करवाया।

दोबारा हो रहा नाला उड़ाही का कार्य

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना नगर निगम सिटी व अजीमाबाद अंचल की ओर से नाला उड़ाही का काम 31 मई तक कराया जाएगा। इसके लिए कार्यपालक पदाधिकारी ने फिर से दोबारा नाला उड़ाही का कार्य शुरू कराया है। दरअसल नगर विकास व आवास विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर की ओर से आदेश निर्गत किया गया है। इसी के आलोक में उड़ाही का कार्य कराया जा रहा है। नगर निगम सिटी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी नुरूल हक शिवानी ने बताया कि सैदपुर नाला की उड़ाही का काम कराया गया है। फिर से इसकी सफाई व उड़ाही करायी जा रही है। वार्ड स्तर पर छोटे नालों की उड़ाही कराया जा रहा है। इसके अलावा एनएमसीएच और जकरियापुर में उड़ाही कार्य कराया जा रहा है। नगर निगम सिटी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी उत्तम कुमार ने बताया कि वार्ड संख्या 68 में स्थित करमलीचक नाला, पूर्वी सिटी मोट नाला, छटंकी पुल समेत अन्य नाला की उड़ाही कराया जा रहा है। वार्ड स्तर पर भी नाला उड़ाही का काम चल रहा है। अशोक राजपथ के नाला की सफाई के लिए हर वार्ड से एक सफाईकर्मी को लगाया गया है। मानसून के आने से पहले उड़ाही व सफाई का काम 31 मई तक पूरा हो जाएगा। दोबारा अभियान का लाभ मिलेगा।

अतिक्रमण हटाने के खिलाफ किया गया प्रदर्शन

- आज प्रशासन की ओर फिर मकान को ध्वस्त करने की हो सकती कार्रवाई

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अतिक्रमण हटाने का अनुमंडल प्रशासन की ओर की गयी कार्रवाई के खिलाफ मंगलवार को भी आक्रोशित लोगों ने खाजेकलां व कंगन घाट के बीच में विरोध प्रदर्शन किया। इसमें शामिल लोगों का कहना है कि सरकार घर और जमीन के बदले जमीन व घर दे, तभी वह सब घर को खाली करेंगे। हालांकि प्रशासन की ओर से दी गयी 24 मई की मोहलत मंगलवार को बीत गयी है। संभावना है कि बुधवार से प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा सकता है। सूत्रों की मानें तो जिलाधिकारी ने इस मामले में अंचलाधिकारी को जांच का आदेश दिया है। जांच कर रिपोर्ट सौंपने के बाद फिर से अभियान चलाया जायेगा। खाजेकला जमीन बचाओ संघर्ष समिति की ओर से मामले में न्यायालय में शरण लेने की बात कही गयी है। विदित हो कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अनुमंडल प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने का अभियान शनिवार को चलाया गया था। इसके बाद से स्थानीय और प्रभावित लोग आंदोलन पर उतर आए हैं। इसी क्रम में सड़क जाम व हंगामा किया था, तब अनुमंडल कार्यालय पर प्रदर्शन किया था। इस मामले में अंचलाधिकारी के द्वारा डंडाबाजी व रोड़ेबाजी किए जाने पर खाजेकलां थाना में मामला भी दर्ज कराया गया है। इसमें एक नामजद व अन्य अज्ञात है।

प्रखंड प्रमुख श्रुति श्री ने जनता दरबार में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना

फतुहा, प्रात :किरण

प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रमुख के कक्ष में मंगलवार को प्रमुख श्रुति श्री ने जनता दरबार लगाया। इस दौरान प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र से आये दर्जनों लोगों को जन समस्याओं को सुनकर निदान का भरोसा दिया। लोगों ने पीएम आवास योजना, वृद्वा पेंशन, राशन कार्ड, आधार कार्ड संबधित कई मामले लेकर आये थे। इस संबध में प्रखंड प्रमुख श्रुती श्री ने बताया कि अभी भी प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को पीएम आवास योजना, वृद्वा पेंशन, राशन कार्ड, आधार कार्ड आदि नहीं बना है जिसका जल्द ही समाधान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रखंड के अधिकारी एवं कर्मचारी अगर आम लोगों समस्याओं के निदान हेतु प्रयास नहीं करेंगे तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।मौके पर समाजसेवी आनंद मधुकर सहित कई मुखिया, पंचायत समिति सदस्य समेत कई मौजूद थे।

पूर्व सांसद विजय कृष्ण जेल से छूटने के बाद पहुंचे बाढ़ के उमनाथ

बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता

ट्रांसपोर्टर सत्येंद्र सिंह हत्या के मामले में हाई कोर्ट से क्लीन चीत मिलने के बाद जेल से छुटकर बाढ़ लोकसभा के पूर्व सांसद तथा बिहार सरकार के पूर्व मंत्री बाढ़ के उमनाथ पहुंचे।जहां उन्होने शिव की पूजा-अर्चना की। विजय कृष्ण के साथ उनके चाहने वालों की काफी भीड़ देखी गयी। जेल की यात्रा तय करने के बाद विजय कृष्ण के चेहरे पर थकान साफ झलक रही थी। विजय कृष्ण के आने के बाद बाढ़ के लोग अब कयास लगाना शुरू कर दिये है कि बाढ़ विधानसभा या मुंगेर लोकसभा का चुनाव इनके बिना अधूरा होने वाला है।राजनीति के गणितकारों की माने तो आगामी लोकसभा-विधानसभा चुनाव में पूर्व सांसद विजय कृष्ण एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व होंगे।जो किसी भी दल को प्रभावित कर सकते हैं।

सात दिवसीय समर कैंप का किया गया आयोजन मौके पर पटना आईआईटी के निर्देशक एव अन्य कई लोग थे मौजूद

बिहटा, प्रात : किरण संवाददाता

बिहटा के जिनपुरा स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल में मंगलवार को सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया।जिसका विधिवत उद्घाटन आईआईटी पटना के निदेशक प्रो.टीएन सिंह,स्कूल चेयरमैन नवीन कुमार सिंह ,निदेशक दिव्या शर्मा,निदेशक जीडी गोयनका सीबी सिंह,जी ग्रुप निदेशक गुलशन कुमार,प्रचार्य रवि कुमार,मैनेजर जेवा तश्निम आदि ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर किया।इस मौके पर आईआईटी पटना के निदेशक टीनएन सिंह ने कहा कि देश को वैज्ञानिक दृष्टा एवं विचारकों की सख्त जरूरत है।इस ओर अभी ध्यान देना होगा।अगर अभी नही चेते तो विश्व मे चुनौतियो से निबटने के लिये परेशानियो का सामना करना पड़ेगा।उन्होंने कहा कि सफलता पाने वे लिये दिव्य मूलो को अपनाना होगा।पहले राष्ट्र भक्ति का जज्बा पैदा करे फिर दृढ़ प्रतिज्ञ बने।सोच

में ईमानदारी रखे,फर्ज को मत भूले और दूसरे के लिये रोलमॉडल बने।इस मंत्र से चलोगे तो सफलता जरूर मिलेगी।वही स्कूल के निदेशक नवीन कुमार सिंह ने कहा कि पढाई के साथ स्वस्थ व फिट रहना भी जरुरी है। फिट रहने के लिए सबसे अच्छा माध्यम फिजीकल एक्टिविटी है।उन्होंने कहा कि कोरोना काल में बच्चे दो वर्ष पुरी तरह घर में कैद रह गए थे। ऑनलाइन पढाई के कारण बच्चे मोबाइल फोन के ज्यादा करीब हो गए, जिससे उनके फिजीकल एक्टिविटी नही हो पाई।

समर कैंप के आयोजन का उद्देश्य खेलकूद के माध्यम से बच्चों के व्यक्तित्व का विकास करना है। इस मौके पर आधुनिक अटल लैब का भी उद्घटान किया गया ।लैब में ऑटोमेटिक सोलर लाइट, सेंसर डस्टबिन आदि का डेमो प्रस्तुत कर आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर किया।वही आईआईटी के निदेशक ने बच्चों को अपने कॉलेज में बुलाने की बात कहते हुए इस प्रोजेक्ट और डेवलप करने की बात कही।इस दौरान स्कूल के बच्चों ने रंग बिरंगे परिधान में नृत्य, जुडो-कराटे,भाषण एक से एक झांकी प्रस्तुत की तथा संगीत की धुनों पर नृत्य कर लोगों को भाव मुग्ध कर दिया।

जीवन की सार्थकता गुरु आज्ञा में रहकर की होती है : साध्वी अनुराधा भारती

बिहटा, प्रात : किरण संवाददाता

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा आयोजित पांच दिवसीय श्री हरि कथा का आयोजन पुराने ज्ञान कुंज स्कूल के पास जिनपुरा रोड, बिहटा में किया गया।कथा के प्रथम दिवस सर्व श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी सुश्री अनुराधा भारती जी ने जड़ भरत की पौराणिक कथा को आए हुए भक्त श्रद्धालुओं के समक्ष प्रस्तुत किया और उनके जीवन में छिपे आध्यात्मिक रहस्य को बडे ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया उन्होंने बताया कि भक्त जड भरत पूर्ण गुरु को पाकर भी एक मृग के मोह में पर जाने के कारण अपने जीवन को सार्थक नहीं कर पाए और दोबारा से इस मृत्युलोक में मृग के रुप में जन्म लेना पड़ा इसलिए कहा जाता है कि गुरु भक्ति गुरु की आज्ञा में रहकर ही करने से जीवन की सार्थकता है, मनमानी भक्ति कभी सार्थक नहीं होती। मानव तन का सही मूल्य गुरु आज्ञा में चलकर ही मिल सकता है। कहा जाता है कि मनुष्य जन्म दुर्लभ है और साथ में साथ क्षणभंगुर भी। दुर्लभ से मिला मानव तन संसार के मनमाने आकर्षण में गुम होकर कहीं लूट न जाए। साध्वी जी ने आगे बताया की हर मनुष्य संसार में एक विशेष लक्ष्य को साथ में लेकर आता है। ईश्वर की प्राप्ति रूपी लक्ष्य को सतगुरु की शरणागति में जाकर ही पूरी की जा सकती है। साध्वी सुश्री ममता भारती जी ने और सुश्री प्रीति भारती जी ने सुमधुर भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया।

संक्षिप्त खबरें

पुलिस कमिश्नर से मिला व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के एक प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर से उनके कार्यालय में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान व्यापारियों ने हसनगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक द्वारा व्यापारियों के साथ किये गये अभद्र व्यवहार की शिकायत कर जांच की मांग की। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व प्रांतीय युवा महामंत्री योगेन्द्र सिंह ने किया। प्रांतीय युवा महामंत्री ने पुलिस कमिश्नर को बताया कि उनकी नगर इकाई के महामंत्री अमरनाथ अग्रवाल ने व्यापारी संजय जायसवाल व पदम अग्रवाल के बीच हुए विवाद को आपसी सहमति से सुलहनामा करा कर समाप्त कर दिया था। जिससे नाराज होकर हसनगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अशोक सोनकर ने नगर महामंत्री अमरनाथ अग्रवाल को फटकार लगाते हुए धमकी दी कि आप सुलहनामा कराने वाले कौन हैं। इस घटना के विरोध में जब व्यापार मंडल के सदस्य 8 अप्रैल को थाने में वार्ता करने हसनगंज पहुंचे, तो कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने व्यापारियों की बात सुनने के बजाए उन्हें जमाखोर, मिलावट, बिजली चोर जैसे अभ्रद शब्दों का प्रयोग किया। जिसके विरोध में बड़ी संख्या में व्यापारी एकत्र हुए, तो उन्होंने अपने शब्द वापस लिए थे। उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद से व्यापारियों में काफी रोष है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में शहर के संबंधित अधिकारियों समेत, मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज करायी गयी, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी। पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने ज्ञापन पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए अधिकारियों को जांच कर जल्द आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश युवा महामंत्री योगेंद्र सिंह, नगर महामंत्री अमरनाथ अग्रवाल, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सांवरिया, राकेश त्रिपाठी, मंत्री विवेक अग्रवाल, संजय जायसवाल, रमन मिश्रा, सुशील जायसवाल व श्याम मिश्रा आदि थे।

अखिलेश ने केदारनाथ दर्शन के लिए जा रहे एक ही परिवार के 11 लोगों के दुर्घटनाग्रस्त होने पर दुख जताया

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने बुलन्दशहर के एन.एच. 235 हाई-वे पर खुशहालपुर गांव के पास केदारनाथ दर्शन के लिए जा रहे एक ही परिवार के 11 लोगों के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर पर गहरा दुःख जताया है। दुर्घटना में एक ही परिवार के 5 लोगों की मृत्यु हो गई। 6 घायलों में 3 की हालत गम्भीर है। श्री अखिलेश यादव ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए मृतक आश्रितों को पर्याप्त मुआवजा और घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने की भाजपा सरकार से मांग की है।

परिषदीय विद्यालयों के पोशाक की जिम्मेदारी प्रबंध समितियों को नहीं देगी

लखनऊ। विधानसभा में सरकार ने बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को पोशाक वितरित करने की जिम्मेदारी प्रबंध समितियों को सौंपे जाने से इनकार किया है। विधानसभा सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी के वीरेंद्र यादव ने बेसिक शिक्षा मंत्री से यह पूछा कि क्या प्रदेश में बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों को पोशाक, बैग, जूता-मोजा तथा स्वेटर क्रय हेतु उनके अभिभावकों को डीबीटी के (सीधे खाते में पैसे डालना) के माध्यम से प्रेषित धनराशि का लाभ छात्र प्राप्त नहीं कर पा रहे है ? यदि हां, तो क्या सरकार पहले की भांति विद्यालयों में प्रबन्ध समितियों के माध्यम से इसके वितरित कराने पर विचार करेगी। उन्होंने यह भी पूछा कि सरकार यदि विचार नहीं करेगी तो क्यों। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने जवाब में कहा कि सरकार अभिभावकों के सीधे खाते में प्रति छात्र 1100 रुपये की दर से पोशाक और जूते-मोजे, बैग आदि के लिए धनराशि देती है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में 18 हजार करोड़ रुपये (लगभग) के सापेक्ष 16 हजार करोड़ से अधिक धनराशि सीधे अभिभावकों के खाते में दी गई है। उन्होंने विद्यालयों में प्रबन्ध समितियों के माध्यम से ड्रेस, जूता- मोजा, स्वेटर इत्यादि वितरित कराने से इनकार करते हुए कहा कि इसका सवाल ही नहीं उठता है। सपा के वरिष्ठ सदस्य लालजी वर्मा ने पूरक प्रश्न करते हुए पूछा कि क्या 1100 रुपये में एक बच्चे को दो सेट पोशाक, जूता- मोजा, स्वेटर और बैग मिल जाएगा।

केंद्र सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन कर सरकार की उपलब्धियां बताएगी

लखनऊ, प्रात : किरण

पीएम नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के आठ वर्ष 30 मई को पूर्ण हो रहे हैं इसको लेकर भाजपा विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजनो की तैयारी में जुटी है।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल व अमरपाल मौर्य ने पत्रकार वार्ता में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि रिपोर्ट टू नेशन कार्यक्रम 1 या 2 जून को प्रदेश मुख्यालय में किया जाएगा एवम् केन्द्र सरकार की आठ वर्षों की उपलब्धियों पर पुस्तक का विमोचन जिला प्रभारी / जिलाध्यक्ष / सांसद द्वारा किया जाएगा। पहले दिन विधानसभा स्तर पर वृक्षारोपण व तलाब सफाई के कार्यक्रम किसान मोर्चा द्वारा आयोजित किया जाएगा। दूसरे दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र/ आंगनवाडी पर स्वास्थ परीक्षण शिविर महिला मोर्चा की कार्यकताओं द्वारा किया जाएगा।

जबकि तीसरे दिन विधानसभा स्तर पर महापुरूषों की मूर्ति पर माल्यार्पण व बस्ती में स्वच्छता अभियान अनुसूचित मोर्चा द्वारा चलाया जाएगा। चौथे दिन जनपद स्तर पर महापुरूषों पर माल्यार्पण व बस्ती में स्वच्छता अभियान अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा चलाया जाएगा। पांचवे दिन विधानसभा स्तर पर प्राथमिक विद्यालय/उच्च प्राथमिक विद्यालय पर स्वच्छता व वृक्षारोपण का अभियान पिछडा मोर्चा चलाएगा।

उन्होंने बताया कि छठे दिन समाज के कमजोर वर्ग के लिए सस्ते गल्ले की दुकान पर राशन वितरण का कार्य भाजपा संगठन चलाएगा। जबकि सातवें दिन शहरी गरीबों के लिए वार्ड पर स्वास्थ परीक्षण शिविर/स्वच्छता अभियान स्थानीय निकाय टीम चलाएगी। आठवें दिन - जनपद स्तर पर विविध क्षेत्रों में उपलब्धियां आर्जित करने वाले लोंगो का सम्मान समारोह भाजपा संगठन द्वारा आयोजित किया जाएगा। जबकि नौवें दिन टीकाकरण की सुविधा और स्वास्थ्य सेवकों का सम्मान समारोह चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा किया जाएगा। अभियान के आखिरी दिन केन्द व राज्य की भाजपा सरकार के लाभार्थियों के घरों पर बूथ स्तर पर सम्पर्क करेगी व अन्य कार्यक्रम पार्टी आयोजित करेगी। श्री शुक्ल ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 01 जून से 13 जून 2022 के मध्य जिला केंद्रो पर गरीब कल्याण जनसभा का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। जिसमें केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थी भी शामिल होंगे। जिला स्तर पर होने वाली जनसभा को केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेश सरकार के मंत्रीगण व पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी तथा वरिष्ठ नेता सम्बोधित करेंगे।

मोदी सरकार के आठ साल पूरे होने का जश्न सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की थीम पर मनाएगी।सभी केन्द्रीय मंत्री कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत करने के लिए देशभर के गांवों का दौरा कर रात वहीं बिताएंगे।1 से 13 जून तक विधानसभा व जिलास्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नेता और कार्यकर्ता प्रत्येक दिन 8 घंटे बूथ पर बिताएंगे। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण हेतु 75 घंटे बूथ पर विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई है।

राज्यपाल का अभिभाषण जन उपेक्षा जैसा :मायावती

लखनऊ, प्रात : किरण

18 वी विधानसभा के संयुक्त अधिवेशन में सोमवार को महामहिम राज्यपाल द्वारा अपने अभिभाषण में राज्य सरकार को हर प्रकार की क्लीन चिट दिए जाने पर बीएसपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती ने मंगलवार को अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जनहित के भारी भरकम सरकारी दावों की सार्थकता एवम् उपयोगिता तभी होती जब वे जमीनी हकीकत से थोड़ा सा भी मेल खाते हुए जनता को दिखाई पड़ते।उन्होंने इस अभिभाषण को जन उपेक्षा जैसा बताया। अगर यूपी सरकार राज्यपाल महोदया के माध्यम से जनहित, जनकल्याण तथा जनसुरक्षा आदि से जुड़ी कड़वी जमीनी वास्तविकताओं का भी थोड़ा सा नोट लेती तो लोगों को आगे के लिए थोड़े अच्छे दिन की उम्मीद बंधती।लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बीएसपी सुप्रीमो ने कहा कि महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, अराजकता, जातिवाद, साम्प्रदायिकता, भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी , माफिया गिरी व बदतर कानून व्यवस्था से जनता काफी त्रस्त है। साथ ही बीएसपी सुप्रीमो ने एक तीर से दो निशाने साधते हुए सपा व भाजपा को संकेत करते हुए कहा कि सदन में राज्यपाल वापस जाओ का नारा लगाना उचित नहीं, क्योंकि राज्यपाल महोदया को वही लिखा हुआ पढ़ना था जो सरकार ने उन्हें पढ़ने के लिए दिया। इसलिए यह बेहतर होता कि यदि इस पर चर्चा के दौरान सीधा सरकार को घेरा जाता।उन्होंने कहा कि राज भवन को भी इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए कि यूपी सरकार आम जनहित के मामलों में प्राथमिकता के आधार पर सही फैसले ले। सरकार जब कानून के हिसाब से चलेगी तभी जनहित व जनकल्याण एवं लोगों का जान माल तथा धर्म सुरक्षित रहेगा।

उप्र विधानसभा में स्वर कोकिला लता मंगेशकर और दिवंगत पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि

लखनऊ, प्रात : किरण

उत्तर प्रदेश विधानसभा सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को संपूर्ण सदन ने स्वर कोकिला लता मंगेशकर के निधन पर दुख प्रकट करते हुए उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखा। विधानसभा में हाल में दिवंगत 11 पूर्व सदस्यों के निधन पर भी शोक प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने स्वर कोकिला लता मंगेशकर के निधन पर शोक प्रस्ताव रखा। नेता सदन (मुख्यमंत्री) योगी आदित्यनाथ ने लता मंगेशकर के निधन पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि छह फरवरी, 2022 को स्वर कोकिला के नाम से विख्यात लता मंगेशकर का निधन हो गया। उन्होंने सदन की ओर से संवेदना प्रकट करते हुए लता मंगेशकर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। योगी ने कहा कि 25 से अधिक भारतीय व विदेशी भाषाओं में 50 हजार से अधिक गीत लता जी ने गाए। उन्होंने कहा कि लता जी के निधन से कला व संगीत जगत की अपूरणीय क्षति हुई है। योगी ने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने लता मंगेशकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के सभी प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें मिले और उनके निधन से सिनेमा जगत के साथ-साथ संपूर्ण समाज की क्षति हुई है। यादव ने अपनी पार्टी, सहयोगी दलों की ओर से मंगेशकर के निधन पर शोक प्रकट किया और अपनी श्रद्धांजलि दी।

सदन में राष्ट्रीय लोकदल के नेता राजपाल सिंह बालियान, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नेता ओमप्रकाश राजभर, कांग्रेस की दल नेता आराधना मिश्र, बसपा के उमाशंकर सिंह, जनसत्ता दल के रघुराज प्रताप सिंह, निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल के डॉक्टर संजय निषाद तथा अपना दल (एस) के राम निवास वर्मा ने लता मंगेशकर के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए उन्हें अपने तथा अपने दल की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में पूरे सदन ने दो मिनट का मौन रखा।

इसके अलावा सदन में एटा जिले के पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह, बलिया जिले के पूर्व विधायक मन्नू राम, मेरठ के पूर्व विधायक दामोदर शर्मा, गोंडा के पूर्व विधायक सुखदेव प्रसाद, हरदोई जिले की पूर्व विधायक कमला देवी, बाराबंकी के पूर्व विधायक राजीव कुमार सिंह, पीलीभीत के पूर्व विधायक पीतम राम, सुलतानपुर जिले के पूर्व विधायक राम रतन यादव, लखीमपुर जिले के पूर्व विधायक बंशीधर राज, बहराइच जिले के पूर्व विधायक चंद्रमणि कांत सिंह और मिजार्पुर जिले के पूर्व विधायक आशा राम यादव के निधन पर शोक प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

अपराधी कोई हो उसके खिलाफ कत्तई बर्दाश्त नहीं नीति के तहत ही कार्रवाई : योगी

लखनऊ, प्रात : किरण

- विधानसभा में शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने महिलाओं के साथ सबसे ज्यादा अपराध होने का दावा करते हुए इलाहाबाद, चंदौली, सिद्धार्थनगर और ललितपुर में महिलाओं के साथ हुई आपराधिक घटनाओं का जिक्र किया।
- योगी ने नेता प्रतिपक्ष पर पलटवार करते हुए जवाब दिया कि ह्वअगर अपराधी है चाहे वह कोई भी है, उसके खिलाफ कत्तई बर्दाश्त नहीं की नीति के तहत ही कार्रवाई होती है, नेता प्रतिपक्ष इस बात को समझते भी हैं और स्वीकार भी किया है कि कार्रवाई हुई है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा में सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सदन के नेता और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जोर देकर कहा कि अपराध किसी प्रकार का हो वह अक्षम्य है और खासकर महिला अपराध पर सरकार अपराधियों के खिलाफ कठोरतापूर्वक कार्रवाई कर रही है। योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव द्वारा राज्य में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध का मामला सदन में उठाये जाने के बाद कहा, यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, यहां यह नहीं कहा जाता है कि लड़के हैं, गलती कर देते हैं। उल्लेखनीय है कि काफी पहले महिला अपराध के एक मामले में समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने कहा था कि लड़के हैं गलती हो जाती है। योगी ने बिना किसी का नाम लिए सपा प्रमुख और नेता प्रतिपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, अगर अपराधी है, चाहे वह कोई भी है, उसके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत ही कार्रवाई होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष इस बात को समझते भी हैं और स्वीकार भी किया है कि कार्रवाई हुई है। विधानसभा में शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने महिलाओं के साथ सबसे ज्यादा अपराध होने का दावा करते हुए इलाहाबाद, चंदौली, सिद्धार्थनगर और ललितपुर में महिलाओं के साथ हुई आपराधिक घटनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जो सरकार जीरो टॉलरेंस की बात करती है उसमें पुलिस मनमानी कर रही है। ललितपुर थाने में एक दुष्कर्म पीड़िता के साथ थानाध्यक्ष द्वारा दुष्कर्म किये जाने की घटना की ओर ध्यान दिलाते हुए यादव ने कहा कि नेता सदन ललितपुर गये और मामले में कार्रवाई हुई। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, सदन के नेता सच बोलते हैं, मुझे बहुत अच्छा लगा, मैं उस मीटिंग में मौजूद नहीं था लेकिन मुझे तो अखबारों के माध्यम से पता चला कि वहां जब अधिकारियों की शिकायत हुई और सरकार की शिकायत की गई तो नेता सदन ने कहा कि आप लोग दलाली छोड़ दो, अधिकारियों को मैं सुधार दूंगा। मैं अपने नेता सदन का बहुत धन्यवाद देता हूं।

नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि पांच साल तक दलाली चलती रही, नेता सदन को पता ही नहीं चला। किन अधिकारियों को सुधार दिया। मैं इस विषय को इसलिए उठा रहा हूं क्योंकि मैं खुद गया ललितपुर और जब वहां सूचना पाई कि एक बेटी के साथ ऐसी घटना हुई और सरकार ने कार्रवाई की तो क्या सरकार यह बताएगी कि घटना न हो इसके लिए सरकार क्या कर रही है। योगी ने नेता प्रतिपक्ष पर पलटवार करते हुए जवाब दिया कि ह्वअगर अपराधी है चाहे वह कोई भी है, उसके खिलाफ कत्तई बर्दाश्त नहीं की नीति के तहत ही कार्रवाई होती है, नेता प्रतिपक्ष इस बात को समझते भी हैं और स्वीकार भी किया है कि कार्रवाई हुई है। उन्होंने आरोप लगाया, आप (अखिलेश यादव) तो हर उस अपराधी का समर्थन करते हैं जो प्रदेश में अराजकता के पुजारी हैं, गुंडागर्दी जिनका पेशा बन चुकी है। उन्होंने अपनी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि पिछले पांच वर्ष के अंदर प्रदेश में कानून व्यवस्था, सुरक्षा के बेहतर माहौल ने ही इस सरकार को फिर से व्यापक जन समर्थन दिया है। योगी ने कहा कि प्रत्यक्ष को किसी प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती, चुने गए माननीय सदस्य इस बात के प्रमाण हैं कि जनता ने इन्हें समर्थन दिया है, आधी आबादी ने जिस भाव के साथ समर्थन किया है वह अभिनंदनीय है। नेता सदन ने कहा कि खासतौर पर महिला संबंधी अपराधों को लेकर हमारी सरकार ने वर्ष 2017 में एंटी रोमियो स्क्वायड का गठन किया था और इसके साथ ही प्रदेश में महिला संबंधी अपराधों को रोकने के लिए 218 पॉक्सो कोर्ट की स्थापना भी कराई गई।

अपराध में पांच वर्षों में कमी का दावा करते हुए योगी ने कहा कि कल हमारे प्रतिपक्ष के मित्र राज्यपाल के अभिभाषण को सुनते तो बहुत सारी बातें उनके सामने साफ होती। अभिभाषण का जब जवाब देंगे तो आप को स्पष्ट रूप से बताएंगे कि अपराधों में कितनी गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि पहले विधानसभा के चुनाव होते थे या कोई चुनाव होता था तो चुनाव के दौरान या उसके बाद व्यापक हिंसा होती थी। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने इस विधानसभा चुनाव के दौरान भी या उसके बाद कुछ हरकत की थी, लेकिन उस हरकत को कुछ ही घंटों में हम लोगों ने नियंत्रित भी किया।

योगी ने कहा, उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था देश के अंदर आज नजीर बनी हुई है। पांच वर्षों में कोई दंगा नहीं हुआ। 2012 से 2017 के बीच में दंगे की 700 से भी अधिक घटनाएं हुयी थी, लेकिन वर्ष 2017 से 2022 के बीच कोई दंगा नहीं हुआ, कोई कर्फ्यू नहीं लगा। योगी ने कहा कि उप्र में माफियाओं की दो हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति जब्त हुई है, इसलिए महिला सुरक्षा का मामला हो, 25 करोड़ नागरिकों की सुरक्षा का मामला हो या फिर प्रदेश की बेहतर कानून व्यवस्था हो यह सभी सरकार की प्राथमिकता के बिंदु हैं।

बड़े मंगल पर आप प्रदेश कार्यालय में लगा विशाल भण्डारा

- निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह समेत कई वरिष्ठ आप नेता रहे मौजूद

लखनऊ, प्रात : किरण

बड़े मंगल पर आप के गोमतीनगर स्थित प्रदेश कार्यालय में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। सभी आप कार्यकताओं ने बजरंगबली से देश और प्रदेश की जनता की समस्याओं का निवारण करने की प्रार्थना की। बड़ी संख्या में भण्डारे में भक्तजनों ने बजरंगबली का प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भण्डारे के आयोजन में जुट गये। बजरंगबली की पूजा-अर्चना के साथ भण्डारे की शुरूआत निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने की। इस अवसर पर सभी ने बजरंगली से प्रार्थना की और देश व प्रदेश में सुख-शांति का माहौल बना रहे और लोगों की समस्याओं का निवारण करने की प्रार्थना की गई।

भंडारे में ब्रज कुमारी सिंह, दिनेश पटेल, महेंद्र प्रताप सिंह, विनय पटेल, इंजीनियर अजय कुमार, रोहित श्रीवास्तव, दीपक पटेल, इमरान लतीफ, इरम रिजवी, ब्रजेश तिवारी, अंकित परिहार, असद अब्बास, रीता सिंह, ऋतु अग्रवाल, सतीश श्रीवास्तव, सईद मेहंदी सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए ।

ईदगाह मामलाः मथुरा दीवानी अदालत में प्रस्तुत की गई उच्च न्यायालय के आदेश की प्रति

लखनऊ। मथुरा की शाही मस्जिद ईदगाह को हटाए जाने के आग्रह से संबंधित सभी लंबित याचिकाओं पर चार महीने के अंदर कार्यवाही पूरी करने संबंधी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के हाल के आदेश की एक प्रति मंगलवार को मथुरा के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में प्रस्तुत की गई। मामले की अगली सुनवाई की तारीख एक जुलाई नियत की गई है। याची मनीष यादव के वकील दीपक शर्मा ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश की एक प्रति सिविल जज (सीनियर डिवीजन) ज्योति सिंह की अदालत में पेश की गई। लखनऊ के निवासी मनीष यादव ने खुद को भगवान कृष्ण का वंशज बताते हुए 15 दिसंबर 2020 को सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में एक मुकदमा दायर किया था।

बड़े मंगल पर भारत स्काउट और गाइड द्वारा बूंदी वितरण व निशुल्क जल प्याऊ का आयोजन किया गया

लखनऊ, प्रात : किरण

उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड, लखनऊ द्वारा आज ज्येष्ठ के द्वितीय बडे मंगल के सुअवसर पर शशि भूषण बालिका इण्टर कालेज, लालकुआं गेट पर निःशुल्क जल प्याऊ शिविर आयोजित किया गया। जिला सचिच इन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि आज शशि भूषण बालिका इण्टर कालेज, लालकुआं में जल प्याऊ शिविर का शुभारम्भ उ0प्र0 भारत स्काउट और गाइड के प्रादेशिक उपाध्यक्ष डा0 आर0पी0 मिश्र एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं जिला आयुक्त (गाइड) संगीता अग्रवाल ने हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया। उसके पश्चात वहॉ से गुजाने वाले राहगीरो को बूंदी एवं रूहफजा का शर्बत तथा ठण्डा जल उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर उ0प्र0 भारत स्काउट और गाइड के प्रादेशिक उपाध्यक्ष डा0 आर0पी0 मिश्र, के साथ जिला कमिश्नर (गाइड) संगीता अग्रवाल, जिला सचिव इन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव मीता श्रीवास्तव, जिला संगठन कमिश्नर (गाइड) मधु हंसपाल, जिला संगठन कमिश्नर (स्काउट) अनुराग मिश्र, हेड क्वार्टर कमिश्नर (स्काउट) राजकीय जुबली इण्टर कालेज के सत्य शंकर मिश्र, ओपन यूनिट के इलियास अहमद एवं शशि भूषण बालिका इण्टर कालेज, लालकुआं विद्यालयो की समस्त शिक्षिकाओं के साथ विद्यालय की गाइड्स उपस्थित थी।

हमला यूपी के थानों में महिला सिपाही सुरक्षित नही, नाबालिग बच्चियां रेप का शिकार हो रही हैं ...

यूपी की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट : संजय सिंह

लखनऊ, प्रात : किरण

आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद संजय सिंह ने यूपी में पूरी तरह चौपट कानून व्यवस्था पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने प्रदेश में हो रही घटनाओं पर एक ट्विट किया है। वहीं पीजीआई में महिला सिपाही के साथ हुई घटना और नाबालिग बच्चियों के रेप का शिकार होने पर सरकार को आड़े हाथों लिया है। संजय सिंह ने राज्यपाल को संबोधित करते हुए ट्विट में लिखा है कि महामहिम आपका अभिभाषण सुना आपने यू पी की कानून व्यवस्था को सर्वोत्तम बताया । संजय सिंह ने वीडियो जारी करते हुए बताया कि एटा में शिक्षक ने स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा से किया दुष्कर्म, कन्नौज में युवती के चेहरे पर नकाबपोश बाइक सवार ने फेंका तेजाब, दुष्कर्म के बाद बालिका की पीटकर हत्या, सास-ससुर के सामने दबंगों ने बहू से की छेड़छाड़, कौशाम्बी में बालिका से रेप समझौते ने खतरे में डाली जिंदगी, खीरी में ढाई साल की बच्ची से रेप, प्रयागराज में छात्रा से छेड़खानी, छेड़कानी का विरोध करने पर शोहदों ने छात्रा को पीटा, फतेहपुर में छेड़खानी ओर अशलीलता से आहत होकर दी थी छात्रा ने जान, बदायूं में दुष्कर्म का आरोप लगाया तो महिला को 24 घंटे थाने में बैठाया, बरेली में छात्रा से सरेराह छेड़छाड़, उठा ले जाने की धमकी। वाराणसी, शामली, शाहजहांपुर, सीतापुर, हाथरस, मिजार्पुर, बागपत, मुरादाबाद और लखनऊ में महिला से लूटी चेन,बंथरा में युवती से दुष्कर्म की खबरों की क्लिपिंग दिखाई है।

इसके साथ ही संजय सिंह ने लखनऊ के पीजीआई पुलिस स्टेशन में तैनात महिला सिपाही की आत्महत्या मामले में पिता की ओर से एक सिपाही पर रेप और आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए दर्ज की गई रिपोर्ट पर भी तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि महिला सिपाही से आरोपित की शादी की बात चल रही थी। आरोपित दहेज मांग रहा था। इस मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए संजय सिंह ने ट्विट किया है कि ह्यनाबालिग रेप पीड़िता ने दम तोड़ा। थाने में तैनात महिला सिपाही के साथ रेप सिपाही ने आत्महत्या की। यू पी के थानों में महिला सिपाही सुरक्षित नही। नाबालिग बच्चियाँ रेप का शिकार हो रहीं हैं। लेकिन आपके आस-पास नकली मुद्दों का ऐसा शोर है जिससे न कुछ सुनाई देता है न दिखाई देता है। उन्होंने कहा है कि यूपी में कानून व्यवस्था इतनी बुरी तरह से चरमरा गई है कि लोग डरे और सहमे हुए हैं। आदित्यनाथ की सरकार से जनता त्रस्त हो चुकी है। उन्होंने सरकार से जल्द कानून व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधों पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यही हाल रहा तो जनता यूपी से पलायन करने लगेगी। सरकार महिला सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे कर रही थी लेकिन महिलाओं के साथ आए दिन होने वाले अपराधों की संख्या बढ़ती जा रही है। घरों से बाहर निकलने वाली महिलाएं यूपी में बिलकुल सुरक्षित नहीं है।

पार्टी बदलने के सवाल पर बोले आजम खां, अभी तो मेरा जहाज काफी है

लखनऊ, प्रात : किरण

समाजवादी पार्टी (सपा) से कथित तौर पर नाराज वरिष्ठ पार्टी नेता एवं विधायक मोहम्मद आजम खां ने सपा छोड़ किसी अन्य दल में शामिल होने की संभावनाओं पर मंगलवार को कहा कि ह्यकोई माकूल कश्ती सामने तो आए, अभी तो मेरा जहाज काफी है ह्ल खां ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल को सपा द्वारा राज्यसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाए जाने की अटकलों पर कहा कि अगर सिब्बल को राज्यसभा भेजा जाता है तो सबसे ज्यादा खुशी मुझे होगी। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के मौजूदा सत्र के लगातार दूसरे दिन भी सदन में उपस्थित नहीं हुए आजम खां ने संवाददाताओं से बातचीत में अपनी गैर हाजरी के कारण के बारे में पूछे जाने पर बताया ह्यमेरा स्वास्थ्य अच्छा नहीं है। आपने अंदाजा लगाया होगा। मुझे खड़े होने में भी परेशानी हो रही है। मैं सदन के लिए चुन कर आया हूं, (सदन में) तो आऊंगा ही। खां ने सपा से नाराजगी के सवाल पर कहा ह्यमैंने किसी दूसरी कश्ती के तरफ से देखा तक नहीं है, सवार होना तो बहुत दूर की बात है. लेकिन अब अंदाजा यह हुआ है कि सलाम दुआ सबसे रहनी चाहिए। इस सवाल पर कि क्या अब वह किसी और कश्ती की तरफ देखेंगे, खां ने कहा पहले कोई माकूल कश्ती सामने तो आए अभी तो मेरा जहाज काफी है। इस सवाल पर कि वह परसों से लखनऊ में हैं, क्या सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने उनका हालचाल लिया, आजम खां ने कहा ह्यइतनी बड़ी शख्सियत के बारे में मैं कोई टिप्पणी तो कर नहीं सकता। वह अपनी राय और अपनी मर्जी के खुद मालिक हैं। सपा द्वारा कपिल सिब्बल को राज्यसभा भेजने की कवायद की खबरों के बारे में खां ने कहा वह उनका हक भी है और वह जिस पार्टी से भी जाएंगे।

शत-प्रतिशत राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति को बेहतर तरीके से करें कार्य : तारकिशोर

बेतिया, प्रात : किरण संवाददाता

तारकिशोर प्रसाद, माननीय उपमुख्यमंत्री, बिहार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में आंतरिक संसाधन, नगर विकास विभाग (बुडको सहित) तथा पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुयी। इस अवसर पर सांसद, संजय जायसवाल, सतीश चन्द्र दूबे, उपमुख्यमंत्री, बिहार, श्रीमती रेणु देवी, विधायक, राम सिंह, उमाकांत सिंह, विनय बिहारी, विरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, माननीय विधान पार्षद, भीष्म सहनी, सौरभ कुमार सहित जिलास्तरीय पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया, कुंदन कुमार द्वारा पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से उक्त विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी माननीय उपमुख्यमंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों को दी गयी। उपमुख्यमंत्री, बिहार, तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि पश्चिम चम्पारण जिला विकास के पथ पर अग्रसर है, इसे और अधिक तीव्र गति से आगे बढ़ाने के लिए सभी माननीय जनप्रतिनिगण एवं अधिकारीगण को लगातार प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर बिहार के तहत मजबूती के साथ कार्य करना है। सरकार के विभिन्न विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से किया जाय ताकि लाभुकों को ससमय विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि माननीय जनप्रतिनिगिण द्वारा कही गयी बातों को गंभीरता से लें और उनके द्वारा रखी जा रही समस्याओं का त्वरित समाधान कराना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि माननीय जनप्रतिनिधिगण जिले के विकास की गति को और अधिक तेज करने के लिए जिला प्रशासन के साथ मिलजुल कर समन्वित प्रयास करें।आंतरिक संसाधन की समीक्षा के दौरान उन्होंने निदेश दिया कि जिन विभागों को राजस्व वसूली हेतु लक्ष्य प्राप्त हो गया है वे शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति करना सुनिश्चित करेंगे। जिन विभागों को अबतक लक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ है, वे लक्ष्य प्राप्त होते ही तेजी के साथ कार्य करेंगे। सभी विभाग राजस्व संग्रहण के लिए बेहतर प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण लक्ष्य

सम्मान

- पश्चिमी चम्पारण जिला विकास के पथ पर अग्रसर, इसे और तीव्र गति से आगे बढ़ाने की आवश्यकता

प्राप्त करने की दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता नहीं होनी चाहिए। कार्यपालक अभियंता, विद्युत को निदेश दिया गया कि आमजन की शिकायतों का त्वरित गति से निराकरण कराना सुनिश्चित किया जाय। इस हेतु सभी अभियंताओं को तत्परतापूर्वक कार्य करने हेतु निदेशित किया जाय। सभी अभियंता अपने मोबाईल फोन को ऑन रखेंगे तथा प्राप्त कॉल पर अच्छे तरीके से रिस्पान्ड करेंगे। उपमुख्यमंत्री द्वारा अपने समक्ष एक विद्युत अभियंता जिनका मोबाईल नंबर-7763814823 है पर संपर्क साधा गया, विद्युत अभियंता द्वारा तुरंत कॉल रिसिव कर लिया गया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे ही सभी कॉलों का जवाब दिया जाना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने निदेश दिया कि विद्युत विपत्रों में त्रुटि की गुंजाईश नहीं रहें इस हेतु ठोस कार्रवाई की जाय।

माप-तौल विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने निदेश दिया कि अपेक्षाकृत राजस्व संग्रहण कम है, इसे तेजी के साथ बढ़ाना होगा। उन्होंने निदेश दिया कि हाट-बाजार, गांव, कस्बा आदि में कैम्प लगाकर राजस्व संग्रहण कराना सुनिश्चित किया जाय। जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं जिला मत्स्य पदाधिकारी को और अधिक मेहनत करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हेतु निदेशित किया गया। नगर निगम एवं नगर निकायों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम के पूर्व जल निकासी की सुदृढ़ व्यवस्था हेतु अच्छा कार्य किया गया है। जिलाधिकारी, पश्चिम चम्पारण के मार्गदर्शन में नगर निगम, नगर निकायों में जल निकासी हेतु समुचित व्यवस्था की जा रही है। मजिस्ट्रेट की प्रतिनियित्क्त कर नालों से अतिक्रमण भी हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम, जिला मुख्यालय में स्ट्रोम ड्रेनेज सिस्टम पर कार्य किया जा रहा है।

भारत अब दुनिया में सुपर पावर बनने की ओर अग्रसर : नित्यानंद

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

- पातेपुर में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने किया जनसंवाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया के पटल पर अपना परचम लहरा रहा है। भारत अब दुनिया में सुपर पावर बनने की ओर अग्रसर है। भाजपा जात की ही नही जमात की पार्टी है। सबका साथ सबका विकास मंत्र के साथ ही बीजेपी देश ही नहीं बल्कि संसार की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है।

यही कारण है विपक्षी पार्टियों को अब हजम नही हो रहा है। विपक्षी पार्टियां अनाप-शनाप बयानबाजी कर देश के लोगो को बरगला रही है। यह बातें केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने पातेपुर स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित कार्यकर्ता जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इससे पहले मंत्री स्थानीय सुक्की गांव पहुंच कर जहर खाने से हुई महिला और उसके चार बच्चों की मौत के बाद स्वजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने घटना के संबंध में जानकारी लेते हुए जीवन यापन के लिए व्यवस्था किए जाने का आश्वासन दिया। सुक्की गांव से निकलने के बाद वह सीधे पातेपुर बाजार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर पहुंचे जहां मंदिर के पुजारियों के मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना की। इस मौके पर महंत विश्व मोहन दास ने प्रतीक चिन्ह, प्रमुख रेणु देवी ने अंगवस्त्र एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष गणेश राय ने बुके देकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पातेपुर का विकास करना हमारी जिम्मेदारी ही नही बल्कि मेरा कर्तव्य भी है। मौके पर पातेपुर विधायक लखेंद्र कुमार रौशन, लालगंज विधायक संजय सिंह, हाजीपुर विधायक अवधेश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह कुशवाहा समेत अनेक लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वी मंडल अध्यक्ष उमेश कुमार विभु एवं संचालन विधानसभा प्रभारी अजबलाल साह ने की। इस दौरान अमरेश पासवान, राविकेश आर्य, अशोक कुमार टाइगर, मनीष यादव, कुंदन सिन्हा, नरेश राय, धनेश मिश्रा, राजेश पासवान, इंद्रजीत सिंह, मो. असगर अली, सत्यनारायण पासवान, फिरदौस बेगम, पप्पू कुशवाहा, सती रमन सिंह, कपिलेश्वर राय, शंभू कुमार राय, दिनेश साह, कुंदन कुमार, चुचु मिश्रा आदि उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

मारपीट की घटना में दो घायल प्राथमिकी दर्ज

रतनी, फरीदपुर। शकूराबाद थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव में आपसी विवाद में मॉ एवं बेटा घायल हो गया। दोनों घायलों का इलाज रामाश्रय प्रसाद सामुदायिक स्वास्थ केंद्र शकूराबाद में कराया गया। घायल महिला के लिखित आवेदन के आलोक में ललेश चौधरी सहित चार के बिरूद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि कि नारायणपुर निवासी सनपरी देबी ने गांव के ही ललेश चौधरी सहित चार लोगों पर आरोप लगायी की बिते सोमवार की शाम करीब सात बजे आपसी विवाद को लेकर उपरोक्त मेरे घर पर आकर गाली गलौज करते हुए मुझे तथा मेरे पुत्र को मारपीट करने लगा। मारपीट कर मुझे तथा मेरे पुत्र को बुरी तरह घायल कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर काररवाई की जा रही है।

जिले के सभी प्रखंडों में किया गया योग जागरण यात्रा का आह्वान

कुर्था,अरवल, प्रात :किरण संवाददाता

पतंजलि योग समिति अरवल द्वारा योग जागरण यात्रा का आह्वान किया गया। पतंजलि योग समिति दक्षिण बिहार के राज्य प्रभारी डॉ पंकज पाण्डेय ने अपने प्रवास के दौरान जिले के सभी प्रखंडों कुर्था करपी शहर तेलपा इमामगंज एवं किंजर में योग जागरण यात्रा निकाला। इस दौरान आम आवाम से संपर्क करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। इस मौके पर ग्रामीण इलाकों में भी लोग एकत्रित होकर एक शिविर में भाग लें। योग के संबंध में लोगों को बताएं एवम हर घर के लोग योग करें और निरोग रहे। नियमित योग करने से बहुत सारी शारीरिक परेशानियां स्वता समाप्त हो जाती हैं। श्रद्धेय स्वामी रामदेव जी योग को बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रेरित करने का काम कर रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में ग्रामीण आरोग्य केंद्र खुलवाया जा रहा है। उन केंद्रों पर पतंजलि के सभी उत्पाद उपलब्ध रहेंगे ताकि गांव में रह रहे लोगों को भी पतंजलि के उत्पाद खरीदने एवं उसका उपयोग करने में किसी प्रकार की समस्या ना हो। स्वामी जी का संकल्प है कि हरिद्वार से हर घर तक स्वदेशी सामानों का उपयोग हो। इस संकल्प को पूरा करने में सभी लोग लगे हैं। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय के अहियापुर सूर्य मंदिर प्रांगण में 25 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें लोगों को योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान लोगो को योग के इस कोर्स को करने के फायदे से अवगत कराया गया। यात्रा के बाद एक विशेष बैठक का भी आयोजन किया गया। जिसमें योग प्रशिक्षण शिविर, संगठन विस्तार, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सहित कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। यात्रा के दौरान ग्रामीण आरोग्य केंद्र, कुर्था में सभी लोगों का स्वागत किया गया एवं एक बैठक भी आयोजित की गई।

डेफ ओलंपिक में गोल्ड जीतने वाले रितिक आनंद को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिलाधिकारी यशपाल मीणा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में 24 वें डेफ ओलंपिक में देश के लिए स्वर्ण पदक जितने वाले वैशाली के लाल रितिक आनंद को जिला प्रशासन वैशाली की ओर से शाल, मोमेंटो और पौधा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रितिक आनंद के पिता उदय कुमार भी उपस्थित थे। खिलाड़ी के पिता ने बताया कि रितिक इससे पहले दो बार लगातार 2018 और 2019 में नेशनल गेम्स खेला और गोल्ड मेडल हासिल किया था। वर्ष 2019 में ही ताइपे में आयोजित यूथ बैडमिंटन चैंपियनशिप में लड़कों के डबल्स में एवं मिक्स डबल में रजत पदक जीत चुका है।

जिलाधिकारी के रितिक की पृष्ठभूमि के बारे पूछने पर उसके पिता ने बताया कि बचपन से ही बैडमिंटन में इसकी रूचि रही है। अभी वह ओपन स्कूल से 12 वीं की पढ़ाई कर रहा

है। जिलाधिकारी ने खुद उसके साथ बैडमिंटन खेलने की इच्छा प्रकट की। उसके पिता ने बताया कि 24 वें डेफ ओलंपिक का आयोजन ब्राजील के कैशियाक्ष डू सोल में पहली मई से 15 मई तक किया गया था। इसमें देश के 65 प्रतिभागियों ने अलग-अलग 11 खेलों में देश का प्रतिनिधित्व किया था। बैडमिंटन में चार लड़का और चार लड़की सहित कुल आठ प्रतिभागी थे। रितिक ने फाइनल में जापान के खिलाड़ी को पराजित कर गोल्ड मेडल हासिल किया। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी प्रकार की सहायता की जरूरत हो तो जिला प्रशासन से हर संभव सहयोग मिलेगा। रितिक के पिता ने हाजीपुर स्थित बसावन सिंह

सम्मान

- ब्राजील के कैशियाक्ष डू सोल में खेले गए थे डेफ ओलंपिक

इंडोर स्टेडियम का उपयोग केवल खेल गतिविधियों के लिए ही करने एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित नहीं करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अन्य कार्यक्रमों के आयोजन से इंडोर स्टेडियम का फ्लोर खराब हो रहा है। जिलाधिकारी ने इसे गंभीरता से लिया और उन्हें इसके लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी महनार सुमित कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वकील प्रसाद सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी समर बहादुर सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश आदि उपस्थित थे। मालूम हो कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने आवास पर बुलाकर रितिक आनंद को सम्मानित किया है। मुख्यमंत्री ने उसे राज्य सरकार की ओर से 15 लाख रुपये का चेक भी प्रदान किया है।

बापूधाम मोतिहारी स्टेशन को मिला गोल्ड रेटिंग

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

- ग्रीन रेलवे स्टेशन के मानकों पर पूरी तरह खरा उतरने पर दी गई रेटिंग

रेलवे पर्यावरण में सुधार के लिए योगदान देने में प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में पर्यावरण के अनुकूल उपायों का बेहतर उपयोग के लिए पूर्व मध्य रेल में समस्तीपुर मंडल के बापूधाम मोतिहारी स्टेशन को इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल की ओर से प्रतिष्ठित गोल्ड रेटिंग दी गई है। यह रेटिंग ग्रीन रेलवे स्टेशन के मानकों पर पूरी तरह खरा उतरने पर दी गई है। यात्रियों की संतुष्टि और अनुभव को बेहतर करने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल ने बापूधाम मोतिहारी स्टेशन पर पर्यावरण अनुकूल कई यात्री सुविधाओं का प्रावधान किया है। सीपीआरओ वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पर्यावरण, जल एवं उर्जा संरक्षण के क्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल की तरफ से रेटिंग दी जाती है। विदित हो कि भारतीय रेलवे के पर्यावरण निदेशालय के सहयोग से इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल ने हरित अवधारणाओं को अपनाने के लिए ग्रीन रेलवे स्टेशनों की रेटिंग प्रणाली विकसित की है, ताकि स्टेशन संचालन और रखरखाव से उत्पन्न होने वाले प्रतिकूल पर्यावरणीय प्रभाव को कम किया जा सके।

आदर्श सामूहिक विवाह समिति मझौलिया की बैठक संपन्न

मझौलिया, प्रात : किरण संवाददाता

मंगलवार को आदर्श सामुहिक विवाह समिति के सौजन्य से पांच कन्याओं का सामुहिक विवाह 15 जून को सुनिश्चित किया गया है। इस शादी समारोह में पांच जोड़ी वर वधु एक दूजे को वरमाला पहनाकर जीवन संगनि बनेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से व्यवसायिक संघ के द्वारा सर्वप्रथम मझौलिया शिव मंदिर में बाबा नागेश्वर बाबा शिवलिंग पर शादी का कार्ड भेट कर शादी समारोह को सफल बनाने की भोलेनाथ से कामना की है।

मौके पर संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष मंजित श्रीवास्तव, सचिव हरिशंकर शर्मा, ललन बैठा, प्रमोद कुमार सोनी,आनन्द कुमार, बृजेश प्रसाद कुशवाहा आदि व्यवसायिक संघ के सदस्य मौजूद रहे। इस सामुहिक समारोह में मुख्य भूमिका

- आगामी 15 जून को पांच कन्याओं की होगी सामूहिक शादी

मझौलिया के सभी वेवसायिक संघ के द्वारा तन मन धन से इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए है। संघ के अध्यक्ष ने बताया कि हम सभी व्यसायिक प्रत्येक वर्ष असहाय व गरीब कन्याओं का विवाह अपने खर्चा से कराया जाता है। एवं उन्होंने लोगों से अपील की यथा शक्ति इस शादी में सहयोग करें ताकि यह कार्यक्रम पुर्ण रूपेण सफल हो।

फाइनेंस कंपनी के कर्मी से दिनदहाड़े 1 लाख 5 हजार की लूट

जहानाबाद। मखदुमपुर थाना क्षेत्र के सुमेरा मलाठी मोड़ ढोढा नहर के समीप हथियार के बल पर दिनदहाड़े फाइनेंस कंपनी के कर्मी से लूट की घटना को अंजाम दिया गया। दो मोटरसाइकिल पर चार लुटेरे सवार थे। मिली जानकारी के अनुसार भारत फाइनेंस इंक्लूजन लिमिटेड कंपनी के कर्मी सरोज कुमार सुमेरा गांव से पैसा कलेक्शन कर लौट रहे थे। इसी दरम्यान सुमेरा मलाठी मोड़ ढोढा नहर के समीप दो मोटरसाइकिल पर सवार हथियारबंद चार अपराधी आएं और पीछे से फाइनेंस कंपनी के कर्मी सरोज के मोटरसाइकिल में धक्का मार दिया। जिससे वह लड़खड़ा कर गिर गया और हथियार का भय दिखाकर मोटरसाइकिल की डिक्की और बैग दोनों से रुपए निकाल कर फरार हो गए। फाइनेंस कंपनी के कर्मी सरोज ने बताया के 1 लाख 5 हजार रुपए की लूट हुई है। फाइनेंस कर्मी अरवल जिले के कुर्था थाना का रहने वाला बताया जा रहा है। इधर घटना की सूचना पाकर स्थानीय टेहटा ओपी की पुलिस घटना स्थल पर दल बल के साथ पहुंचकर जांच में जुट गई है।

भितहा: हर घर नल जल योजना का किया निरीक्षण

भितहा, प्रात : किरण संवाददाता

मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पन्नालाल के निर्देश पर पंचायत सचिव शत्रुधन प्रसाद ने मच्छहा पंचायत वार्ड संख्या सात में घर-घर जाकर नल जल योजना का निरीक्षण किया। जांच के क्रम में पंचायत सचिव ने मुख्य पाइप से जल आपूर्ति की स्थिति, शुद्धता की स्थिति व नल में लगे टोटी का जायजा लिया। पर कही टोटी किसी के घर में नहीं दिखाई दी।

इस दौरान लाभुक से भी जल आपूर्ति को लेकर समुचित जानकारी हासिल किया। जहां लाभुकों ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को आधा अधूरा बताया, इस कारण हर परिवार को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण अभी भी कुछ लोग शुद्ध पेयजल से वंचित हैं। वार्ड संख्या सात के वार्ड सदस्य पति मुकेश गोंड का कहना है कि इस योजना के तहत वार्ड संख्या सात में दो योजना पारित हुआ है,अभी तक दोनों योजना का कार्य आधा अधूरा हीं है। संवेदक के द्वारा सभी जगह पाईप लाइन नहीं बिछाया गया।

जब से नल जल का कार्य हुआ है अभी कार्य अधूरा पड़ा है वहीं कुछ परिवार में अभी भी नल लगाना बाकी है, जिस कारण लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा है। वार्ड सदस्य के अनुसार बैरटवा टोला में संवेदक के द्वारा सही ढंग से कार्य नहीं किया गया है।वही वार्ड सदस्य ने कहा कि निरीक्षण में पंचायत सचिव ने बताया कि वार्ड संख्या सात में सभी परिवार को जल की आपूर्ति की अभी तक नही की जा रही है। इस दौरान चोकट गोंड योगेंद्र गोंड महाजन गोंड रामनगीना गोंड रामसकल गोंड रामायण गोंड रिंकी देवी जय श्री गुरु मुन्नी देवी रामाज्ञा गोंड आदि मौजूद रहे।

गरीबों पर बुलडोजर चलाने से बाज नहीं आ रही सरकार : एक्टू

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

आल इंडिया सेंट्रल काउंसिल आफ ट्रेड यूनियन एक्टू का जिला कार्यकर्ता कन्वेंशन शहर के रामभद्र रामचौरा में आयोजित हुआ। अध्यक्षता खेग्रामस जिलाध्यक्ष दीनबंधु प्रसाद एवं भरत पासवान ने की जबकि संचालन एक्टू जिला सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने की।

विशेष अतिथि भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य सह एक्टू राज्य महासचिव आरएन ठाकुर ने अपने संबोधन में देश की मौजूदा स्थिति, मजदूर वर्ग और आम जनता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि गत 8 वर्षों में मोदी सरकार ने ना केवल मजदूर विरोधी श्रम कानून में संशोधन कर मालिक के पक्ष वाला चार श्रम कोड लाकर मजदूरों को कंगाल और गुलाम बनाने की साजिश किया, बल्कि उसके बुरे परिणाम भी आने शुरू हो गए हैं। मौके पर कहा गया कि देश की

- हाजीपुर शहर के रामचौरा में कन्वेंशन का किया गया आयोजन

संपदा बेचकर अडानी-अंबानी जैसे कारपोरेट घराने को अमीर बनाने की सारी गुंजाइश बना दिया हैं तथा गरीबों पर बुलडोजर चलाने से भी बाज नहीं आ रही हैं। सामंती-सांप्रदायिक उन्माद की ओर धकेला जा रहा है। ऐसी स्थिति में मजदूरों को एक संगठित आंदोलन महंगाई और भुखमरी के खिलाफ बढ़ा देना होगा। कन्वेंशन में एक्टू से जुड़े तमाम संगठनों की सदस्यता 20 हजार बनाते हुए 30 जून को जिला सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। कन्वेंशन को राज्य कमेटी सदस्य संगीता देवी, अलग-अलग संगठनों से मुन्ना पटेल, प्रभु दयाल सिंह, परमेश्वर राय, अरुण कुमार सिंह, हरि कुमार राय, रामबाबू भगत, बच्चा बाबू, गजेंद्र भगत, राजेश्वर दास, लालबाबू सिंह, नरेश पासवान, फकीरा सिंह, पारसनाथ सहनी, बाबूलाल पासवान आदि ने संबोधित किया।

पुलिस दबिश के कारण 11 आरोपी ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

कुर्था,अरवल, प्रात : किरण संवाददाता

कुर्था पुलिस की दबिश के कारण मंगलवार की दोपहर न्यायालय में 11 आरोपीयों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस की ओर से बार-बार की जा रही छापेमारी से तंग 11 आरोपीयों ने अरवल व्यवहार न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। बताते चलें कि विभिन्न कांड के शेष अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

अरवल पुलिस अधीक्षक हिमांशु शंकर त्रिवेदी के कार्यकाल में इन दिनों अरवल जिले के पुलिस नए तेवर और नए कलेवर में कार्य कर रही है जिसका ताजा उदाहरण इन दिनों कुर्था में देखने को मिल रहा है अरवल पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष छापेमारी अभियान के तहत कुर्था पुलिस लगातार थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में अभियान चला

रही है हालांकि पुलिस दबिश के कारण महज दो दिनों के अंदर ग्यारह अपराधियों और वारंटीयो ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है ।

इस संबंध में कुर्था थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि अरवल पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष छापेमारी अभियान के तहत कांड के बांछित वारंटी व अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर कुर्था पुलिस काफी सजग है हालांकि उन्होंने बताया कि दो दिनों के पुलिस दबिश ने ग्यारह लोगों को न्यायालय में सरेंडर करने पर मजबूर कर दिया वहीं उन्होंने बताया कि कुर्था थाना क्षेत्र के धर्मपुर में महादलित के साथ हुए मारपीट में पांच आरोपित रहिस यादव, राजदेव यादव, कमलेश यादव, वीरेंद्र यादव, वकील यादव ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है ।

वही लगभग दो करोड़ के गबन के मामले को लेकर आरोपित विवेक कुमार सिन्हा ने पुलिस दबिश के वजह से न्यायालय में आत्मसमर्पण किया वहीं उन्होंने बताया कि अवैध शराब के मामले में कुर्था थाना क्षेत्र के लारी

कार्रवाई

- कुर्था पुलिस के दबिश ने अपराधियों और वारंटीयो की उड़ाई नींद

गांव से एक एवं पैनाठी गांव से दो अपराधियों ने न्यायालय में सरेंडर किया वहीं उन्होंने कहा कि पुलिस के विशेष छापामारी अभियान थाना क्षेत्र में लगातार जारी रहेगा उन्होंने कहा कि क्षेत्र के पैसे वांछित अपराधी व वारंटी यथाशीघ्र थाने या न्यायालय में आत्मसमर्पण करें नहीं तो फिर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा ।

हालांकि पुलिस दबिश से इन दिनों थाना क्षेत्र के वांछित अपराधियों व ग्रंथियों के हाथ-पांव फूलने लगे हैं छापेमारी अभियान में थानाध्यक्ष के अलावा पुलिस अवर निरीक्षक कृष्ण नंदन राम, कृष्णानंद,संजय सिंह, राहुल अभिषेक, पीयूष जायसवाल,अनवर अली, समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

आक्रोशित कर्मियों का विवि परिसर में एक दिवसीय धरना आज

जहानाबाद। बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ मगध विश्वविद्यालय प्रक्षेत्र के आव्हान पर अपने 15 सूत्री मांगों के समर्थन में मगध विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत महाविद्यालयों के शिक्षकेतर कर्मचारी आज सामूहिक अवकाश पर रहते हुए विश्वविद्यालय मुख्यालय पर धरना देंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए महासंघ के जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने बताया कि मगध विश्वविद्यालय की आज जो दयनीय स्थिति है, उससे त्वरित रूप से निजात नहीं पाया गया तो लाखों छात्र छात्राओं को भविष्य खराब हो जाएगा एवं आगे से इस विश्वविद्यालय में नामांकन कराने वाले छात्र ढूंढे नहीं मिलेंगे। कई महीनों से किसी भी पदाधिकारी की नियमित रूप से नियुक्ति नहीं करके प्रभारियों के बदौलत विश्वविद्यालय को चलाया जा रहा है, जिससे नामांकन, पंजीयन परीक्षा सहित वेतन और पेंशन जैसे तमाम आवश्यक कार्य अटके पड़े हैं। संघ के जिला सचिव रामजीवन पासवान ने बताया कि मगध प्रक्षेत्र के अध्यक्ष श्री संतोष कुमार सिंह एवं सचिव श्री विनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में हम जिन 15 सूत्री मांगों को लेकर धरना पर रहेंगे उनमें छात्रों के लंबित परीक्षाओं का परीक्षा फल यथाशीघ्र प्रकाशित करने, छात्रों का पंजीकरण कराए जाने सहित सभी पदाधिकारियों की नियमित नियुक्ति, विश्वविद्यालय मुख्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने, महाविद्यालय कर्मचारियों की प्रोन्नति कराए जाने, कर्मियों के सेवा संपुष्टि सहित चतुर्थ चरण के 4 महाविद्यालयों के जिन 7 कर्मियों की सेवा समाप्त की गई उन्हें पुनः सेवा में बहाल किए जाने की मांग प्रमुख हैं।

दो शराब तस्कर हुआ गिरफ्तार, भेजा गया जेल

मखदुमपुर। उमता धरनई ओपी की पुलिस ने शराबबंदी कानून को सफल बनाने के उद्देश्य से ओपी क्षेत्र के कतरासिन गांव में छापेमारी कर दो शराब तस्कर को किया गिरफ्तार, ओपी अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया के पुलिस ने कतरासिन मुसहर टोली से 10 लीटर देशी शराब के साथ दो शराब तस्कर को गुरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगो मे जैतून मांझी और चन्द्र मांझी शामिल हैं।

जल-जमाव के निजात को लेकर डीएम ने की बैठक

जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में आगामी मानसून, 2022 के परिपेक्ष्य में राज्य के नगर निकाय क्षेत्रों में जल-जमाव पर प्रभावी नियंत्रण एवं नागरिक सुविधाओं को बहाल रखे जाने को लेकर नगर परिषद एवं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी के साथ बैठक कर कई आवश्यक निदेश दिया। बैठक में बताया गया कि प्रधान सचिव, नगर विकास विभाग, बिहार के निदेशानुसार 31 मई तक सभी प्रकार के छोटे-बड़े नाला नाली की सफाई सुनिश्चित कर लिया जाना है, ताकि बरसात का पानी आसानी से निकल सके और कहीं भी जल-जमाव की समस्या न रहे। इसके आलोक में जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि जहां भी जलजमाव की समस्या है वहां पानी की निकासी की व्यवस्था की जाए एवं नालों की त्वरित रुप से उड़ाही करना सुनिश्चित करें। नगर परिषद एवं

- मानसून के दौरान न हो जलजमाव, नालों की करें सफाई: रिची

नगर पंचायत क्षेत्र में फौगिंग मशीन से दवा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर लेने का निदेश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। साथ हीं स्टेडिंग ऑपरेटरिंग प्रोसिजर वर्क का निर्माण कर लिया जाए। पानी की निकासी के लिए पम्पिंग सेट का अलग से व्यवस्था करने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने कच्चे नालों को काट कर ठीक करने का निदेश भी दिया। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद कपील कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत दिनेश पुरी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

जेएसडब्ल्यू एनर्जी 5,000 करोड़ जुटाने हेतु शेयरधारकों की लेगी मंजूरी

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू एनर्जी इक्विटी शेयरों, बांडों और ऐसी अन्य प्रतिभूतियों के जरिये 5,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी लेगी। यह मंजूरी 14 जून को होने वाली वार्षिक आम सभा के दौरान ली जाएगी। वार्षिक आम सभा (एजीएम) के नोटिस के अनुसार यह प्रस्ताव पारित हो जाने के बाद कंपनी के निदेशक मंडल 5,000 करोड़ रुपये या किसी भी विदेशी मुद्रा में इसके बराबर राशि जुटाने के लिए प्रतिभूतियां जारी कर सकेंगे। इस राशि का इस्तेमाल कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों की दीर्घकालिक पूंजी जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाएगा।

सेल का शुद्ध लाभ 28% घटा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी सेल ने बताया कि मार्च 2022 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में उसका संचयी शुद्ध लाभ 28 प्रतिशत घटकर 2,478.82 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने बताया कि खर्च में बढ़ोतरी के चलते शुद्ध लाभ घटा। भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया कि उसने 2020-21 की जनवरी-मार्च तिमाही में 3,469.88 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय सालाना आधार पर 23,533.19 करोड़ रुपये से बढ़कर 31,175.25 करोड़ रुपये हो गई। इसी तरह एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले कुल खर्च 18,829.26 करोड़ रुपये से बढ़कर 28,005.28 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी के बोर्ड ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 2.25 रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश की भी सिफारिश की है।

यूएसएड प्रशासन ने श्रीलंका के प्रधानमंत्री को मदद की पेशकश की

वाशिंगटन। अमेरिकी विकास एजेंसी यूएसएड ने श्रीलंका के लोगों की मदद करने का वादा करते हुए कहा कि वह देश को वित्तीय संकट से निपटने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्रीलंका 1948 में ब्रिटेन से आजादी पाने के बाद अपने सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएड) के प्रशासक सामंथा पावर ने सोमवार को प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और बताया कि यूएसएड देश को राजनीतिक और आर्थिक संकटों से उबरने में कैसे मदद कर सकता है। यूएसएड की प्रवक्ता रेबेका चालीफ ने एक बयान में कहा, प्रशासक पावर ने उन श्रीलंकाई लोगों के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त की, जो इस महीने की शुरूआत में राजनीतिक अशांति में मारे गए या घायल हुए। उन्होंने श्रीलंका के लोगों को मदद देने का वादा किया और कहा कि यूएसएड देश को संकट का मुकाबला करने में मदद करेगा। बयान के मुताबिक पावर ने श्रीलंका के प्रधानमंत्री को भरोसा दिया कि यूएसएड इस असाधारण कठिन वक्त में आईएमएफ, विश्व बैंक, जी7 और अन्य संगठनों के साथ मिलकर मदद पहुंचाने के लिए काम करेगा।

श्रीलंका ने ईंधन खरीद के लिए भारत से 50 करोड़ डॉलर का मांगा कर्ज

कोलंबो, एजेंसी

विदेशी मुद्रा संकट के बीच श्रीलंका के मंत्रिमंडल ने पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद के लिए भारतीय एक्जिम बैंक से 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर का कर्ज मांगने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

श्रीलंका पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल खत्म होने से रोकने के सभी संभव उपाए कर रहे है। देश में विदेशी मुद्रा संकट के चलते आयात के लिए भुगतान करने में दिक्कत हो रही है।

ऊर्जा मंत्री कंचना विजेसेकेरा ने मंगलवार को कहा कि सोमवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में, ईंधन खरीदने के लिए भारतीय एक्जिम बैंक से ऋण लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

उन्होंने कहा कि श्रीलंका को पहले ही तेल खरीद के लिए भारतीय एक्जिम बैंक से 50 करोड़ डॉलर और भारतीय स्टेट बैंक से 20 करोड़ डॉलर मिल चुके हैं। ईंधन संकट के बीच श्रीलंका ने मंगलवार को पेट्रोल की कीमतों में 24.3 प्रतिशत और डीजल की कीमतों में 38.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। पड़ोसी देश में 19 अप्रैल के बाद ईंधन कीमतों में यह दूसरी बढ़ोतरी है। इसके साथ ही सबसे अधिक इस्तेमाल किए जाने वाले ऑक्टेन 92 पेट्रोल की कीमत 420 रुपये (1.17 डॉलर) प्रति लीटर और डीजल की कीमत 400 रुपये (1.11 डॉलर) प्रति लीटर होगी, जो अब तक का उच्चतम स्तर है। भारत की प्रमुख तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की श्रीलंकाई सहायक कंपनी लंका आईओसी ने भी ईंधन की खुदरा कीमतों में वृद्धि की है।

बढ़ोतरी

- ईंधन संकट के बीच श्रीलंका ने मंगलवार को पेट्रोल की कीमतों में 24.3 प्रतिशत और डीजल की कीमतों में 38.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। पड़ोसी देश में 19 अप्रैल के बाद ईंधन कीमतों में यह दूसरी बढ़ोतरी है।

श्रीलंका में पेट्रोल 420 रुपये प्रति लीटर डीजल 400 रुपये प्रति लीटर के भाव पर

कोलंबो, एजेंसी

आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका ने मंगलवार को पेट्रोल की कीमतों में 24.3 प्रतिशत और डीजल की कीमतों में 38.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की।

श्रीलंका विदेशी मुद्रा भंडार की कमी के कारण भीषण आर्थिक संकट का सामना कर रहा है, जिसके चलते यह बढ़ोतरी की गई।

पड़ोसी देश में 19 अप्रैल के बाद ईंधन कीमतों में यह दूसरी बढ़ोतरी है। इसके साथ ही सबसे अधिक इस्तेमाल किए जाने वाले ऑक्टेन 92 पेट्रोल की कीमत 420 रुपये (1.17 डॉलर) प्रति लीटर और डीजल की कीमत 400 रुपये (1.11 डॉलर) प्रति लीटर होगी, जो अब तक का उच्चतम स्तर है।

भारत की प्रमुख तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की श्रीलंकाई सहायक कंपनी लंका आईओसी ने भी ईंधन की खुदरा कीमतों में वृद्धि की है।

एलआईओसी के सीईओ मनोज गुप्ता ने कहा, हमने सिलोन पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (सीपीसी) की बराबरी करने के लिए कीमतें बढ़ाई हैं। सीपीसी श्रीलंका में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी है।

दूसरे दिन स्थिर रहे पेट्रोल-डीजल के दाम

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में तेल विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं किया जिससे ईंधन के दाम स्थिर बने हुए हैं।

इंडियन ऑयल की अधिसूचना के मुताबिक, दिल्ली में आज पेट्रोल का दाम 96.72 रुपये और डीजल का दाम 89.62 रुपये प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 111.35 रुपये और 97.28 रुपये प्रति लीटर पर है।

केंद्र सरकार ने शनिवार को आम आदमी को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः आठ रुपये और छह रुपये प्रति लीटर की कटौती करने की घोषणा की थी। जिससे पेट्रोल-डीजल के दाम कम से कम 9.5 रुपये और सात रुपये तक गिर गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार घट-बढ़ जारी है। लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 112.83 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.46 प्रतिशत गिरकर 109.78 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं। जिससे 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की गयी। इस दौरान इनके दामों में

करीब 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आयी थी।

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आखिरी बार 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी 06 अप्रैल को गयी थी। जिसके बाद 45 दिनों तक इसके दाम स्थिर रहे।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले, केंद्र सरकार ने 03 नवंबर 2021 को पेट्रोल पर 10 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 5 रुपये प्रति लीटर का उत्पाद शुल्क घटाया था।

पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहेः-

महानगर	पेट्रोल	डीजल
	(रुपए प्रति लीटर)	
दिल्ली	96.7	89.62
कोलकाता	106.03	92.76
मुंबई	111.35	97.28
चेन्नई	102.63	94.24

एलआईसी का चौथी तिमाही का परिणाम 30 मई को

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के निदेशक मंडल की इस माह के अंत में बैठक होने जा रही है जिसमें कंपनी के बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजों की घोषणा की जाएगी। शेयर बाजारों को मंगलवार को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल की बैठक 30 मई, 2022 को होगी। एलआईसी 17 मई को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुई है। कंपनी ने कहा कि निदेशक मंडल की बैठक में चौथी तिमाही के एकल और एकीकृत वित्तीय नतीजों पर विचार किया जाएगा और उसे मंजूरी दी जाएगी। कंपनी ने कहा कि बैठक में लाभांश भुगतान पर भी विचार किया जा सकता है। एलआईसी का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) अपने निर्गम मूल्य से आठ प्रतिशत नीचे सूचीबद्ध हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर एलआईसी का शेयर 8.11 प्रतिशत के नुकसान के साथ 872 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ था। कंपनी के शेयर का निर्गम मूल्य 949 रुपये था। बीएसई पर मंगलवार को कंपनी का शेयर 1.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 826 रुपये पर कारोबार कर रहा था।

शेयर बाजार की कमजोर शुरूआत, आईटी सेक्टर पर दबाव, मेटल सेक्टर में तेजी

नई दिल्ली, एजेंसी

घरेलू शेयर बाजार आज एक बार फिर दबाव में कारोबार करता नजर आ रहा है। बाजार ने आज मामूली मजबूती के साथ कारोबार की शुरूआत की, लेकिन थोड़ी देर बाद ही बिकवाली के दबाव में गिरकर लाल निशान में पहुंच गया। शुरूआती 1 घंटे के कारोबार में मामूली लिवाली भी हो रही है, लेकिन फिलहाल बिकवाली का दबाव अधिक बना हुआ है। अभी तक के कारोबार में आईटी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी और हेल्थ केयर सेक्टर में बिकवाली का सबसे अधिक दबाव बना हुआ है। जबकि मेटल सेक्टर और ऑटो सेक्टर में खरीदारी होती दिख रही है।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज 18.95 अंक की सांकेतिक मजबूती के साथ 54,307.56 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही शुरूआती 10 मिनट में ही लिवाली के सपोर्ट से सेंसेक्स 155 अंक से अधिक की छलांग लगाकर 54,463.13 अंक के स्तर पर पहुंच गया। लेकिन इसके बाद शुरू हुई बिकवाली की वजह से इस सूचकांक में लगातार गिरावट आती गई। कारोबार के बीच में कुछ देर के लिए खरीदार भी एक्टिव हुए, जिसके कारण सेंसेक्स की गिरावट में ब्रेक लगता हुआ नजर आया। लेकिन कुछ देर बाद ही एक बार फिर से बिकवाली का जोर बन गया, जिसकी वजह से सेंसेक्स ने नीचे गिरने का रास्ता पकड़ लिया। लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 187.07 अंक की कमजोरी के साथ 54,101.54 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने भी आज 10.85 अंक की मामूली बढ़त के साथ 16,225.55 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी ने भी पहले 10 मिनट में 48.10 अंक की छलांग लगाकर 16,262.80 अंक का स्तर हासिल कर लिया। लेकिन इसके बाद विदेशी निवेशकों की ओर से चौतरफा बिकवाली शुरू हो जाने के कारण निफ्टी को नीचे गिरने के लिए मजबूर होना पड़ा। शेयर बाजार में बीच-बीच में लिवाली का मूव भी बनता नजर आया, लेकिन बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि निफ्टी लगातार गिरता चला गया। सुबह 10 बजे तक बिकवाली के दबाव की वजह से ये सूचकांक 81.30 अंक की गिरावट के साथ 16,133.40 अंक के स्तर तक पहुंच गया था। हालांकि इसके बाद मामूली खरीदारी होने के कारण निफ्टी की स्थिति में कुछ सुधार होता हुआ भी नजर आया। बाजार में लगातार हो रही खरीदारी और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद निफ्टी 65.40 अंक टूटकर 16,149.30 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। कमजोर ग्लोबल संकेतों के बीच आज घरेलू शेयर बाजार ने प्री ओपनिंग सेशन में भी कमजोरी के साथ कारोबार की शुरूआत की थी। इस सेशन में बीएसई का सेंसेक्स 211.94 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 54,076.67 अंक के स्तर पर था। वहीं निफ्टी प्री ओपनिंग सेशन में 99.90 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 16,114.80 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को सेंसेक्स 37.78 अंक यानी 0.07 प्रतिशत गिर कर 54,288.61 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 51.45 अंक यानी 0.32 प्रतिशत कमजोरी के साथ 16,214.70 अंक के स्तर पर सोमवार के कारोबार का अंत किया था।

1-21 मई के दौरान निर्यात 21 प्रतिशत बढ़कर 23.7 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली। विभिन्न क्षेत्रों में अच्छी वृद्धि होने के कारण 1-21 मई के दौरान देश का निर्यात 21.1 प्रतिशत बढ़कर 23.7 अरब डॉलर हो गया। एक अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान पेट्रोलियम उत्पाद, इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे खंड में खासतौर से अच्छी वृद्धि देखी गई। अधिकारी ने कहा कि चालू महीने के दूसरे सप्ताह (15-21 मई) के दौरान निर्यात लगभग 24 प्रतिशत बढ़कर 8.03 अरब डॉलर रहा। पेट्रोलियम उत्पादों, इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक सामानों के निर्यात में 1-21 मई के दौरान क्रमशः 81.1 प्रतिशत, 17 प्रतिशत और 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उम्मीद है कि मई महीने में निर्यात के आंकड़े वाणिज्य मंत्रालय जून में जारी करेगा। इससे पहले अप्रैल में निर्यात 30.7 फीसदी बढ़कर 40.19 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया था।

आईटीसी ने फ्लिपकार्ट के साथ मिल कर लूट माल कैम्पेन लॉन्च किया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

भारत में इंस्टैंन्ट नूडल्स उद्योग के अग्रणी ब्राण्ड आईटीसी ने एक अन्य रोमांचक प्रोमो-यिप्पी! लूट माल ऑफर को लॉन्च कर इंस्टैंन्ट नूडल्स के सेगमेंट में जोरदार तड़का लगाया है। इस साल अपने मशहूर लूट माल कैम्पेन को डिजिटल अवतार में लेकर आने की संभावना देखी और फ्लिपकार्ट के साथ गठबंधन किया। इस गठबंधन वाली अनूठी पहल के तहत, इसमें भाग लेने वालों को फ्लिपकार्ट ऐप/ वेबसाइट पर खरीदारी के लिये 1 लाख रुपए तक के मुफ्त वाउचर्स मिल सकते हैं।

यह लूट माल ऑफर 1 मार्च 2022 से लाइव है और 31 मई 2022 को खत्म होगा। यह ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों फॉर्मेट्स के उपभोक्ताओं के लिये है। इसमें भाग लेने के इच्छुक लोग कॉन्टेस्ट नंबर (9072990729) पर एक मिस्ड कॉल देकर कॉन्टेस्ट में भाग ले सकते हैं। यह नंबर सनफीस्टयिप्पी! मैजिक मसाला के प्रोमो पैक के अलावा टेलीविजन, ऑनलाइन और अन्य विज्ञापनों में दिया गया है और इस पर भारत में पंजीकृत किसी भी नंबर से मिस्ड कॉल दिया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया और नियमों तथा शर्तों पर ज्यादा जानकारी के लिये https://yippeelootmaal.bigcityexperience.com देखें।

आरंभ की तिथिः 1 मार्च, 2022
अंतिम तिथिः 31 मई, 2022

मिस्ड कॉल देने के बाद, भाग लेने वाले को अपने मोबाइल नंबर पर एक एसएमएस मिलेगा, जिसमें एक वेब लिंक होगा, जिसका इस्तेमाल रजिस्ट्रेशन पूरा करने के लिये किया जा सकता है। भाग लेने वालों को एनरोल होने के लिये उस वेब लिंक को विजिट कर अपना विवरण (नाम, फोन नंबर, और राज्य) देना होगा और इस सवाल पर अपना रचनात्मक जवाब देना होगा कि, यिप्पी! नूडल्स की कौन-सी बात उन्हें सबसे ज्यादा पसंद है?

भारत यात्रा, पर्यटन विकास सूचकांक में फिसलकर 54वें स्थान पर

दावोस, एजेंसी

भारत वैश्विक यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक में फिसलकर 54वें स्थान पर आ गया है। हालांकि, दक्षिण एशियाई देशों में यह अब भी शीर्ष पर है। देश इस सूचकांक में 2019 में 46वें स्थान पर था।

वैश्विक सूची में जापान शीर्ष पर है। उसके बाद क्रमशः अमेरिका, स्पेन, फ्रांस, स्विट्जरलैंड, आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, सिंगापुर और इटली का स्थान है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के दो साल पर जारी होने वाले यात्रा और पर्यटन क्षेत्र पर अध्ययन से यह भी पता चलता है कि यह क्षेत्र महामारी संकट से उबर रहा है। लेकिन पुनरुद्धार अभी असंतुलित है और चुनौतियां बनी हुई हैं।

यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक में 117 अर्थव्यवस्थाओं का आकलन किया गया है। विश्व आर्थिक मंच में विमानन, यात्रा और पर्यटन मामलों के प्रमुख लॉरेन अपिंक ने कहा, कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिये लगायी गयी पाबंदियों ने अर्थव्यवस्थाओं में यात्रा और पर्यटन के महत्वपूर्ण योगदान को फिर से रेखांकित किया है। उन्होंने कहा, दुनिया अब महामारी से उबर रही है, ऐसे में अर्थव्यवस्थाओं को यात्रा और पर्यटन अनुभवों को कई दशकों तक बेहतर बनाने को लेकर एक मजबूत परिवेश तैयार करने की जरूरत है।

अंतरराष्ट्रीय पर्यटन और कारोबारी यात्रा अब भी महामारी-पूर्व स्तर से नीचे है।

लेकिन तेजी से टीकाकरण और घरेलू तथा प्रकृति से जुड़े पर्यटन की मांग से क्षेत्र में गतिविधियां मजबूत हो रही हैं।

- यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक में 117 अर्थव्यवस्थाओं का आकलन किया गया है।

घरेलू कंपनियों में विश्वास के मामले में भारत शीर्ष पर : अध्ययन

दावोस। एक नए वैश्विक अध्ययन में यह बताया गया कि भारतीय कंपनियां घरेलू आबादी में सबसे भरोसेमंद बनकर उभरी हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर चीन, तीसरे पर कनाडा, फिर अमेरिका और पांचवें पायदान पर ब्रिटेन आता है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की वार्षिक बैठक के मौके पर जारी एडेलमैन के ट्रस्ट बैरोमीटर की विशेष रिपोर्टः द जियोपॉलिटिकल बिजनेस (भू-राजनीतिक व्यवसाय) के अनुसार अब व्यापार में विश्वास के लिए भू-राजनीति महत्वपूर्ण हो गई है। रूस-यूक्रेन सैन्य संघर्ष के बाद रूस से कंपनियों ने बाहर निकलने की एक मिसाल कायम की है। अध्ययन में, 10 में से छह उत्तरदाताओं का कहना है कि भू-राजनीति एक व्यावसायिक प्राथमिकता है। अध्ययन के मुताबिक, ऐसे समय में जब दुनिया के सामने भू-राजनीतिक संघर्ष, आर्थिक अनिश्चितता, जलवायु खतरों और सामाजिक असमानताओं की चुनौती हैं।

न्यायालय ने कोका कोला की बॉटलिंग इकाई पर 15 करोड़ के जुर्माने के एनजीटी के आदेश पर लगाई रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने अमेरिकी कंपनी कोका कोला की बॉटलिंग इकाई मून बेवरेजेज पर पर्यावरणीय उल्लंघन के मामले में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाए गए 15 करोड़ रुपये के जुमार्ने पर रोक लगा दी है।

न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की पीठ ने मून बेवरेजेज की तरफ से दायर याचिका पर गाजियाबाद के निवासी को नोटिस भी जारी किया है। जिसकी शिकायत के आधार पर एनजीटी ने यह फैसला दिया था।

पीठ ने कहा, एनजीटी की प्रधान पीठ के 25 फरवरी, 2022 को जारी आदेश को लागू करने पर रोक रहेगी।

शीर्ष अदालत ने मून बेवरेजेज लिमिटेड की तरफ से एनजीटी के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के बाद यह रोक लगाई है।

एनजीटी ने कंपनी की ग्रेटर नोएडा इकाई पर 1.85 करोड़, साहिबाबाद इकाई पर 13.24 करोड़ और वरुण बेवरेजेज लिमिटेड की ग्रेटर नोएडा इकाई पर 9.71 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया था। इसके अलावा एनजीटी ने एक संयुक्त समिति भी गठित की थी जिसमें पर्यावरण मंत्रालय, जल शक्ति मंत्रालय, सीजीडब्ल्यूए, यूपीजीडब्ल्यूडी और संबंधित जिलों के जिला मजिस्ट्रेट शामिल थे। एनजीटी ने गाजियाबाद निवासी सुशील भट्ट की याचिका पर जुमार्ना लगाने का निर्देश दिया था। भट्ट ने अपनी याचिका में मनमाने तरीके से भूजल को निकालने का आरोप लगाया था। याचिका में कहा गया था कि क्षेत्र में भूजल का वैसे ही संकट है, ऐसे में इन इकाइयों द्वारा अविवेकपूर्ण और मनमाने तरीके से जल निकाला जा रहा है।

ईडी ने धन शोधन मामले में एनएसई की पूर्व एमडी चित्रा रामकृष्ण का बयान दर्ज किया

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल ही में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद एनएसई की पूर्व प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी चित्रा रामकृष्ण का बयान दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि उसके और अन्य के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के तहत रामकृष्ण का बयान दर्ज किया। बयान दर्ज करने की कार्यवाही जेल के अंदर दो बार में की गई। उन्होंने कहा कि बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत दर्ज किया गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को-लोकेशन घोटाले के संबंध में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने छह मार्च को रामकृष्ण को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से वह तिहाड़ जेल में हैं। उनके ऊपर एनएसई के कामकाज में अनियमितताओं के आरोप हैं। संघीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय भी इस मामले की जांच कर रही है।

आयकर विभाग एनएसई में अनियमितताओं के इन आरोपों की जांच करने वाली तीसरी एजेंसी है। ईडी की धन शोधन जांच एनएसई को-लोकेशन मामले में कथित अनियमितताओं से संबंधित है।

इसके अलावा आनंद सुब्रमण्यम को मुख्य रणनीतिक सलाहकार बनाए जाने और बाद में उन्हें समूह परिचालन अधिकारी तथा तत्कालीन एमडी (रामकृष्ण) का सलाहकार बनाए जाने में कथित रूप से प्रशासनिक अनियमितताओं की जांच भी की जा रही है।

ईडी ने पिछले महीने को-लोकेशन मामले में शामिल दलालों के ठिकानों पर छापेमारी की थी।

आदित्य बिड़ला फैशन जीआईसी से 2,195 करोड़ जुटाएगी

नई दिल्ली। आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड (एबीएफआरएल) ने मंगलवार को कहा कि वह सिंगापुर के सॉवरेन वेल्थ फंड जीआईसी से 2,195 करोड़ रुपये जुटाएगी। एक संयुक्त बयान के मुताबिक आदित्य बिड़ला समूह की फर्म के बोर्ड ने जीआईसी से संबद्ध इकाई को इक्विटी और वारंट जारी कर 2,195 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बयान में कहा गया, जीआईसी अब इक्विटी और वारंट लेने के लिए 770 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसके बाद 18 महीनों के भीतर एक या अधिक किश्तों में 1,425 करोड़ रुपये तक निवेश करेगी। पूरे निवेश के बाद जीआईसी के पास एबीएफआरएल की 7.5 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी होगी। इस सौदे के बाद आदित्य बिड़ला समूह की फर्म में 51.9 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। बयान के मुताबिक इस पूंजी का इस्तेमाल एबीएफआरएल अपनी विकास योजनाओं के लिए करेगी। आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा, मुझे वैश्विक संस्थागत निवेशक जीआईसी का कंपनी की रोमांचक विकास यात्रा में दीर्घकालिक भागीदार के रूप में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।

वीनस पाइप्स और डेल्हीवेरी की प्रीमियम के साथ लिस्टिंग

नई दिल्ली, एजेंसी

शेयर बाजार में कमजोरी का रुख होने के बावजूद आज लिस्ट होने वाले 2 शेयरों की अच्छी शुरूआत हुई है। वीनस पाइप्स और डेल्हीवेरी के शेयरों की आज प्रीमियम के साथ लिस्टिंग हुई है, जिसके कारण इन दोनों शेयरों में पैसा लगाने वाले निवेशकों के चेहरे खिल गए हैं।

वीनस पाइप्स के शेयरों की आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 2.76 प्रतिशत के प्रीमियम के साथ 335 रुपये प्रति शेयर के स्तर पर लिस्टिंग हुई है। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 3.53 प्रतिशत के प्रीमियम यानी इश्यू प्राइस से 11.50 रुपये बढ़कर 337.50 रुपये के स्तर पर हुई है। कंपनी के शेयरों का इश्यू प्राइस 326 रुपये था। ये इश्यू 11 मई को खुलकर 13 मई को 16.31 गुना सब्सक्राइब होकर बंद हुआ था। वीनस पाइप्स ने 35,51,914 शेयरों के सब्सक्रिप्शन के लिए आईपीओ जारी किया था, जिसके बदले उसे 5,79,48,730 शेयरों के लिए आवेदन मिला था। आज हुई लिस्टिंग के 1 दिन पहले यानी कल सोमवार को ग्रे मार्केट में कंपनी का शेयर 35 से 40 रुपये यानी 10 से 12 प्रतिशत के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा था। हालांकि ग्रे मार्केट के प्रीमियम के हिसाब से आज कंपनी की तुलनात्मक तौर पर कमजोर लिस्टिंग हुई है। इसके बावजूद इश्यू प्राइस से ऊपर लिस्ट होकर इस शेयर ने अपने निवेशकों को खुश कर दिया है। इसी तरह डेल्हीवेरी के शेयरों की भी आज शेयर बाजार में मजबूत लिस्टिंग हुई है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर 1.23 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 493 रुपये पर लिस्ट हुए हैं, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर इन शेयरों की लिस्टिंग 1.68 प्रतिशत प्रीमियम के साथ इश्यू प्राइस से 8.20 रुपये की मजबूती के साथ 495.20 रुपये के स्तर पर हुई है। कंपनी का इश्यू प्राइस 427 रुपये था।

कंपनी ने 6,25,41,023 शेयरों के लिए आईपीओ जारी किया था। कंपनी का ये आईपीओ 1.63 गुना सब्सक्राइब होकर बंद हुआ था। कंपनी को इस आईपीओ के जवाब में 10,17,04,080 आवेदन मिले थे।

संक्षिप्त खबरें

फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे नोवाक जोकोविच

पेरिस। दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने फ्रेंच ओपन 2022 के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। जोकोविच ने रात खेले गए पहले दौर के मुकाबले में जापान के योशिहितो निशिओका को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। गत चैम्पियन सर्बिया के जोकोविच ने निशिओका को 6-3 6-1 6-0 से हराया। इससे पहले सोमवार को राफेल नडाल ने ऑस्ट्रेलियाई जॉर्डन थॉम्पसन पर सीधे सेटों में 6-2, 6-2, 6-2 से जीत दर्ज की। दूसरे दौर के मुकाबले में स्पेन के इस दिग्गज खिलाड़ी का सामना फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट के साथ होगा। मौटेट के खिलाफ, नडाल अगर मैच जीतते हैं तो यह उनके करियर की 300वीं ग्रैंड स्लैम जीत होगी। नडाल के अलावा, इगा स्विएटेक ने अपने पहले दौर के मुकाबले में यूक्रेन के लेसिया सुरेंको पर 6-2, 6-0 से जीत दर्ज की। यह मुकाबला 54 मिनट तक चला। वहीं, महिला वर्ग में अमांडा अनिसिमोवा ने सीधे सेटों में नाओमी ओसाका पर अपनी दूसरी जीत दर्ज कर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा चेसेबल मास्टर्स के सेमीफाइनल में

चेन्नई। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने चीन के वेइ यि को 2.5 . 1.5 से हराकर मेल्टवाटर चैम्पियंस शतरंज टूर चेसेबल मास्टर्स 2022 आनलाइन टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। सोलह वर्ष के प्रज्ञानानंदा का सामना अब नीदरलैंड के अनीश गिरी से होगा। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन दूसरे सेमीफाइनल में चीन के डिंग लिरेन से खेलेंगे। गिरी और कार्लसन ने क्रमशः नॉर्वे के आर्यन तोरी और स्पेन के डेविड एंतोन गुजारो को हराया। वहीं लिरेन ने अजरबैजान के शख्रियार मामेदियारोव को मात दी। प्रज्ञानानंदा ने छठे दौर में कार्लसन को हराया था। वह अनीश, कार्लसन और लिरेन के बाद प्रारंभिक दौर में चौथे स्थान पर थे। भारत के पी हरिकृष्णा और विदित गुजराती शीर्ष आठ में जगह नहीं बना सके।

मैनचेस्टर में खुली बस में परेड करके सिटी ने मनाया ईपीएल जीतने का जश्न

मैनचेस्टर। मैनचेस्टर सिटी के खिलाड़ियों ने पांच सत्र में चौथी बार इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब जीतने का जश्न शहर की सड़कों पर खुली बस में परेड करके मनाया। तीन बसों में खिलाड़ी और स्टाफ राष्ट्रीय फुटबॉल संग्रहालय से निकलकर पूरे शहर में घूमे। इससे एक दिन पहले ही सिटी ने पांच मिनट के भीतर तीन गोल करके एस्टोन विला को 3 . 2 से हराया और लिवरपूल को एक अंक से पछाड़कर खिताब जीता। कोच पेप गार्डियोला ने कहा, दो गोल से पिछड़ने के बाद भी हमने संयम नहीं खोया। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है।

अगले साल आईपीएल में जरूर लौटूंगा : एबी डिविलियर्स

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने कहा कि वह अगले साल रॉयल चैलेंजर्स टीम के साथ किसी ना किसी रूप में आईपीएल में जरूर लौटेंगे। डिविलियर्स आरसीबी का अभिन्न अंग रहे हैं। उन्होंने पिछले साल क्रिकेट के तमाम प्रारूपों को अलविदा कह दिया। आरसीबी के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने इस महीने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि डिविलियर्स अगले साल किसी नई भूमिका में आरसीबी के साथ होंगे। डिविलियर्स ने वीयू स्पोर्ट से कहा, मुझे खुशी है कि विराट ने इसकी पुष्टि कर दी। ईमानदारी से कहूं तो अभी कुछ तय नहीं किया है।

जोस बटलर ने धमाकेदार बल्लेबाजी की और सिर्फ 56 गेंद में 89 रन जड़े

राजस्थान ने दिया गुजरात को जीत के लिए 189 रनों का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

आईपीएल 2022 का पहला क्वालिफायर गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच कोलकाता के ईडन गार्डेंस में खेला जा रहा है। GT के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। राजस्थान की टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 188 रन बनाए हैं और गुजरात को 189 रन का टारगेट दिया है।

राजस्थान के लिए एक बार फिर जोस बटलर ने धमाकेदार बल्लेबाजी की और सिर्फ 56 गेंद में 89 रन जड़ दिए। उनके बल्ले से 12 चौके और 2 छक्के निकले। वहीं, गुजरात के लिए मोहम्मद शमी, साई किशोर, हार्दिक पंड्या और यश दयाल ने एक-एक विकेट लिए।

पहले क्वालिफायर मुकाबले में राशिद खान ने कमाल की गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में सिर्फ 15 रन दिए। उन्हें मैच में भले ही कोई विकेट नहीं मिला, लेकिन उन्होंने राजस्थान के बल्लेबाजों को बड़े शॉट नहीं लगाने दिए। उनका इकोनॉमी सिर्फ 3.80 का रहा।

देवदत्त पडिक्कल मैच में अच्छे नजर आ रहे थे। उन्होंने 20 गेंद में 28 रन भी बना लिए थे, लेकिन 15वें ओवर में हार्दिक पंड्या ने उन्हें क्लीन बोल्ड कर दिया। पंड्या की शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद पर पडिक्कल पुल करना चाहते थे, लेकिन गेंद ने उनके बल्ले का अंदरुनी किनारा लिया और जाकर स्टंप पर लग गई। बोल्ड होने के बाद पडिक्कल काफी निराश नजर आए। वो जिस टच में नजर आ रहे थे। ऐसा लगा कि वह बड़ी पारी खेलेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।

राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन को मैच में अच्छी शुरूआत तो मिली, लेकिन वो इसे बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाए। उन्होंने 26 गेंद में 47 रनों की पारी खेली। उनके बल्ले से 5 चौके और 3 छक्के निकले। सैमसन का स्ट्राइक रेट 180.76 का रहा। संजू का विकेट साई किशोर ने लिया।

10वें ओवर में सैमसन साई की गेंद पर रूम बनाकर लांग ऑन पर छक्का लगाना चाहते थे, लेकिन गेंद ज्यादा दूर नहीं गई और अल्जारी जोसेफ ने बाउंड्री पर उनका कैच लपक लिया।

विश्व चैंपियनशिप का लक्ष्य हासिल हुआ, अब नजरें ओलंपिक पर: निकहत

नई दिल्ली। विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली निकहत जरीन की नजरें अब 2024 में होने वाले पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने पर हैं। जरीन ने 19 मई को इस्तांबुल में आयोजित महिला विश्व चैम्पियनशिप के 52 किग्रा के फाइनल में थाईलैंड की जितपोंग जुतामास पर 5-0 की आसान जीत दर्ज की। वह विश्व चैंपियन बनने वाली सिर्फ पांचवीं भारतीय मुक्केबाज हैं। जरीन ने मंगलवार को यहां भारतीय खेल प्राधिकरण और राष्ट्रीय महासंघ (बीएफआई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कहा, मुझे खुशी है कि मैंने देश के लिए विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। मैं भविष्य में और अधिक मेहनत करना चाहूंगी और भारत के लिए पदक जीतती रहूंगी। एशियाई चैम्पियनशिप 2019 की कांस्य पदक विजेता जरीन ने कहा, ओलंपिक मेरा अंतिम लक्ष्य है लेकिन वहां सफलता हासिल करने के लिए मुझे बहुत मेहनत करनी होगी क्योंकि मुझे पता है कि ओलंपिक कितनी बड़ी प्रतियोगिता है। मैंने अब तक जितनी मेहनत की है, उससे दोगुना मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा, अब मुझ पर अधिक जिम्मेदारी है। महिला जूनियर एवं युवा विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप 2011 में स्वर्ण पदक जीतने वाली जरीन को कई बार मैरीकोम के लगातार अच्छे प्रदर्शन के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा मौके नहीं मिले।

लोगों ने मेरा बोरिया बिस्तर बांध दिया था, इसलिये यह वापसी खास है : दिनेश कार्तिक

कोलकाता, एजेंसी

विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि इस बार भारतीय टीम में चयन पिछले 18 साल के उनके उतार चढाव भरे कैरियर में उनकी सबसे खास वापसी है। कार्तिक को नौ जून से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही टी20 श्रृंखला के लिये भारतीय टीम में चुना गया है। 36 वर्ष के इस खिलाड़ी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की वेबसाइट पर कहा, यह सबसे खास वापसी है क्योंकि कई लोगों ने मेरा बोरिया बिस्तर बांध दिया था। मेरे लिये वापसी के मायने हैं कि मैं उसी तरह से खेलूंगा, वैसे ही अभ्यास करूंगा और उतनी ही मेहनत करूंगा। आईपीएल में कार्तिक के शानदार प्रदर्शन ने चयनकताओं को उन्हें चुनने के लिये मजबूर कर दिया। वह आखिरी बार भारत के लिये 2019 विश्व कप में खेले थे।

उन्होंने आरसीबी के टीम प्रबंधन की तारीफ की जिन्होंने एक फिनिशर की भूमिका के लिये उनका हमेशा साथ दिया। कार्तिक ने कहा, उन्होंने साफ तौर पर मेरी भूमिका बताई और मेरा साथ दिया। मैं आरसीबी का ऋणी रहूंगा जिसने मुझे चुना और मुझ पर भरोसा करके मुझे यह जिम्मेदारी दी। मैने अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कोशिश की। मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं।

कार्तिक का लक्ष्य इस साल के आखिर में आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप की टीम में जगह बनाना है। उन्होंने कहा, चयन के दावेदार कई युवा खिलाड़ी होंगे जिनका हुनर सबके सामने हैं। इनके बीच विश्व कप टीम में जगह बनाने के दावेदारों में शामिल होना बहुत अद्भुत अहसास है। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि अभी मंजिल दूर है लेकिन रणनीति का हिस्सा होना और अपना कौशल दिखाने का मौका मिलना भी बड़ी बात है। कार्तिक ने भारत के लिये 26 टेस्ट, 94 वनडे और 32 टी20 मैच खेले हैं।

जोर्डन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच के लिये छेत्री की भारतीय टीम में वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी

करिश्माई फुटबॉलर सुनील छेत्री ने छह महीने बाद भारतीय टीम में वापसी की है जो जोर्डन के खिलाफ 28 मई को दोहा में होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में खेलेंगे। 37 वर्ष के छेत्री ने आखिरी बार भारत के लिये अक्टूबर में सैफ चैम्पियनशिप फाइनल में नेपाल पर 3.0 से मिली जीत में खेला था। उसके बाद से वह चोटों के कारण बाहर हैं।

भारतीय टीम के कोच इगोर स्टिमक ने कोलकाता में अभ्यास शिविर के दौरान 25 सदस्यीय टीम की घोषणा की। छेत्री के अलावा ईशान पंडित ने भी टीम में वापसी की है जबकि वी पी सुहैर और चोटिल रहीम अली बाहर हैं।

भारतीय टीम 25 मई को दोहा रवाना होगी जहां अभ्यास जारी रखेगी। मैत्री मैच के बाद टीम 30 मई को कोलकाता लौटकर एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी जारी रखेगी। टीम : गोलकीपर : गुरप्रीत सिंह संधू, लक्ष्मीकांत कट्टीमणि, अमरिंदर सिंह

डिफेंडर : राहुल भेके, आकाश मिश्रा, हरमनजोत सिंह खाबरा, रोशन सिंह, अनवर अली, संदेश झिंगन, शुभाशीष बोस, प्रितम कोताल।

मिडफील्डर: जैकसन सिंह, अनिरूद्ध थापा, ग्लान मार्टिंस, ब्रेंडन फर्नांडिस, रित्विक दास, उदांता सिंह, यासिर मोहम्मद, सहल अब्दुल समाद, सुरेश वांगजाम, आशिक कुरूनियन, लिस्टन कोलासो।

फॉरवर्ड : ईशान पंडित, सुनील छेत्री, मनवीर सिंह।

बांग्लादेश दौरे के लिए श्रीलंकाई टीम से बाहर हुए मिश्रा

कोलंबो, एजेंसी

श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने मंगलवार को बल्लेबाज कामिल मिश्रा को कथित तौर पर खिलाड़ी के गलत व्यवहार के करने के मामले में बांग्लादेश के दो टेस्ट मैचों के दौरे से वापस बुला लिया गया है। एसएलसी ने यह खुलासा नहीं किया कि कथित नियम का उल्लंघन कब किया गया और 21 वर्षीय खिलाड़ी को वापस बुलाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। देश के क्रिकेट निकाय ने कहा गया, श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने कामिल मिश्रा को बांग्लादेश से उनके कथित नियमों के उल्लंघन के बाद वापस बुलाने का फैसला किया है।

बांग्लादेश श्रृंखला में भाग लेने वाली श्रीलंका के 18 सदस्यीय टीम का हिस्सा रहे मिश्रा को तुरंत श्रीलंका वापस भेजने का फैसला किया गया है। एसएलसी ने यह भी कहा कि उनके खिलाफ जांच शुरू की जाएगी और इसके परिणाम के आधार पर आगे की कार्रवाई निर्धारित की जाएगी। बयान में कहा गया, उनके लौटने पर श्रीलंका क्रिकेट नियमों के उल्लंघन की पूरी जांच करेगा और जांच के नतीजे पर खिलाड़ी के ऊपर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

मिश्रा बांग्लादेश के खिलाफ चटगांव में ड्रा हुए पहले टेस्ट में अंतिम एकादश का हिस्सा नहीं थे और वर्तमान में मीरपुर में खेले जा रहे दूसरे मैच में भी वह टीम में नजर नहीं आए।

ऐसे देश में खेलना, जहां मेरे माता पिता पैदा हुए, एक यादगार क्षण : अलाना किंग

पुणे, एजेंसी

ट्रेलब्लेजर पर शानदार जीत के बाद, सुपरनोवा की लेग स्पिनर अलाना किंग ने कहा कि उस देश में खेलने का मौका मिलना एक यादगार क्षण है जहां उनके माता-पिता पैदा हुए हैं। बल्लेबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन और पूजा वस्त्राकर के चार विकेट की बदौलत सुपरनोवास ने सोमवार को महिला टी20 चैलेंज के पहले मैच में ट्रेलब्लेजर्स के खिलाफ 49 रन से जीत दर्ज की। अलाना ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ऐसे देश में खेलना जहां मेरे माता-पिता का जन्म और पालन-पोषण हुआ, यह मेरे लिए एक महान अवसर है। मैं इस मौके को ना नहीं कह सकती थी, यह मेरे लिए बहुत खास है। पूजा वस्त्राकर की प्रशंसा करते हुए, अलाना ने कहा, हाँ, वह एक असाधारण एथलीट है और मुझे खुशी है कि वह मेरी टीम में है। उसने बहुत अच्छी गेंदबाजी की और हमें खेल में वापस लाया जब चीजें दूर जा रही थीं। पूजा के अलावा, अलाना और सोफी एक्सेलस्टोन ने दो-दो विकेट लिए। अलाना ने कहा, सोफी एक असाधारण गेंदबाज है। वह जल्दी से जान लेती हैं कि बल्लेबाज के दिमाग में क्या चल रहा है। जब हम शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को गेंदबाजी करते हैं तो हमें अपनी रणनीतियों के साथ बहुत ही नैदानिक होना चाहिए। उन्होंने कहा, इस टीम ने खुले हाथों से मेरा स्वागत किया है, मुझे नए खिलाड़ियों के साथ खेलना और नए दोस्त बनाना पसंद है और मैं यहां कुछ अच्छे घरेलू खिलाड़ियों से भी मिली हूं। 164 रनों का पीछा करते हुए ट्रेलब्लेजर्स ने 20 ओवरों में 9 विकेट पर 114 रनों का स्कोर खड़ा किया। ट्रेलब्लेजर के लिए स्मृति मंधाना के 34 रन, जेमिमाह रौड्रिगेज ने 24 और हेले मैथ्यूज ने 18 रन बनाए। सुपरनोवा के लिए पूजा वस्त्राकर ने 4 विकेट लिए।

कोहली के फॉर्म और किस्मत के साथ से लखनऊ को कड़ी टक्कर देगी आरसीबी

कोलकाता, एजेंसी

विराट कोहली के फॉर्म में लौटने और किस्मत के दम पर आईपीएल प्लेआफ में नाटकीय ढंग से प्रवेश के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के हौसले बुलंद है और वह आज एलिमिनेटर में लखनऊ सुपर जाइंट्स को कड़ी चुनौती दे सकती है। शुरूआती मैचों में कम स्कोर के बाद कोहली ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ आखिरी लीग मैच में 54 गेंद में 73 रन बनाये।

यह इस सत्र में उनका दूसरा अर्धशतक था लेकिन इसमें उन्होंने अपने चिर परिचित सुंदर शॉट खेले और आरसीबी की उम्मीदों को जीवंत रखा। आरसीबी के लिये यह जीत ही काफी नहीं थी और उसे दूसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स पर मुंबई इंडियंस की जीत की भी दुआ करनी थी। मुंबई ने दिल्ली को हराकर आरसीबी का प्लेआफ का रास्ता बनाया। कोहली के फॉर्म, दिनेश कार्तिक की एक फिनिशर के रूप में सफलता, जोश हेजलवुड, वानिंदु हसरंगा और हर्षल पटेल की तेज गेंदबाजों की तिकड़ी और सीम की मददगार ईडन गार्डन की पिच पर आरसीबी का जोश कई गुना बढा हुआ है। फाफ डु प्लेसी की शांतचित्त कप्तानी के दम पर टीम पहला आईपीएल खिताब जीतने की ओर अगला कदम रखना चाहेगी। तीन आईपीएल फाइनल खेल चुकी आरसीबी सितारों से सजी ऐसी टीम है जो बारंबार दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर सकी है। इस बार उसके पास तीन बार के आईपीएल विजेता डु प्लेसी हैं जो उसका लकी चार्म साबित हो सकते हैं। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (13 मैचों में आठ विकेट) इस सत्र में नहीं चल सके लेकिन हेजलवुड, हसरंगा और हर्षल ने मिलकर 57 विकेट चटकाये। नॉकआउट मैच में नयी पिच पर ये फिर कहर बरपाने की तैयारी में होंगे। आरसीबी के लिये कार्तिक तुरूप का पत्ता साबित हुए हैं जिन्होंने कई करीबी मैच जिताकर टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम में वापसी भी की। 36 वर्ष के कार्तिक को आरसीबी ने पांच करोड़ 50 लाख रुपए में खरीदा था। वह 14 पारियों में 287 रन बना चुके हैं जिनमें नौ बार नाबाद रहे और उनका स्ट्राइक रेट 191.33 है। आरसीबी के बल्लेबाजों का सामना लखनऊ के युवा तेज गेंदबाजों आवेश खान और मोहसिन खान से होगा।

खिताब

- फाफ डु प्लेसी की शांतचित्त कप्तानी के दम पर टीम पहला आईपीएल खिताब जीतने की ओर अगला कदम रखना चाहेगी

लखनऊ के पास दुष्मंता चामीरा और जैसन होल्डर जैसे अनुभवी गेंदबाज भी हैं लेकिन वे इस सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। लखनऊ के सलामी बल्लेबाज कप्तान केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक के बल्लों पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा जो इस सत्र की सबसे कामयाब सलामी जोड़ी रही है। दोनों मिलकर 1039 रन बना चुके हैं जिसमें 210 रन की आईपीएल के इतिहास की सबसे बड़ी सलामी साझेदारी शामिल है जो केकेआर के खिलाफ बनाई थी।

ऑस्ट्रेलिया ने विटोरी और बोरोवेक को सहायक कोच के रूप में चुना

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के नए क्रिकेट कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने न्यूजीलैंड के दिग्गज डेनियल विटोरी को सहायक कोच के रूप में चुना है। मैकडॉनल्ड ने मंगलवार को पूर्व न्यूजीलैंड कप्तान विटोरी और अत्यधिक सम्मानित ऑस्ट्रेलियाई आंद्रे बोरोवेक के नामों की घोषणा अपने नए सहायक कोच के रूप में की।

विटोरी और बोरोवेक अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के श्रीलंका दौरे से पहले अपने कार्यकाल की शुरूआत करेंगे, जिसमें दोनों ने निवर्तमान सहायक जेफ वॉन और हाल ही में पदोन्नत मैकडॉनल्ड की जगह टीम में शामिल किए गए हैं। ट्रांस-तस्मान पड़ोसी ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड क्रिकेट और रग्बी में कड़े प्रतिद्वंद्वी हैं और विटोरी को टीम में शामिल किए जाने के बाद मैकडॉनल्ड्स के कदम से कई लोगों को आश्चर्य हो सकता है। हालांकि, आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया, पूर्व कीवी स्पिनर विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मैकडॉनल्ड के साथ काम किया है, जबकि इस जोड़ी ने हाल ही में अपने कामकाजी संबंधों को मजबूत किया, जब विटोरी ने पाकिस्तान के ऐतिहासिक दौरे के व्हाइट-बॉल सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलिया के साथ काम किया। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के हवाले से मैकडॉनल्ड ने कहा, मैंने पहले विटोरी के साथ काम किया है और उनके दृष्टिकोण, काम की नैतिकता और उनके द्वारा लाए गए तालमेल के बारे में अधिक बात नहीं कर सकता। वह टीम के लिए बहुत अधिक अच्छा करेंगे।

शुरूआत

- विटोरी और बोरोवेक अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के श्रीलंका दौरे से पहले अपने कार्यकाल की शुरूआत करेंगे

विटोरी ने कहा कि वह अपनी नई भूमिका शुरू करने को लेकर उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, जिस तरह से उन्होंने तैयारी, योजना और खेलने के लिए पाकिस्तान में ऑस्ट्रेलियाई टीम को देखा उससे मैं वास्तव में प्रभावित हुआ। उन्होंने आगे कहा, यह एक बहुत ही मजबूत टीम है, जिसमें आगे बढ़ते रहने की बहुत क्षमता है। बोरोवेक को मैकडॉनल्ड के साथ काम करने का भी अनुभव है, इस जोड़ी ने विक्टोरिया और मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए घरेलू स्तर पर काम किए हैं।

हरमनप्रीत ने की पूजा वस्त्राकर की तारीफ कहा- वह हमारी उम्मीदों पर खरी उतरीं

पुणे, एजेंसी

सुपरनोवा की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने महिला टी 20 चैलेंज के शुरूआती मैच में ट्रेलब्लेजर के खिलाफ मैच जीताऊ प्रदर्शन करने वाली तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर की तारीफ करते हुए कहा कि वह हमारी उम्मीदों पर खरीं उतरीं। बल्लेबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन और पूजा वस्त्राकर के चार विकेट की बदौलत सुपरनोवास ने सोमवार को महिला टी20 चैलेंज के पहले मैच में ट्रेलब्लेजर्स के खिलाफ 49 रन से जीत दर्ज की।

मैच के बाद हरमनप्रीत ने कहा, जिस तरह से हम दूसरी पारी में गेंदबाजी करना चाहते थे, हमने वास्तव में अच्छा किया। हमने जो भी योजना बनाई थी हम उसे निष्पादित करने में सक्षम थे। मुझे लगता है कि हमने 20 रन कम बनाए। जब भी मैं तेज गति से बल्लेबाजी करने की सोच रही थी, दूसरे छोर पर विकेट गिर जा रहे थे, इसलिए मुझे पिच पर रूकना पड़ा और सिंगल व डबल पर आधारित होना पड़ा। उन्होंने कहा, हमें साझेदारी करने की जरूरत है। गेंदबाजी में पूजा ने हमारे लिए बहुत अच्छा काम किया - यही हम उससे उम्मीद कर रहे थे। हमें बस उसी गति के साथ वापस आने की जरूरत है। जब आप मैच जीतते हैं, तो आप खुश और तनावमुक्त होते हैं। मुझे नहीं लगता कि हम बहुत थके हुए हैं। 164 रनों का पीछा करते हुए ट्रेलब्लेजर्स ने 20 ओवरों में 9 विकेट पर 114 रनों का स्कोर खड़ा किया। ट्रेलब्लेजर के लिए स्मृति मंधाना के 34 रन, जेमिमाह रौड्रिगेज ने 24 और हेले मैथ्यूज ने 18 रन बनाए।

ईस्ट बंगाल स्वामित्व के मामले में मैनचेस्टर युनाइटेड और अन्य के साथ बातचीत कर रहा है: सौरव गांगुली

कोलकाता, एजेंसी

मैदान के अंदर और बाहर संघर्ष कर रही ईस्ट बंगाल फुटबॉल क्लब दुनिया की कई दिग्गज क्लबों के साथ स्वामित्व को लेकर बातचीत कर रही है जिसमें इंग्लिश प्रीमियर लीग की बड़ी टीम मैनचेस्टर युनाइटेड भी शामिल है। देश की सबसे पुरानी फुटबॉल क्लबों में से एक को अगर मैनचेस्टर युनाइटेड का साथ मिलता है तो यह भारतीय फुटबॉल में बड़ा बदलाव होगा।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली इस करार को पूरा करने में अहम भूमिका निभा रहे है। उन्होंने मीडिया को बताया कि ह्यरेड डेविल्सह्व की मैनचेस्टर युनाइटेड के अलावा और कुछ अन्य लोगों के साथ बातचीत चल रही है और इससे जुड़ी तस्वीर लगभग दो सप्ताह में स्पष्ट हो जायेगी। ईस्ट बंगाल बांग्लादेश स्थित बसुंधरा समूह के साथ भी बात कर रहा था, लेकिन इससे कोई समझौता नहीं हुआ। गांगुली ने इस मुद्दे पर पहली बार चुप्पी तोड़ते हुए मंगलवार को कहा, हां हमने उनसे और अन्य लोगों से भी बात की है। किसके साथ करार पूरा होगा यह जानने के लिए 10-12 दिनों का और इंतजार करना होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या यूरोपीय फुटबॉल दिग्गज निवेशक के रूप में आ रहे हैं, भारतीय क्रिकेट इस पूर्व सितारे ने कहा, नहीं-नहीं (वे आ रहे हैं) वे क्लब मालिक के तौर पर यहां आयेंगे। गांगुली ने हालांकि इस बारे में विस्तार से कुछ बताने से मना कर दिया। गांगुली ने कहा, इसमें अभी कुछ समय और बातचीत एक स्तर पर पहुंच जाए तब हम टिप्पणी करेंगे। मैं कुछ तय हो जाने के बाद ही बोलूंगा।

मैदान के बाहर के मुद्दों के कारण टीम का प्रदर्शन प्रभावित हुआ है। बेंगलुरु के क्वेस कॉर्प तीन साल के करार के बावजूद दो साल के बाद ही टीम का साथ छोड़ दिया।। 2020-21 सत्र में जब वे निवेशक ढूंढने में असफल रहे तब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने श्री सीमेंट के साथ उनका करार करवाया। ईस्ट बंगाल के लिए हालांकि यह जुड़ाव भी सही नहीं रहा क्योंकि उनकी कार्यकारी समिति ने करार में विसंगतियों का दावा करते हुए अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया।

हमें बल्लेबाजी क्रम पर काम करने की जरूरत : स्मृति मंधाना

पुणे, एजेंसी

सुपरनोवा के खिलाफ सीजन के पहले मैच में हार का सामना करने के बाद, ट्रेलब्लेजर की कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि उनकी टीम को बल्लेबाजी क्रम पर काम करने की जरूरत है। बल्लेबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन और पूजा वस्त्राकर के चार विकेट की बदौलत सुपरनोवास ने सोमवार को महिला टी20 चैलेंज के पहले मैच में ट्रेलब्लेजर्स के खिलाफ 49 रन से जीत दर्ज की। मैच के बाद मंधाना ने कहा, निश्चित रूप से यह वह परिणाम नहीं है जो हम चाहते थे, हमने उन्हें 160 तक सीमित करने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया, लक्ष्य का पीछा करते वक्त हमने बहुत सारे विकेट खो दिए, इस पर हमें काम करने की आवश्यकता है। हम 9वें ओवर तक मैच में थे। लेकिन इसके बाद हम भटक गए। हमें सिंगर और डबल लेने की जरूरत है, यह कुछ ऐसा है जिसे कम करके आंका गया है। उन्होंने कहा, मैंने गेंदबाजों से कहा कि विकेट अच्छा है और आउटफील्ड तेज है, इसलिए संदेश यह था कि अगर वे रन बनाने जाते हैं तो भी उन्हें घबराना नहीं चाहिए। हमें बल्लेबाजी क्रम के बारे में सोचने की जरूरत है। अगले मैच में हम मजबूत वापसी करेंगे। 164 रनों का पीछा करते हुए ट्रेलब्लेजर्स ने 20 ओवरों में 9 विकेट पर 114 रनों का स्कोर खड़ा किया। ट्रेलब्लेजर के लिए स्मृति मंधाना के 34 रन, जेमिमाह रौड्रिगेज ने 24 और हेले मैथ्यूज ने 18 रन बनाए।

संक्षिप्त खबरें

बेल्जियम में मंकीपॉक्स मरीजों के लिए 21 दिन का क्वारंटाइन

ब्रसेल्स। बेल्जियम दुनिया में ऐसा पहला देश बन गया है, जहां मंकीपॉक्स से पीड़ित लोगों को तीन सप्ताह के लिए क्वारंटाइन में रहना अनिवार्य कर दिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि मंकीपॉक्स के लक्षण दिखने वाले लोगों को तुरंत अस्पताल जाना चाहिए। उन्होंने एक परिपत्र भी जारी किया, जिसमें कहा गया कि अगर मरीजों को बीमारी का पता चलता है तो उन्हें 21 दिनों के लिए क्वारंटाइन होना चाहिए ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सकें। बेल्जियम में अभी तक मंकीपॉक्स के चार मामले दर्ज किए हैं, सभी एक त्योहार से संबंधित हैं, जो इस महीने की शुरूआत में एंटवर्प शहर में हुआ था।

कैलिफोर्निया में माता-पिता सोशल मीडिया कंपनियों पर जल्द कर सकेंगे मुकदमा

सैक्रामेंटो (अमेरिका)। कैलिफोर्निया के निवासी सोशल मीडिया कंपनियों को उन बच्चों को नुकसान पहुंचाने के लिए जल्द ही जिम्मेदार ठहरा सकेंगे, जो उनके उत्पादों के आदी हो गए हैं। राज्य की असेम्बली में सोमवार को एक विधेयक पारित किया गया, जिसके तहत सोशल मीडिया लत के जरिए बच्चों को नुकसान पहुंचाने वाली कंपनियों पर मुकदमा करने का प्रावधान है। यह विधेयक अब राज्य की सीनेट में भेजा जाएगा। व्यावसायिक समूहों ने चेतावनी दी है कि यदि यह प्रस्ताव कानून बन जाता है, तो सोशल मीडिया कंपनियां कानूनी जोखिम का सामना करने के बजाय कैलिफोर्निया में बच्चों के लिए संचालन बंद कर देंगी। यह विधेयक केवल उन सोशल मीडिया कंपनियों पर लागू होगा, जिनका सकल राजस्व पिछले साल कम से कम 10 करोड़ डॉलर था। यह विधेयक फेसबुक जैसे सोशल मीडिया दिग्गजों को लक्षित करने वाला प्रतीत होता है। यह नेटफ्लिक्स और हुलु जैसी स्ट्रीमिंग सेवाओं या केवल ईमेल और संदेश भेजने वाली सेवाओं की पेशकश करने वाली कंपनियों पर लागू नहीं होगा। विधेयक पेश करने वाले रिपब्लिकन नेता जॉर्डन कनिंघम ने कहा, बच्चों पर निरंकुश सामाजिक प्रयोग करने का युग अब खत्म हो गया है और हम बच्चों की रक्षा करेंगे।

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में धारा 144

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में कई आतंकवादी हमला होने तथा संभावना को देखते हुए प्रांतीय सरकार ने मंगलवार को पूरे प्रांत में धारा 144 लागू करने का फैसला किया। सिंध सरकार का यह कदम कराची में सिलसिलेवार बम विस्फोटों और सिंध गृह विभाग द्वारा जारी महानगर के दक्षिण जिले में आतंकवादी गतिविधियों के बारे में चेतावनी के मद्देनजर आया है। गृह विभाग द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि सिंध गृह विभाग ने जिला दक्षिण में धारा 144 लागू कर दी और ड्रोन कैमरों तथा मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया, इस डर से कि आतंकवादी ड्रोन के माध्यम से शहर की महत्वपूर्ण इमारतों को निशाना बना सकते हैं। इस अधिसूचना के जारी होने के बाद पूरे सिंध में सभाओं, जुलूसों और बैठकों पर प्रतिबंध लग जाएगा। गौरतलब है कि कराची विश्वविद्यालय के परिसर में 26 अप्रैल को एक बलूची महिला द्वारा किए गए आत्मघाती विस्फोट में तीन चीनी नागरिकों सहित चार लोग मारे गए थे, जबकि चार अन्य घायल हो गए थे। इसके साथ ही कराची के सदर इलाके में 13 मई को हुए एक विस्फोट में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और 13 अन्य घायल हो गए थे।

रूस-यूक्रेन युद्ध वैश्विक मुद्दा, पुतिन संस्कृति को नष्ट करने में जुटा : बाइडेन

टोक्यो, एजेंसी

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मंगलवार को क्वाड नेताओं के शिखर सम्मलेन के उद्घाटन के अवसर पर रुस की जमकर आलोचना करते हुये कहा कि रूस -यूक्रेन युद्ध केवल यूरोपीय मुद्दा नहीं है, बल्कि यह वैश्विक मुद्दा है। रूस स्कूलों और संग्रहालयों पर हमला करके एक संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल यूरोपीय मुद्दे से कहीं अधिक है और यह एक वैश्विक मुद्दा है। उन्होंने कहा कि जब आप टेलीविजन चालू करते हैं और देखते हैं कि रूस अब वहां क्या कर रहा है तो मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि श्री पुतिन एक संस्कृति को नष्ट करने कोशिश कर रहे हैं। वह केवल सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला नहीं कर रहा बल्कि वह स्कूलों, सांस्कृतिक केन्द्रों और ऐतिहासिक संग्रहालयों पर हमला कर रहा है। उन्होंने यूक्रेन पर रुसी आक्रमण को हमारे साझा इतिहास का काला अध्याय बताया।

श्री बाइडेन ने कहा कि हम अपने समय के सबसे काले कालखंड में है, यूक्रेन के खिलाफ रूस के क्रूर और अकारण युद्ध ने मानवीय तबाही मचाई है और निर्दोष नागरिकों को सड़कों पर आने को मजबूर कर दिया गया है। लाखों लोग अपने ही देश में शरणार्थी का जीवन जीने को लाचार हो गये है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि जब तक रूस इस युद्ध को लम्बा खींचता है तब तक हम इसके भागीदार बने रहेंगे और वैश्विक प्रतिक्रिया का नेतृत्व करेंगे।

उन्होंने कोविड-19 के जवाब में क्वाड के महत्व और 5जी आपूर्ति श्रृंखलाओं पर साझेदारी की चर्चा की। उन्होंने क्वाड फेलोशिप कार्यक्रम भी शुरू किया।

हालांकि, उनका अधिकांश भाषण यूक्रेन पर ही केन्द्रित रहा। श्री बिडेन ने कहा कि सम्मेलन में हिस्सा ले रहे नेता दुनिया में इस परिवर्तनकारी काल में इकट्ठा हो रहे हैं - हम एक परिवर्तनकारी काल से गुजर रहे हैं। उन्होंने शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा को धन्यवाद दिया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को व्यक्तिगत रूप से देखकर अच्छा लगा। उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा को सुनिश्चित करने के लिए उनकी निरंतर प्रतिबद्धता के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के नव निर्वाचित प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के साथ मजाक में कहा, यदि आप यहां रहते हुए सो जाते हैं तो ठीक है, यह देखते हुए कि वह अभी-अभी चुने गए हैं। सम्मेलन में राष्ट्रपति के साथ विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, यूएसटीआर राजदूत कैथरीन ताई, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और राजदूत कर्ट कैंपबेल शामिल हुए हैं। इससे पूर्व जापानी प्रधानमंत्री किशिदा ने सम्मेलन में आये मेहमानों का स्वागत किया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के नये प्रधानमंत्री अल्बनीज को उनके चुनाव के तुरंत बाद बैठक में आने के लिए धन्यवाद दिया और बैठक की विधिवत शुरूआत की। श्री किशिदा ने कहा कि एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता बनाने के लिए इन नेताओं का एक साथ आना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा उन्होंने जलवायु परिवर्तन रोकथाम के उपायों, समुद्री मुद्दे और प्रौद्योगिकी सहित कई मुद्दों को उठाया।

इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री अल्बानीज ने कहा कि यह एक सम्मान की बात है कि प्रधानमंत्री के रूप में उनका पहला कार्य क्वाड बैठक में भाग लेना था। उन्होंने कहा कि हम क्वाड के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया जलवायु परिवर्तन पर महत्वाकांक्षी कार्रवाई करेगा जिसमें 2030 तक उत्सर्जन को 43 प्रतिशत तक कम करने का एक नया लक्ष्य शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तब अल्बानीज को उनकी जीत पर बधाई दी और कोविड -19 और अन्य मुद्दों पर भारत में किये गये कामों के बारे में बताया, साथ ही उन्होंने क्वाड के काम की प्रशंसा की। श्री मोदी ने ने कहा कि यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, समृद्धि और स्थिरता सुनिश्चित कर रहा है।

चीन ने आईपीईएफ का किया विरोध

बीजिंग, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत समेत हिंद-प्रशांत क्षेत्र के 12 देशों के साथ नये व्यापार समझौते की शुरूआत की है, जिसका मकसद व्यापारिक, आर्थिक और निवेश अवसरों को बढ़ाना है। हालांकि इस समझौते को क्षेत्र में अपने प्रभुत्व के सामने चुनौती के तौर पर देख रहे चीन ने इसका विरोध करते हुए इसे आर्थिक उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (इकॉनोमिक नाटो) करार दिया है।

बाइडन ने सोमवार को तोक्यो में क्वॉड सम्मेलन की पूर्व संध्या पर हिंद-प्रशांत आर्थिक समृद्धि ढांचा (आईपीईएफ) की शुरूआत की थी। यह एक ऐसी पहल है जिसका मकसद स्वच्छ ऊर्जा, आपूर्ति-श्रृंखला में लचीलेपन और डिजिटल व्यापार जैसे क्षेत्रों में समान विचारधारा वाले देशों के बीच सहयोग को प्रगाढ़ बनाना है।

आईपीईएफ से यह संकेत मिलने की उम्मीद है कि अमेरिका क्षेत्र में व्यापार को लेकर चीन की आक्रामक रणनीति का मुकाबला करने के लिए एक मजबूत आर्थिक नीति बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। अमेरिका के नेतृत्व वाली इस पहल में शामिल होने वाले देशों में ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई दारुस्सलाम, भारत, इंडोनेशिया, जापान, कोरिया गणराज्य, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। अमेरिका के नेतृत्व वाले व्यापार सौदे ने पहले ही बीजिंग में खलबली मचा दी है। समझौते की घोषणा होते ही विदेश मंत्री वांग यी ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) परियोजनाओं और और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अधिक सहयोग की पेशकश की। वांग ने वीडियो लिंक के जरिये एशिया-प्रशांत के लिए आर्थिक व सामाजिक आयोग (ईएससीएपी) को संबोधित करते हुए कहा, एशिया-प्रशांत क्षेत्र वह जगह है जहां चीन रहता है और पैदा हुआ है। उन्होंने कहा, चीन अपने हित के लिए एशिया-प्रशांत पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा और ठोस कार्यों के साथ इसकी स्थायी शांति व सतत विकास में अधिक योगदान देगा। वांग ने आईपीईएफ का नाम लिए बिना कहा कि बीजिंग ह्यट्रांस-पैसिफिक पार्टनरशिपह्न के लिए व्यापक और प्रगतिशील समझौते व क्वाड गठबंधन की नई व्यापार व आर्थिक पहल का मुकाबला करने के उद्देश्य से डिजिटल इकोनॉमी पार्टनरशिप समझौते पर काम करेगा। वहीं सरकार द्वारा संचालित ग्लोबल टाइम्स ने चीनी सामरिक विशेषज्ञों का हवाला देते हुए एक लेख लिखा, जिन्होंने आईपीईएफ को आर्थिक नाटो करार दिया है। साथ ही उन्होंने यह स्वीकार किया कि यह पहल इस क्षेत्र के देशों को कुछ अवसर प्रदान करेगी। समाचार पत्र की खबर में कहा गया है कि चीन क्वॉड गठबंधन को एशियाई नाटो मानते हुए इसकी आलोचना करता है, जिसका उद्देश्य चीन के उभार को रोकना है।

इमरान ने अमेरिकी राजनयिक डोनाल्ड लू को बर्खास्त करने की मांग की

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अमेरिका के मध्य एवं दक्षिण एशिया से जुड़े मामलों के सहायक विदेश सचिव डोनाल्ड लू को उनके अहंकार एवं बुरे व्यवहार के कारण पद से हटाने की मांग की है। मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

इमरान का दावा है कि पाकिस्तान में सत्ता परिवर्तन की कथित अमेरिका समर्थित साजिश में लू केंद्रीय भूमिका में थे, जिसके चलते पिछले महीने अविश्वास प्रस्ताव के जरिये उनकी सरकार को गिरा दिया गया। उन्होंने लू पर अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत रहे असद मजीद को धमकाने का आरोप लगाया। इमरान ने कहा कि लू ने असद से कहा था कि यदि अविश्वास प्रस्ताव के जरिये उन्हें सत्ता से हटाने में कामयाबी नहीं मिली तो पाकिस्तान को इसके परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान ने यह आरोप भी लगाया कि अविश्वास प्रस्ताव पेश किए जाने से पहले धमकी दी गई थी और बाद में सिलसिलेवार घटनाएं शुरू हुईं, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें अपदस्थ कर दिया गया, क्योंकि स्थानीय लोग और विदेशी साजिशकर्ता इस साजिश में शामिल हो गए थे।

द डॉन अखबार की खबर के अनुसार, इमरान ने सोमवार को सीएनएन के कार्यक्रम कनेक्ट द वर्ल्ड में एक विशेष साक्षात्कार के दौरान अपने दावों को दोहराया। उन्होंने लू को बर्खास्त करने की अपील भी की।

कार्यक्रम के मेजबान बेकी एंडरसन ने जब इमरान से पूछा कि क्या उन्होंने इस मुद्दे को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति (जो बाइडन) या विदेश मंत्री (एंटोनी ब्लिंकन) से संपर्क किया है तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

बजाय इसके इमरान ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) की बैठक में एक आपत्ति पत्र जारी करने का फैसला लिया गया था, साथ ही पाकिस्तान और वाशिंगटन में अमेरिका के इस कदम को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया था।

पाकिस्तान में अमेरिका के नए राजदूत डोनाल्ड ब्लोम ने पदभार ग्रहण किया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में अमेरिका के नए राजदूत डोनाल्ड ब्लोम ने कहा कि वह इस्लामाबाद पहुंचकर रोमांचित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच मौजूदा संबंधों को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

सोमवार को नयी जिम्मेदारी संभालने के बाद ब्लोम ने कहा, मैं पाकिस्तान में आकर रोमांचित महसूस कर रहा हूं। मैं इस खूबसूरत देश में अलग-अलग जगहों पर जाने और खुद को इसके लोगों व संस्कृति से रूबरू कराने को लेकर उत्सुक हूं।

उन्होंने कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस साल अमेरिका और पाकिस्तान के बीच संबंधों की स्थापना को 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं तथा मैं दोनों देशों के रिश्तों को मजबूती प्रदान करना जारी रखूंगा।

ब्लोम पाकिस्तान और अमेरिका के निवासियों के बीच संबंधों को मजबूत करने के अलावा पाकिस्तान के लिए एक अधिक स्थिर, सुरक्षित एवं समृद्ध भविष्य सुनिश्चि करने की दिशा में किए जा रहे अमेरिकी प्रयासों का नेतृत्व करेंगे।

राजस्थान में तूफान की तबाही, दो लोगों की मौत

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान में राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर सोमवार देर रात आये तूफान से कोटा में दो लोगों की मौत हो गई तथा कुछ लोग घायल हो गए वहीं जगह जगह बिजली के खंभे एवं पेड़ गिर गए और कच्चे मकानों को नुकसान पहुंचा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात आये धूल भरे तेज तूफान से कोटा के नयापुरा में पेड़ गिर जाने से उसके नीचे दबने से प्रमानंद सैनी की मृत्यु हो गई। इसी तरह रंगपुर क्षेत्र में कच्ची दीवार गिर जाने से गोलू केवट (22) की मौत हो गई जबकि बोर खेड़ा में कच्चे मकान के क्षतिग्रस्त होने से एक महिला घायल हो गई। तूफान इतना तेज बताया जा रहा है कि इससे कई मकानों की छत्तों पर लगे टीन शेड उखड़ गए वहीं कई छप्पर उड़ गए तथा इस दौरान कई छोटे वाहनों को भी नुकसान पहुंचा।

इसके अलावा जयपुर एवं इसके आसपास के क्षेत्रों में दर्जनों पेड़ और बिजली के पोल गिर गए। इस दौरान शहर में बिजली भी गुल रही। तूफान से घरों में धूल भर गई। विद्याधर नगर क्षेत्र में बिजली का खंभा गिर जाने रास्ता भी जाम हो गया। कई स्थानों पर पेड़ गिर गए और कुछ स्थानों पर उनके नीचे खड़े वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

तूफान के कारण जयपुर हवाई अड्डा भी प्रभावित हुआ जहां इस दौरान कुछ हवाई जहाज नहीं उतर पाये। इस कारण उन्हें अहमदाबाद भेजना पड़ा। प्रदेश में इसके अलावा चूरू, सीकर, झुंझुनूं, दौसा, टोंक, बूंदी सहित अन्य कई स्थानों पर तूफान का असर रहा जिससे लोग प्रभावित हुए। इस तूफान के बाद जयपुर सहित कई स्थानों पर वर्षा भी हुई। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में जयपुर में 16 मिलीमीटर बरसात दर्ज की गई। इसी तरह चुरु में भी इस दौरान 16 मिलीमीटर वर्षा हुई। इसके अलावा भीलवाड़ा में 15, कोटा में पांच एवं बीकानेर में एक मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। राज्य के अन्य कुछ स्थानों पर भी हल्की वर्षा एवं बूंदाबांदी के समाचार है। मौसम में आये बदलाव से पिछले चौबीस घंटों में तापमान में आठ-नौ डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आई जिससे जयपुर में अधिकतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस गिरकर 33.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया जो सामान्य से सात डिग्री सेल्सियस कम था। इसी तरह उदयपुर में अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री कमी के साथ 34.5, सीकर में सामान्य से चार डिग्री कमी के साथ 36.5, अलवर में सामान्य से पांच डिग्री कमी के साथ 35.8, चुरु में सामान्य से चार डिग्री कमी के साथ 38.5, गंगानगर में सामान्य से छह डिग्री कमी के साथ 35.9, अजमेर में 35.9, बीकानेर में 39.7, भीलवाड़ा में 37.कोटा में 40, चित्तौड़गढ एवं जोधपुर में 36.8, बीकानेर में 39.7, बाड़मेर में 40.7 एवं जैसलमेर में 43.3 डिग्री सेल्सियस रहा।

इसी तरह न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आई और जयपुर में न्यूनतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री सेल्सियस कमी के साथ 18.9, चुरु में सामान्य से आठ डिग्री सेल्सियस कमी के साथ 18.4, गंगानगर में सामान्य से पांच डिग्री की कमी के साथ 21, अजमेर में सामान्य से नौ डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 19.2 एवं बीकानेर में 23.2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा।

सऊदी अरब में पहली बार सिर्फ महिलाओं ने उड़ाया विमान

दुबई, एजेंसी

सऊदी अरब के इतिहास में पहली बार एक पूर्ण विमान का संचालन महिलाओं द्वारा किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सऊदी अरब में सिर्फ महिलाओं द्वारा संचालित विमान ने पिछले हफ्ते उड़ान भरी थी। इसके साथ ही देश की इकलौती ऐसी फ्लाइट बन गई, जिसमें क्रू की सभी सदस्य महिलाएं थीं। बता दें कि यह एक छोटी घरेलू उड़ान थी जो महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन गई। सऊदी अरब की फ्लाईअडील एयरलाइंस की यह बजट फ्लाइट थी। ए-320 विमान की उड़ान संख्या 117 ने रियाद से उड़ान भरकर जेद्दा तक का हवाई सफर तय किया था। एयरलाइन के प्रवक्ता इमाद इस्कंदरानी ने बताया कि सात सदस्यीय चालक दल में सभी महिलाएं थीं और अधिकांश सऊदी नागरिक थीं। इनमें से यारा जान सऊदी अरब की सबसे युवा महिला पायलट हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ सालों में सऊदी अरब ने महिलाओं को आजादी देना शुरू किया है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2020 के अंत में सरकारी कर्मचारियों में महिलाओं की भागीदारी बढ़कर 33 फीसदी हो गई है। इससे पहले सऊदी अरब के शासक क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने महिलाओं के ड्राइविंग पर दशकों से चले आ रहे प्रतिबंध को हटाने और तथाकथित संरक्षता नियमों को आसान बनाने समेत कई सुधार किए हैं। सऊदी अधिकारी विमानन क्षेत्र का तेजी से विस्तार करने की कोशिश कर रहे हैं जो राज्य को वैश्विक यात्रा केंद्र में बदल देगा। अधिकारियों के अनुसार सऊदी का लक्ष्य साल 2030 के अंत तक वार्षिक यातायात को तिगुना करना है। इस टारगेट को पूरा करने के लिए 2030 तक सऊदी को 100 बिलियन डॉलर का निवेश करना, एक नया मेगा हवाई अड्डा शामिल करना, रियाद में एक नया मेगा हवाई अड्डाह्न बनाना शामिल है।

रोहिंग्या शरणार्थियों से भरी नाव पलटी

म्यांमार। रोहिंग्या शरणार्थियों से भरी मलेशिया जाने वाली नाव (नौका) के समुद्र में पलट जाने से दर्जनभर से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। 50 से ज्यादा लोग लापता हैं। नाव में 90 रोहिंग्या सवार थे। इनमें बच्चे भी शामिल हैं। यह दुर्घटना खराब मौसम की वजह से हुई। म्यांमार स्थित राखिने के सित्वे से 19 मई को रवाना होने के बाद नौके को रास्ते में कई बाधाओं का सामना करना पड़ा। अब तक 14 शव बरामद हो चुके हैं। 50 से अधिक लोग लापता हैं। म्यांमार में अब करीब 600000 रोहिंग्या मुसलमान बचे हुए हैं। इस साल जनवरी से मई के बीच करीब 630 रोहिंग्याओं ने समुद्र के रास्ते दूसरे देशों में शरण ली है। एशिया व प्रशांत क्षेत्र के लिए यूएन शरणार्थी एजेंसी की निदेशक इन्द्रिका रैटवट्टे ने इसे स्तब्ध करने वाला हादसा बताया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के खतरनाक सफर पर जाने वालों को अपनी जान की फिक्र नहीं होती। उन्होंने नौका हादसे में जीवित बचे लोगों के संबंध में तत्काल जानकारी प्रदान करने का अनुरोध किया है।

भारतीय मूल के छात्र पर हमले की घटना पर भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने जताई चिंता

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका की मौजूदा संसद के सभी चारों भारतीय-अमेरिकी सदस्यों ने टेक्सास के एक स्कूल में भारतीय मूल के एक छात्र के साथ की गई दुर्व्यवहार की एक हालिया घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की है। भारतीय अमेरिकी सांसदों अमी बेरा, रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति और प्रमिला जयपाल ने सोमवार को जारी एक संयुक्त बयान में कहा, हम कोपेल इंडिपेंडेंट स्कूल डिस्ट्रिक्ट (सीआईएसडी) के कोपेल मिडल स्कूल नॉर्थ में हुई हालिया घटना पर अपनी गंभीर चिंता को व्यक्त करने के लिए यह पत्र लिख रहे हैं। जैसा कि आप जानते हैं, घटना के व्यापक स्तर पर प्रसारित वीडियो में दिख रहा है कि 14 वर्षीय किशोर के साथ मार-पीट की जा रही है और अंततः कथित रूप से कुश्ती के एक दांव के कारण उसका दम घुटने लगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो सकता था। यह पहली बार है, जब चारों भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने संयुक्त रूप से पत्र लिखा है। उन्होंने लिखा, इस वीडियो ने भारतीय अमेरिकी समुदाय में व्यापक आक्रोश पैदा कर दिया है। भारतीय अमेरिकी सांसद और अपने विविध समुदायों के प्रतिनिधि होने के नाते हमें, एक भारतीय अमेरिकी युवा को इस तरह निशाना बनाए जाने की आशंका बहुत परेशान कर रही है। यह पत्र टेक्सास ब्राड हंट में सीआईएसडी के अधीक्षक और स्कूल के प्रधानाचार्य ग्रेग अक्सेलसन को संबोधित करके लिखा गया है।खन्ना ने ट्वीट किया, कोपेल मिडल स्कूल नॉर्थ में एक भारतीय अमेरिकी युवा छात्र को निशाना बनाए जाने की हालिया घटना अस्वीकार्य है और इसने पूरे देश को झकझोर दिया है। इंटरनेट पर प्रसारित एक वीडियो में दिख रहा है कि एक कुर्सी पर बैठे भारतीय-अमेरिकी छात्र की गर्दन को एक श्वेत छात्र ने काफी देर तक दबाए रखा।

हिरासत केरल में हिंदू और ईसाई समुदायों के लोगों के खिलाफ एक बच्चे से नफरत के नारे लगाते हुए वायरल वीडियो

बच्चे से नफरत के नारे लगवाने के बाद हिरासत में लिया गया पीएफआई कार्यकर्ता

अलपुझा, एजेंसी

देश में सक्रिय चरमपंथी इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के एक कार्यकर्ता को केरल में हिंदू और ईसाई समुदायों के लोगों के खिलाफ एक बच्चे से नफरत के नारे लगाते हुए वायरल वीडियो के संबंध में हिरासत में लिया गया है। वह शनिवार को केरल के अलपुझा जिले में पीएफआई द्वारा आयोजित एक विशाल रैली में बच्चे को लेकर आया था तथा बच्चे से नारे लगवाए गए। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद यह मामला विवादों में आ गया। वीडियो में हिंदुओं और ईसाइयों के खिलाफ विवादित नारे लगाए गए थे। कट्टरपंथी इस्लामी समूह ने अपने गणतंत्र बचाओ अभियान के तहत विशाल रैली का आयोजन किया था। पीएफआई की रैली से कुछ घंटे पहले राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकताओं ने शौर्य रैली निकाली और कहा कि देश को देशद्रोही और आतंकवादियों के हवाले नहीं किया जा सकता। पुलिस ने नाबालिग लड़के को अन्य धार्मिक समूहों के खिलाफ भड़काऊ नारे लगाने के लिए प्रेरित करने के लिए अलपुझा के जिला अध्यक्ष नवास वंदनम और जिला सचिव मुजीब और रैली के दौरान बच्चे को पकड़ने वाले एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया। घटना के बाद, केरल बाल अधिकार आयोग ने एक मामला दर्ज किया और सात दिनों के भीतर अलपुझा जिला पुलिस प्रमुख से कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी। इस बीच, पीएफआई नेता और रैली के आयोजन संयोजक याहिया थंगल ने कहा कि वह भारत को लोकतंत्र के लिए कब्रगाह में बदलने के आरएसएस के एजेंडे का विरोध करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, आरएसएस के खिलाफ हमारा अभियान जारी रहेगा और इस तरह की एक और रैली कोझिकोड में छह अगस्त को होगी। उन्होंने कहा, हम आरएसएस के एजेंडे को स्वीकार नहीं करेंगे कि मुसलमानों को संघ परिवार की दया पर रहना चाहिए। पीएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओएमए सलाम ने कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद मुद्दे में मुसलमानों को न्याय से वंचित किया गया जो कि आरएसएस के एजेंडे का भी हिस्सा है और बाबरी मस्जिद मुद्दे पर समाप्त नहीं हो रहा है।

पुणे-बैंगलोर राजमार्ग दुर्घटना में आठ की मौत

हुबली। कर्नाटक के धारवाड़ जिले के हुबली शहर से कुछ दूर पुणे-बैंगलोर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना में महाराष्ट्र के कोल्हापुर से ताल्लुक रखने वाले आठ यात्रियों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि तरिहाल और गब्बूर के बीच बाईपास सेक्शन में एक निजी बस और एक ट्रक के बीच आमने-सामने टक्कर होने से छह की मौके पर और दो की अस्पताल में मौत हो गई, जबकि 26 अन्य घायल हो गए। हुबली-धारवाड़ निगम विभाग के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) गोपाल बयाकोड के अनुसार, कोल्हापुर से बैंगलोर जा रही बस और गब्बूर से महाराष्ट्र की तरफ रवाना हुए ट्रक के बीच टक्कर होने से दोनों वाहन चालकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक यह हादसा उस वक्त हुआ जब बस ड्राइवर ट्रैक्टर को ओवरटेक करने की कोशिश में था। इस दौरान, उसने सामने से आ रहे ट्रक को टक्कर मार दी जिससे बस ट्रैक्टर से जा टकराई।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555